
देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



श्रीनगर की डल झील अब नीरस नहीं रही... 12

योगी सरकार की मदद से संवर रही ओडीओपी... 03




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 341

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 27 सितंबर, 2024


# पाक सीमा पर भी योगी-योगी की गूंज

**योगी आदित्यनाथ ने पहले दिन रामगढ़ से उम्मीदवार देविंद्र कुमार मणियाल, विजयपुर से चंद्रप्रकाश गंगा, सांबा से सुरजीत सिंह, आरएस पुरा से डॉ. नरिंदर सिंह रैना, सुचेतगढ़ से प्रो. घारूराम भगत, बिश्नाह से भाजपा उम्मीदवार राजीव भगत के पक्ष में की जनसभा**

- योगी की दो टूक- बलूचिस्तान कह रहा कि पाकिस्तान से नहीं मिलती हमारी कमेस्ट्री
- कांग्रेस, पीडीपी व नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद का वेयर हाउस बना चुके थे: सीएम योगी
- कसा तंज- साल में आठ महीने यूरोप व इंग्लैंड में रहते थे कांग्रेस, नेकां व पीडीपी के नेता
- बोले, आतंकवाद अंतिम सांस गिन रहा और पत्थरबाज गायब हो गए
- भाजपा कश्मीरी पंडितों और कांग्रेस, नेकां व पीडीपी दहशतगर्दों के साथ खड़ी: मुख्यमंत्री

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार से जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव प्रचार में उतरे। योगी आदित्यनाथ ने रामगढ़ से उम्मीदवार देविंद्र कुमार मणियाल, विजयपुर से चंद्रप्रकाश गंगा, सांबा से सुरजीत सिंह, व आरएस पुरा से डॉ. नरिंदर सिंह रैना, सुचेतगढ़ से प्रो. घारूराम भगत, बिश्नाह से भाजपा उम्मीदवार राजीव भगत को जिताने की अपील की। आरएस पुरा की रैली में सीएम योगी के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना भी रहे। योगी आदित्यनाथ ने मौसम खराब होने के कारण मोबाइल से संदेश देकर छंब से भाजपा प्रत्याशी राजीव शर्मा के लिए कमल खिलाने की अपील की। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भी विकास व सुरक्षा के लिए भाजपा आवश्यक है। भाजपा की वापसी पर पीओके भारत का हिस्सा बनने वाला है।

### मानवता का कैंसर है पाकिस्तान

सीएम योगी ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में कहा कि यहां भाजपा की वापसी पर पीओके भारत का हिस्सा बनने वाला है। पाकिस्तान को लोकतंत्र बचाने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर अलग होने की आवाज उठा रहा है। लोग कह रहे कि जम्मू-कश्मीर के चुनाव के साथ यदि मुर्शिदाबाद में भी चुनाव होता तो अच्छा संदेश जाता। बलूचिस्तान कह रहा है कि पाकिस्तान से हमारी कमेस्ट्री मिलती ही नहीं है, क्योंकि यह मानवता का कैंसर है और दुनिया को इससे मुक्ति मिलनी चाहिए।



### कांग्रेस, पीडीपी व नेकां ने जम्मू-कश्मीर को मजहबी उन्माद में बदलने का पाप किया

सीएम योगी ने महाराजा हरि सिंह, प्रेमनाथ डोरा, ब्रिगेडियर राजेंद्र सिंह का नाम लेते हुए कहा कि इन नायकों ने जम्मू-कश्मीर को धरती का स्वर्ग बनाया था, लेकिन कांग्रेस, पीडीपी व नेकां ने इसे मजहबी उन्माद में बदलने का पाप किया। यह चुनाव उन्हें सबक सिखाने का चुनाव है। पीएम मोदी ने करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण कराया। कांग्रेस ने पं. जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में मनवाया, लेकिन पीएम मोदी ने गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने का फैसला किया। यूपी में भी इस दिन यह आयोजन होता है।

### यह टेररिज्म स्टेट नहीं, बल्कि टूरिज्म स्टेट का डेस्टिनेशन बन गया है

सीएम योगी ने कहा कि आपने नए भारत के नए जम्मू-कश्मीर को देखा है। यह टेररिज्म स्टेट नहीं, बल्कि टूरिज्म का बेहतरीन डेस्टिनेशन बन गया है। कांग्रेस, पीडीपी, नेकां शासन में यहां तिरंगा फहराने के लिए गुहार लगानी पड़ती थी, लेकिन अब यहां जी-20 का समिट होता है। पहले धमकी आती थी कि अमरनाथ यात्रा नहीं होने देंगे। यह सुनकर इन पार्टियों के लोग सहम जाते थे, लेकिन अब पूरा देश-दुनिया बाबा बर्फानी व मां वैष्णो के दर्शन करने आता है।

### कांग्रेस, नेकां व पीडीपी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस, नेकां व पीडीपी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। राजनीति में ऐसी कंपनियों को बंद होना चाहिए। इन लोगों ने दलितों, बकरवालों, पहाड़ियों को आरक्षण नहीं देने दिया। यहां से जुड़ी जातियों को मुख्यधारा से जोड़ने का सार्थक प्रयास नहीं किया। 1947 में जिनकी संपत्ति छीन ली गई, पाकिस्तान से जो लोग भारत आए, उन्हें भी नागरिकता भी नहीं दी। जब मोदी-शाह ने सिटीजनशिप एमेनमेंट एक्ट बनाकर प्रभावी ढंग से लागू किया तो यह सभी दल उसका विरोध कर रहे थे। 1990 के दशक में कांग्रेस, पीडीपी व नेकां के पाप की पराकाष्ठा को भी देखा है, जब कश्मीरी पंडितों के साथ बर्बर अत्याचार हुए थे। उनके प्रति सहानुभूति व्यक्त करने की बजाय यह दल दहशतगर्दों के साथ खड़े हुए थे। केवल भाजपा ही पीड़ित कश्मीरी पंडितों के साथ खड़ी हुई थी।

### देश की आकांक्षाओं के प्रतीक बन गई है भाजपा व पीएम मोदी

सीएम योगी ने कहा कि पं. नेहरू ने आर्टिकल-370 का दंश दिया था। उन्होंने पूछा कि कश्मीर पंडितों का पलायन कांग्रेस व नेहरू की वजह से हुआ। सीएम योगी ने कहा कि अब चिनाब ब्रिज, जोजिला व श्यामा प्रसाद मुखर्जी टनल, दिल्ली-कटरा के बीच वंदे भारत ट्रेन पहचान बन रही है। भाजपा व मोदी देश-जम्मू-कश्मीर की आकांक्षाओं के प्रतीक हैं।

### सीएम योगी ने राहुल गांधी से पूछे सवाल

सीएम योगी ने राहुल गांधी से पूछा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर के लिए अलग झंडे की बात कही है, क्या वह उसका समर्थन करते हैं। 370, 35 ए को वापस लाकर नेकां के जम्मू-कश्मीर को अशांति-आतंकवाद के युग में ढकेलने की मांग का समर्थन करते हैं। क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं की कीमत पर पाकिस्तान से वार्ता करके अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है। क्या कांग्रेस पाकिस्तान के साथ एलओसी ट्रेड शुरू करने के नेकां के निर्णय से बार्डर पार से आतंकवाद के पोषण का समर्थन करती है। क्या कांग्रेस पत्थरबाज व अलगाववाद में शामिल लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी में शामिल कर आतंकवाद, दहशतगर्दी व बंद के दौर को लाने का समर्थन करती है। कांग्रेस नेकां के साथ आरक्षण विरोधी चेहरे को सामने लाने का प्रयास कर रही है। पीएम मोदी ने दलितों, गुज्जरों, बकरवालों, पहाड़ियों को आरक्षण की सुविधा दी है, क्या नेकां द्वारा इसे समाप्त करने की घोषणा का कांग्रेस समर्थन करती है। क्या कांग्रेस चाहती है कि शंकराचार्य पर्वत, तख्त ए-सुलेमान व हरि पर्वत कोह-ए-मारन के नाम से जाने जाएं। क्या कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को फिर से भ्रष्टाचार में झोंककर पाकिस्तान समर्थित गिने-चुने हाथों को सौंपने का समर्थन करती है। कांग्रेस नेकां के जम्मू और घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करती है। क्या कांग्रेस-राहुल गांधी कश्मीर को ऑटोनॉमी देने की नेकां की विभाजनकारी नीतियों का समर्थन करती है।

### यूपी में माफिया जहन्नुम में जा चुके हैं

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने देश में लंबे समय तक शासन किया, लेकिन अयोध्या की समस्या का समाधान नहीं होने दिया। भारतवासियों ने जब पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र व यूपी में भाजपा सरकार बनाई तो अयोध्या में राममंदिर का निर्माण हो गया है। वहां मंदिर भी बन गया, लेकिन एक मच्छर भी नहीं मरा। माफिया वहां जहन्नुम में जा चुके हैं, लेकिन सामान्य नागरिक का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। कांग्रेस, पीडीपी, नेकां का नाम समस्या और भाजपा का समाधान है। कांग्रेस बहाना बनाकर जनता को बेवकूफ बनाती रही है। कांग्रेस ने आतंकवाद, उग्रवाद, नक्सलवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, जातिवाद समेत विभाजन के बीज को बोया है। हिंदुओं को कमजोर करने का पाप किया है। कांग्रेस की सरकार जब केंद्र व सहयोगी दलों की सरकारें जम्मू-कश्मीर में थीं तब पत्थरबाजी की घटनाएं होती थीं। इन लोगों ने टैबलेट वाले हाथों में तमंचा दे दिया था। नेकां, पीडीपी कांग्रेस पहले यहां के पैसे को लूटकर साल में आठ महीने महीने यूरोप, इंग्लैंड घूमते थे। भाजपा सबका साथ-सबका विकास की बात करती है, लेकिन तुष्टिकरण किसी का नहीं होने देगी। भाजपा सुरक्षा, सुशासन व विकास की गारंटी है। जहां भाजपा की सरकार है, वहां विकास का नया मॉडल देखने को मिल रहा है। यूपी भी नए भारत में विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित हुआ है।

### भारत 80 करोड़ लोगों को राशन दे रहा और भीखमंगे पाकिस्तान में रोटी के लाले पड़ रहे

सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन, 60 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, जीवन ज्योति, जीवन बीमा सुरक्षा योजना का लाभ, 12 करोड़ लोगों को किसान सम्मान निधि, 10 करोड़ गरीबों के घर में शौचालय, 10 करोड़ गरीबों को उज्ज्वला योजना का सिलेंडर मिल गया। जम्मू-कश्मीर में पौने तीन लाख गरीबों को पीएम आवास योजना का लाभ मिला तो दूसरी तरफ भीखमंगे पाकिस्तान में रोटी के लाले पड़ रहे हैं।

### नरेंद्र मोदी के पीएम व अमित शाह के गृह मंत्री बनने के बाद आतंकवाद अंतिम सांस गिन रहा

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने धारा-370 हटाकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार किया। आतंकवाद की नर्सरी समाप्त हो गई। कांग्रेस, पीडीपी व नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद का वेयर हाउस बना चुके थे, लेकिन नरेंद्र मोदी के पीएम व अमित शाह के गृह मंत्री बनने के बाद आतंकवाद अंतिम सांस गिन रहा और पत्थरबाज गायब हो गए हैं।

# तीन परिवारों ने 70 वर्षों तक जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को कुचला: शाह

- शाह बोले, अब्दुल्ला और नेहरू 40 हजार हत्याओं के जिम्मेदार
- जब कश्मीर में आतंकवाद हावी था, फारूक लंदन में महंगी मोटरसाइकिल चला रहे थे: शाह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू**



जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के आखिरी चरण में प्रचार के लिए आये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा ये लोग किस मुंह से कह रहे हैं कि हम जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र लाएंगे? अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार और नेहरू-गांधी परिवार ने 70 वर्षों तक यहां लोकतंत्र को कुचला। चनैनी में आयोजित जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अफजल गुरु की फांसी की सजा के विरोध को लेकर उमर अब्दुल्ला पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि हमारी देश की संसद पर जिस अफजल गुरु ने हमला करवाया, उसकी फांसी का यह लोग विरोध कर रहे हैं। उमर अब्दुल्ला कहते हैं कि अफजल गुरु को फांसी नहीं देनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि अब्दुल्ला साहब आप आतंकवादियों को बिरयानी खिलाते रहिए लेकिन आतंक फैलाने का जवाब फांसी के तख्ते पर ही दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर 40 साल तक आतंकवाद की दहशत में रहा, 40,000 लोग मारे गए, 3,000 दिन कर्फ्यू रहा। हर दिन पाक प्रेरित आतंकवादी बम और गोलियां चलाते थे। हमारी सरकार ने धारा-370 को खत्म कर दिया। अब न पत्थरबाजी होती है, न ही गोलियां चलती हैं। कांग्रेस, एनसी जम्मू-कश्मीर में फिर आतंकवाद लाना चाहते हैं। आतंकवाद को हम पाताल तक दफन करके ही हम दम लेंगे। उमर अब्दुल्ला और राहुल कह रहे थे कि हम जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र लाएंगे। किस मुंह से कह रहे हैं आप? अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार और नेहरू-गांधी परिवार ने 70 साल तक जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को बांध कर रखा।

# यूपीआईटीएस 2024: दक्षिण एशियाई व आसियान बाजारों में प्रवेश का मार्ग सुनिश्चित करेगी यूपी-वियतनाम की साझेदारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

- ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसके संस्करण में गुरुवार को नॉलेज सेशंस का हुआ आगाज
- यूपीआईटीएस 2024 के दूसरे दिन 18 हजार से अधिक खरीदारों तथा 40 हजार से अधिक आगंतुकों ने हिस्सा लिया

उत्तर प्रदेश को उत्तम व उद्यम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने प्रदेश की वैश्विक पहचान को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर रख दिया है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित हो रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण के अंतर्गत दूसरे दिन विभिन्न प्रकार के नॉलेज सेशंस का आयोजन किया गया। गुरुवार को भारत वियतनाम व्यापार मंच के सत्र, ई कॉमर्स सत्र तथा एकेटीयू की ओर से इनोवेशन व स्टार्टअप को लेकर सेशन का आयोजन किया गया। इन सेशंस में दक्षिण एशियाई व आसियान बाजारों में उत्तर प्रदेश के उत्पादों के प्रवेश का मार्ग सुनिश्चित करने के लिए यूपी-वियतनाम की साझेदारी को लेकर प्रतिबद्धता जताई गई। वहीं, ई कॉमर्स तथा इनोवेशन व स्टार्टअप से सेशन में देश दुनिया में बदलते डिजिटल इको सिस्टम में उत्तर प्रदेश की भागीदारी को लेकर अंतर्दृष्टि साझा की गई। इस दौरान सीएम योगी के विजन में बनीं सेक्टोरल पॉलिसीज पर भी फोकस किया गया।




### दूसरे दिन 40 हजार से अधिक आगंतुक पहुंचे वेन्यू

इस पांच दिनी कार्यक्रम का आगाज बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़, सीएम योगी तथा केंद्रिय एमएमएमई मंत्री जीतन राम मांझी की उपस्थिति में हुआ तथा उद्योग जगत के इस वैश्विक आयोजन का समापन 29 सितंबर को होगा। ऐसे में, कार्यक्रम के दूसरे दिन 18 हजार से अधिक खरीदारों तथा 40 हजार से अधिक आगंतुकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान, विभिन्न सेशंस व कार्यक्रमों में योगी सरकार की ओर से केबिनेट मंत्री (एमएसएमई) राकेश सचान, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा और मेरठ की आयुक्त शिलवी कुमारी समेत विभिन्न अधिकारीगण, वैश्विक दिग्गज कंपनियों के प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित रहे।

### रणनीतिक साझेदारी पर योगी सरकार का फोकस


गुरुवार को यूपीआईटीएस 2024 के अंतर्गत आयोजित सेक्टोरल सेशंस में पहला सेशन भारत व वियतनाम की रणनीतिक साझेदारी और उसमें उत्तर प्रदेश की सहभागिता को लेकर केंद्रित था। इस सेशन का आयोजन वियतनाम द्वारा पार्टनर कंट्री के रूप में किया गया था जिसमें वियतनाम के राजदूत गुयेन थान है समेत वियतनामी डेलिगेशन ने हिस्सा लिया। इस सेशन में योगी सरकार की ओर से केबिनेट मंत्री (एमएसएमई) राकेश सचान, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा, एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार समेत विभिन्न पदाधिकारी शामिल थे।

**रिपोर्ट** यह आईडी 12 नंबर की होगी, 12 अंको का अपार यानी ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री आईडी आधार से लिंक होगी

# प्रदेश के सभी स्कूलों के बच्चों की अब अपार यूनिक आईडी बनेगी

- यह राज्य के प्राइमरी-अपर प्राइमरी स्कूलों के स्टूडेंट्स के वर्तमान पीईएन (पेन) की जगह लेगा
- इसके होने से सभी स्कूलों के स्टूडेंट्स की शैक्षिक प्रगति और उपलब्धि ट्रैक की जा सकेगी
- इसके बनने से ड्रॉप आउट छात्रों की संख्या को कम करने में सहायता मिलेगी

**जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा**




**लखनऊ।** यूपी में स्कूली शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए योगी सरकार ने खास पहल की है। प्रदेश के सभी प्राइमरी-अपर प्राइमरी स्कूलों के बच्चों की अब अपार यूनिक आईडी बनेगी। यह आईडी 12 नंबर की होगी। 12 अंको का अपार यानी ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री आईडी आधार से लिंक होगी। ये राज्य के प्राइमरी-अपर प्राइमरी स्कूलों के स्टूडेंट्स के वर्तमान पीईएन (पेन) की जगह लेगा। जानकारी के अनुसार इसके होने से सभी स्कूलों के स्टूडेंट्स की शैक्षिक प्रगति और उपलब्धि ट्रैक की जा सकेगी। इसके बनने से ड्रॉप आउट छात्रों की संख्या को कम करने में सहायता मिलेगी।

### स्टूडेंट्स के लिए एक डिजिटल आईडी कार्ड है

अपार आईडी कार्ड को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा पेश किया गया है। यह कार्ड भारतभर के निजी और सरकारी स्कूलों या कॉलेजों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिए एक डिजिटल आईडी कार्ड है। अपार आईडी कार्ड एक आजीवन रहने वाला आईडी नंबर है, जो स्टूडेंट्स की एकेडमिक जर्नी और उनकी उपलब्धियों को ट्रैक करता है। इसके साथ ही, एक स्कूल से दूसरे स्कूल में ट्रांसफर की प्रक्रिया को आसान बनाता है। ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री आईडी (अपार आईडी) योजना का पूरे देश में लागू किए जाने की पहल शुरू कर दी गई है।

### योजना तीन चरणों में लागू होगी

यह योजना तीन चरणों में लागू होगी। पहले चरण में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों को यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी। दूसरे चरण में कक्षा 6वीं से लेकर 8वीं तथा अगले चरण में पहली से लेकर पांचवीं तक विद्यार्थियों की यूनिक आईडी बनाई जाएगी।

### आधार कार्ड होना जरूरी

स्कूल और कॉलेज पैरैंट्स की सहमति के बाद ही स्टूडेंट के अपार आईडी कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू करेंगे। अपार आईडी कार्ड के लिए स्टूडेंट्स को पहले अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा। सबसे पहले इसके लिए आपका आधार कार्ड होना चाहिए। साथ ही उन्हें डिजिलॉकर पर एक अकाउंट भी बनाना होगा, जिसका उपयोग ई-केवाईसी के लिए किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक स्कूल और कॉलेज बच्चों को एक फॉर्मेट फॉर्म देंगे, जिसे पैरैंट्स को भरकर जमा करना होगा। अभिभावकों की सहमति के बाद ही स्कूल अपार आईडी कार्ड बनाएंगे।

### इसके होने से छात्रों को कहीं पर भी एडमिशन लेने में परेशानी नहीं होगी

इस आईडी के जरिए विद्यार्थी देश के किसी भी हिस्से से आसानी से ट्रैक किए जा सकेंगे, क्योंकि यह एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी के रूप में कार्य करेगी। इसके होने से छात्रों को कहीं पर भी एडमिशन लेने में परेशानी नहीं होगी। यह अपार आईडी डीजी लॉकर से भी जुड़ेगी। छात्र अपने सभी शैक्षणिक रिकॉर्ड को एक जगह पर रख सकेंगे। यह आईडी भविष्य में उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए क्रेडिट स्कोर के रूप में उपयोगी होगी।

### अपार आईडी कार्ड के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया

सबसे पहले स्टूडेंट्स को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी बैंक) की वेबसाइट पर जाएं। यहां My Account पर क्लिक करें और 'Student' के विकल्प को चुनें। फिर इसके बाद आपका डिजिलॉकर में अकाउंट है, तो ठीक है, नहीं तो 'साइन अप' पर क्लिक करें और मोबाइल, पता और आधार कार्ड पर जानकरी दर्ज करें. credentials का यूज करके डिजिलॉकर अकाउंट (DigiLocker account) में Log in करें. इसके बाद डिजीलॉकर केवाईसी (kyc) वेरिफिकेशन के लिए ABC के साथ आधार कार्ड डिटेल शेयर करने के लिए आपसे परमीशन मांगेगा. फिर 'I agree' को सलेक्ट करें। अपनी शैक्षणिक विवरण दर्ज करें, जैसे स्कूल या यूनिवर्सिटी का नाम, कक्षा, पाठ्यक्रम का नाम आदि। इतना करने के बाद फॉर्म जमा करें। ऐसा करने के बाद आपका अपार आईडी कार्ड तैयार हो जाएगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकट पुलिस द्वारा 34 क्वार्टर देशी शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक इमरान खान तथा आरक्षी लवकुश यादव द्वारा बुदुलिया निवासी कनकोटा को 27 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने बताया कि उप निरीक्षक यूटी शिवम कन्नौजिया तथा आरक्षी महेन्द्र कुमार द्वारा कल्लू को 17 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरूद्व सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

### बीएससी प्रथम की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस/उरई। डकोर कोतवाली के ग्राम गोरन में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोरन निवासी विक्रम सिंह की 18 वर्षीय पुत्री रूबी ने अज्ञात कारणों के चलते बुधवार की रात दुपट्टे का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली।परिजन जब उसके कमरे में पहुंचे परिजनों ने फांसी के फंदे पर लटक रहे पुत्री के शव को देखा तो उनमें कोहराम मच गया। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फांसी के फंदे पर लटक रहे युवती के शव को कब्जे में लिया और पूंछतांछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि वह बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा थी, और उसका एक छोटा भाई अनुज है। लेकिन परिजन उसकी आत्महत्या की वजह नहीं बता पा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले की हर पहलू पर जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं उसकी मौत से मां रजनी देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोरोकर बुरा हाल है।

### शराबी युवक ने बाइक को किया आग के हवाले

जन एक्सप्रेस/उरई। कदौरा थाना क्षेत्र में ग्राम कठपुरवा मोड़ पर किसी बात को लेकर दो दोस्तों में मामूली कहासुनी हो गई। जिसमें एक दोस्त ने गुस्से में आकर बाइक में आग लगा दी।जिससे वह जल गई। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मटरा निवासी मैहेर पुत्र शालिग्राम, सर्वेश पुत्र गोरेलाल दोनों दोस्त सुबह श्रीनगर जिला महोबा किसी भगत के पास गए हुए थे। बताया गया है कि वहां से वापस लौटते समय जैसे ही दोनों दोस्त बबीना के पास कठपुरवा मोड़ पहुचे। तभी दोनों में किसी बात को लेकर बहस होने लगी। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि सर्वेश ने माचिस जलाकर बाइक में आग लगा दी। आग लगने से बाइक धू-धूकर जलने लगी और घटना देखकर वहां अफरातफरी मच गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बाइक में लगी आग पर काबू पाया। वहीं आग लगाने के बाद युवक मौके से दोस्त फरार हो गया। मामले मे थाना प्रभारी प्रभात सिंह का कहना है कि मटरा निवासी दोनों दोस्त कही से लौट रहे थे, आपस में दोनों में झगड़ा हुआ है। अभी तक किसी प्रकार की कोई तहरीर नही मिली है, फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# जिला जज, डीएम और एसपी ने जेल का किया संयुक्त त्रैमासिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

जिला कारागार का संयुक्त त्रैमासिक निरीक्षण गुरूवार को जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीलू मेनवाल व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेंद्र प्रसाद भारती ने किया गया।



निरीक्षण के क्रम में जनपद न्यायाधीश ने महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों की विधिक समस्याओं को सुना। साथ ही जमानत, कानूनी सहायता सम्बन्धी आवश्यकताओं के लिए जेल अधीक्षक को उन बंदियों के प्रार्थना पत्र लेकर जिला विधिक सहायता प्राधिकरण के सहयोग से निवारण, महिलाओं व उनके साथ रह रहे बच्चों के खान-पान, कौशल प्रशिक्षण तथा परिसर की साफ सफाई बनाए रखने के लिए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। उन्होंने जेल में कौशल प्रशिक्षण व शिक्षा को प्रोत्साहन दिए जाने के निर्देश दिए। पाकशाला में भोजन का निरीक्षण किया। जिला जज ने कारागार की साफ सफाई प्रबंधन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही जेल अधीक्षक को सीसीटीवी के निरंतर संचालन तलाशी एवं सतर्कता के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद न्यायाधीश ने कारागार के भीतर भजन कीर्तन कर रहे बंदियों को प्रोत्साहित किया तथा अध्यात्म के द्वारा विचार व कर्म में परिवर्तन लाकर समाज की मुख्य धारा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। जिला जज ने कारागार अस्पताल में बंदियों का हाल चाल जाना। साथ ही बीमार बंदियों के समुचित उपचार व मानसिक रूप से बीमार बंदियों के विशेष देखभाल के लिए चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षणकर्ता अधिकारियों ने जेल में शिव नादर फाऊंडेशन के सहयोग से चल रहे साक्षरता कार्यक्रम की सराहना की। साथ ही जिला जज व अन्य अधिकारियों द्वारा शिक्षा प्राप्त कर रहे 30 बंदियों को शिक्षण किट्स का वितरण भी किया। किट में कॉपी, पेन, पेंसिल के साथ पाठ्य पुस्तकें भी रखी गईं।

इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, प्रभारी जेलर रजनीश सिंह, जेल चिकित्साधिकारी विकास सिंह, डिप्टी जेलर चितरंजन श्रीवास्तव, ब्रिज किशोरी आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम द्वारा गुरूवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह चित्रकूट का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें बालक अपचारियों की सफाई व्यवस्था ठीक पाई गइ्र। इस मौके पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती व संस्था प्रभारी वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## दुधमुही बच्ची के साथ हैवानियत दिखाने वाले दरिंदे को उम्र कैद

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

दुधमुही बच्ची के साथ हवस का गंदा खेल खेलने वाले दरिन्दे को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बहिलपुरवा थाने में एक महिला ने 23 जुलाई 2020 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गयी तहरीर में महिला ने बताया था कि वह अपने पति एवं ससुर के साथ 23 जुलाई 2020 को खेत में धान लगा रही थी। उसके ससुर खेत में बैलों को लेकर हल चला रहे थे और उसकी सास घर में धान के बेड उखाड रही थी। इस दौरान लाइट चली जाने पर ससुर ने उसे घर जाने के लिए कहा। जब वह घर आई और सास अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी के बारे में पूंछा तो उन्होंने बताया कि बिटिया यहीं खेल रही थी। बिटिया को सेमरदहा गांव के टेकारी का निवासी भगवानदीन समोसा खिलाने के लिए साथ ले गया है। इसके बाद वह भगवानदीन के घर गई तो दरवाजा अन्दर से बंद था।

## विद्यार्थी परिषद ने चलाया सदस्यता अभियान



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

अखिल भारतीय विद्यार्थी चित्रकूट कानपुर प्रांत द्वारा पहाडी नगर के विद्यालयों में सदस्यता अभियान चलाया गया। विद्यालयों में जाकर संपर्क किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सदस्यता दिलाई गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष की भांति सदस्यता अभियान पूरे कानपुर प्रांत में चला रहा है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के सभी इण्टर कॉलिज, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान चल रहा है। जिसके माध्यम से विद्यालय, महाविद्यालय विश्वविद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं विद्यार्थी परिषद के सदस्य बन रहे हैं। एबीवीपी चित्रकूट कानपुर प्रांत द्वारा इस वर्ष जिले के प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिसके माध्यम से हजारों छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को विद्यार्थी परिषद के सदस्य बनाया जाएगा। पहाडी नगर के शांति देवी इण्टर कॉलिज, पालेश्वर नाथ इण्टर कॉलिज में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें हजारों छात्राओं और शिक्षकों ने सदस्यता ग्रहण की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव से छात्र हित में कार्य करता चला आ रहा है। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री राम जी, प्रवासी कार्यकर्ता शिवम, जिला संयोजक तेज प्रकाश, जिला सहसंयोजक कमल रंजन, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सत्या पांडेय आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस | उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरों पर जिलाधिकारी के सख्त तेवर कहा कि अभियान चलाकर सरसों का तेल, मसाले, दूध, पनीर, घी, मिठाई, बेसन आदि खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाएं और जांच कराई जाए, जांच में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आम जनमानस को सुरक्षित एवं मानक के अनुरूप खाद्य पदार्थो तथा गुणवत्तापरक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रतिष्ठानों पर निरन्तर कार्यवाही करते हुए खाद्य पदार्थों विशेषकर बेसन, चावल, सरसों का तेल, खोवा, घी, एवं सब्जियों तथा प्रतिबंधित दवाईयों के नमूनें संग्रहित कर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी प्रतिष्ठान बिना लाईसेस/पंजीकरण के संचालित न हो सकें तथा विभाग द्वारा कैम्प लगाकर सभी खाद्य एवं औषधि प्रतिष्ठानों को लाईसेंस से अच्छादित करें। उन्होंने कहा कि आबकारी अधिकारी समस्त शराब की दुकानों का खाद्य लाईसेंस बनवाना सुनिश्चित करें। जनपद में संचालित समस्त होटल/रेस्टोरेन्ट/ढाबे के परिसर सीसीटीबी कैमरे लगवाये जाएं तथा किचिन व परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। किसी भी दशा में मिलावटी व गुणवत्ताविहीन खाद्य पदार्थों बिक्री न हो।

## जिलाधिकारी ने ली शासी निकाय की बैठक

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।



जिलाधिकारी ने पिछली बैठक की कार्यवृत्त का अनुमोदन व पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन आख्या पर विस्तृत चर्चा करते हुए जननी सुरक्षा योजना, डब्ल्यू हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन, गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन एवं प्रसव, उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन एवं उपचार, प्रसव लाभार्थियों के भुगतान, चाईल्ड रजिस्ट्रेशन, विशेष टीकाकरण, यूपी हेल्थ डेस्क बोर्ड, मंत्रा एप्स, मातृ मृत्यु, प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना, ई संजीवनी, कार्यरत आशाओं की स्तिथि, आशा भुगतान, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन, राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय वेक्टर वार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम आदि बिन्दुओं पर समीक्षा की। जिलाधिकारी में मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए क ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट एवं जनपद स्तरीय क्वालिटी लैब के लिए मानव संसाधन तथा कायाकल्प अवॉर्ड स्कीम की चेक लिस्ट बनाकर प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों को सभी अधिकारी गोंद लें ताकि उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि जो टीकाकरण अभियान चलाया जाता है, उसमें अधिक से अधिक लाभार्थियों का टीकाकरण कराया जाए। साथ ही आप लोग अपने क्षेत्र का निरीक्षण अवश्य करें। मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि जो शासन द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए विभिन्न मदों पर धनराशि उपलब्ध कराई गई है, उसका व्यय शासन की गाइडलाइन के अनुसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि 1 से 30 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 से 30 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है, उसमें विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के विषय पर सफल आयोजन के लिए अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाया जाए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ बंदना श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदोरिया, जिला मलेरिया मलेरिया अधिकारी लाल साहब आदि मौजूद रहे।

## सेवा में निष्काम भाव जरूरी: सुदीक्षा महाराज

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

हरिजन सेवक संघ द्वारा आयोजित 92 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सद्भावना सम्मेलन में अपने पावन आशीष प्रदान करते हुये सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज ने कहा कि मानव सही मायनों में तभी मानव बनता है अगर वह हर भेदभाव से ऊपर उठकर सब में परमात्मा का रूप देखकर निष्काम भाव से सबकी सेवा करें।



इस अवसर पर हरिजन सेवक संघ के अध्यक्ष डॉ शंकर कुमार सान्याल व उप-प्रधान नरेश यादव ने सतगुरू माता एवं निरंकारी राजपिता रमित का अंगवस्त्र और सूती दुपट्टा पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा स्थापित इस धरोहर के स्थापना दिवस पर उन्हीं की प्रेरणा का संकेत, एक चरखे का लघु स्मृति चिन्ह भी सेवक संघ की ओर से सतगुरू माता के प्रति समर्पित किया गया। यह जानकारी सन्त निरंकारी मण्डल चित्रकूट के मुखी शिवभवन द्वारा दी गयी। हरिजन सेवक संघ के छात्रों ने स्वागत गीत व सरस्वती वंदना का गायन किया। वहीं निरंकारी इस्टीट्यूट ऑफ म्यूजिक एण्ड आर्ट (नीमा) के बच्चों द्वारा महात्मा गांधी के प्रिय भजन, वैष्णव जन के अतिरिक्त अन्य भक्ति गीतों का मधुर गायन भी हुआ। सेवक संघ के अध्यक्ष सान्याल ने महात्मा गांधी और कस्तूरबा के मार्गदर्शन का जिक्र करते हुये जहाँ एक ओर संघ के उपक्रमों का उल्लेख किया, वहीं दूसरी ओर संत निरंकारी मिशन की विचारधारा के अनुपालन से बसुधैव कुटुम्बकम की संभावना व्यक्त करते हुये सतगुरू माता का धन्यवाद किया।

## प्राकृतिक कृषि पद्धति से रबी फसलों की खेती करने पाठा के किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान द्वारा मनगवां पंचायत सचिवालय में संचालित बिवाल स्वावलंबन कार्यक्रम के अंतर्गत रबी फसलों की प्राकृतिक खेती के संदर्भ में टिकरिया क्षेत्र के 7 ग्राम पंचायत के 90 किसानों के साथ प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला ने कहा कि यह कार्य कृषि विभाग का है। जिसको संस्थान संपन्न कर रहा है, जो किसानों के हित में बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने निरंतर साथ मिलकर किसानों के हित में कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि परंपरागत देशी बीजों को बचाने के कार्य में किसानों को संस्थान के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए, उन देशी बीजों से ही हमारे परिवार का शारीरिक भला होगा। साथ ही मिट्टी का स्वास्थ्य सुधरेगा और प्रकृति सुहावन होगी। गाय के उत्पाद से तैयार खाद मिट्टी के लिए अमृत




समान है। उन्होंने किसानों को विभाग की ओर से रबी फसलों के बीजों का सहयोग भी किसानों को करने की बात की। संस्थान संस्थापक गोपाल भाई ने प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए संवेदित किया। संस्थान के वरिष्ठ कार्यकर्ता विद्यासागर बाजपाई ने रबी फसलों के सही नियोजन को अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर चंद्रमा, निर्मला, रचना आदि बालिकाओं ने प्रकृति खेती सम्बन्धित प्रेरणास्पद गीतों से प्रशिक्षण के वातावरण में चार चांद लगाए। प्रशिक्षण का संचालन समन्वयक विजय सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय शुक्ला ने किया। इस मौके पर राजकुमार बंभिया, देवनाथ पाटिन्, राम किशोर, राम बहादुर जमुनिहाई, राम विश्वास, सुखराम टिकरिया, भीमसेन किहूनिया, संतोष अमचूर नेरुआ, राजू इटवा डुडैला, संस्थान कार्यकर्ता वर्षा, जंत्री, अजीत, मोगली, भरत, राजू, प्रवीण, रामराज, श्याम सुंदर आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं के विकसित होने से होगा देश और प्रदेश का विकास - डीएम

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा आयोजित विकासखंड पहाडी की ग्राम पंचायत हरदौली के पंचायत भवन पर किशोरी स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, जिला संयुक्त चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी डॉ तनुसा टीआर, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष बसंत पंडित ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आज यह हरदौली में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। श्रद्धेय नानाजी देशमुख की भी यही पहल थी। महिलाओं को विकसित होना बहुत जरूरी है, तभी देश व प्रदेश का विकास होगा। उन्होंने किशोरियों से कहा कि आप लोग अच्छी पढाई करके नौकरी पर जाएं।

इस उम्र में आप लोग अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। कहा कि शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराए, जो समस्याएं होंगी उसका स्वास्थ्य लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब आप स्वस्थ होंगे तभी शिक्षा में आपका मन लगेगा। उन्होंने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता करके विद्यालयों में कम्प्यूटर इंटरनेट की व्यवस्था कराकर आपको पढाई की सुविधा कराई जाएगी। इसके अलावा स्किल डेवलपमेंट पर भी जोर दिया जा रहा है।

जिला संयुक्त चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी डॉ तनुसा टी आर ने किशोरियों से कहा कि दीनदयाल शोध संस्थान के माध्यम से किशोरी सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जो किशोरावस्था में शारीरिक व मानसिक परिवर्तन होता है। अपने मां बहन को दोस्त बनाना बहुत जरूरी है ताकि जो समस्याएं हो तो उसको आप उनसे बता सके।

## डीएम ने डिप्थीरिया बीमारी के टीकाकरण शिविर का फीता काट कर किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस | उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सर्वोदय इण्टर कॉलेज उरई में डिप्थीरिया(गला घोटू) बीमारी से बचने के लिए छात्र/छात्राओ के टीकाकरण का फीता काटकर शुभारंम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि डिप्थीरिया (गला घोटू) इस बीमारी मे बच्चे को जुखाम खासी के साथ गले में सूजन आ जाने के कारण जाली सी वन जाती है जिससे बच्चे को सांस लेने में परेशानी होती है दम घुटने से बच्चे की मृत्यु हो जाती है। इस बीमारी से वचाव का एक मात्र उपाय, नियमित टीकाकरण मे डेढ माह, ढाई माह तथा साढे तीन माह पर डीपीटी की तीन डोज तथा (16-24 माह) प्रथम बूस्टर एवं 5 वर्ष पर द्वितीय बूस्टर डोज, तथा 10 वर्ष एवं 16 वर्ष पर टीडी का टीका लगाया जाता है। किसी कारण से टीका छूट जाने पर उसी अन्तराल में डीपीटी का बूस्टर डोज लगाई जाती है।उन्होंने कहा कि अत्यधिक खतरे के कारण जनपद के ब्लाक डकोर एवं कोंच मे दिनांक 26, 27, 30 सितम्बर 01, 03 तथा 4 अक्टूबर 2024 को 5 वर्ष, 10 वर्ष, तथा 16 वर्ष के छूटे हुये बच्चो को डिप्थीरिया/गला घोटू बीमारी के बचाव हेतु



स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान चलाया जाना है। उन्होंने कहा कि जिन बच्चो को डीपीटी का टीका नही लगा है वे अपने एवं अपने अडोस-पडोस के 5 वर्ष, 10 वर्ष एवं 16 वर्ष के बच्चो का गला घोटू जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिये डीपीटी टीका अवश्य लगवाये। उन्होंने कहा कि आप अपने क्षेत्र के लोगो को डिप्थीरिया टीकाकरण के बारे मे जानकारी अवश्य दे मुझे पूरा विश्वास है कि आपके डिप्थीरिया टीकाकरण के प्रति जनता मे विश्वास बढेगा तथा आपके सद प्रयासो से टीकाकरण के प्रति जनसमान्य के अन्दर व्याप्त भ्रान्तियो को दूर कर अनुकूल वातावरण तैयार किया जा सके।

# कसम राम की खाते हैं बुंदेलखंड राज्य बनवायेंगे के नारे के साथ चित्रकूट में समाप्त हुई रथ यात्रा

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा एवं बुंदेलखंड अधिकार मंच के सयुक्त तत्वाधान में पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए 20 सितम्बर से ललितपुर से रथ यात्रा प्रारम्भ हुई थी, जो झाँसी, उरई, हमीरपुर, महोबा, बाँदा होते हुए गुरूवार को कामतानाथ के दर्शन बाद समाप्त हुईं।

बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के अध्यख भानू सहाय ने बताया कि पीएम नरेन्द्र मोदी, राजनाथ सिंह एवं उमा भारती ने 3 साल के भीतर बुन्देलखण्ड राज्य बनाने का वादा बुंदेलियों से किया था। 3 साल की जगह 10 साल से ऊपर का समय गुजर चूका है। 3 साल का झूठा वादा करने वालों को राम को कौल खिलवा कर चुनाव में हरवाने का कार्य 2022 के उत्तर प्रदेश विधान सभा से प्रारंभ किया। उत्तर प्रदेश 2022 विधान सभा चुनाव में भाजपा 3 विधान सभा सीट हारी। मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव 2023 में दतिया में 2, निवाडी में एक और टीकमगढ में 2 सीट हरवाने का कार्य किया। धन अभाव में छतरपुर, पन्ना, दमोह एवं सागर जनपदों में कार्य नहीं कर सके। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में सागर मंडल को छोड बांदा, जालौन और हमीरपुर में भाजपा हारी एवं झाँसी के सांसद पिछले चुनाव में 4 लाख वोट से जीते थे। इस बार बामुश्किल 1 लाख से ही जीत पाए। इसी प्रकार दतिया सांसद पिछले चुनाव में 2 लाख से जीती थी, पर इस बार मात्र 63 हजार से जीत पाई। उन्होंने कहा कि भगवान राम के साथ धोखाधडी करने के परिणाम में अयोध्या व चित्रकूट में भाजपा परास्त हुई है।



बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा एवं बुंदेलखंड अधिकार मंच के तत्वाधान में कसम राम की खाते हैं, बुंदेलखंड राज्य बनवायेगे एवं बुंदेलखंड तो लेंगे, जैसे दोगे वैसे लेंगे के नारे के साथ की गई रथ यात्रा का मकसद बड़ी संख्या में समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र में लोगों को राम कौ कौल अभियान से जोड़ना है, जिससे राज्य निर्माण के लिए चुनावी बुंदेली बनने एवं मौन धारण करने वालो को चुनाव में हराया जा सके। रथ यात्रा का संयोजन अमित खंगार ने किया। इस मौके पर हरिमोहन पंचाल, रंजना खंगार, लोकन्द्र सिंह, तीरथ प्रसाद, रंजीत सिंह, रमेश आरख, अशोक सक्सेना, रघुराज शर्मा, राजेंद्र शर्मा, रजनीश श्रीवास्तव, हनीफ खान, प्रदीप झा, नरेश वर्मा आदि मौजूद रहे। रथ यात्रा गुरूवार को जिले में अधिवक्ताओं से कचेहरी में भेंट कर जनसमर्थन जुटाया। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय करवरिया ने पूर्ण समर्थन किया। इस मौके पर पुष्पेंद्र सिंह, शंकरमणि वर्मा, कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल पटेल, रघुनाथ द्विवेदी, अमित यादव, डॉ. विजय कश्यप, कालीचरण राजपूत, राजेश सिंह, मनोज कंचनी, बृजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । शुक्रवार । 27 सितंबर 2024



**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# शोध कार्यों के लिए राज्य विश्वविद्यालयों को 57.38 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत

- योगी सरकार ने प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को रिसर्च और डेवलपमेंट योजना के तहत शोध कार्यों के लिए स्वीकृत की वित्तीय सहायता
- शिक्षण संस्थानों में शोध की दिशा में नई ऊर्जा का होगा संचार, छात्रों को भी मिलेगा विश्वस्तरीय शोध वातावरण
- उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर किया जा रहा अनुदान का वितरण
- समिति ने विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा रिसर्च और डेवलपमेंट योजना के तहत प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों का किया विस्तृत परीक्षण



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) योजना के तहत शोध कार्यों के लिए 57.38 लाख रुपए की वित्तीय सहायता स्वीकृत की है। यह अनुदान प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में शोध कार्यों की गुणवत्ता में सुधार और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान किया गया है।

### विश्वस्तरीय शोध वातावरण होगा उपलब्ध

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि शोध और अनुसंधान शिक्षा का आधार स्तंभ हैं और प्रदेश सरकार का यह कदम राज्य के विश्वविद्यालयों में शोध और नवाचार को गति प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इससे हमारे शिक्षण संस्थानों में न केवल शोध की दिशा में नई ऊर्जा का संचार होगा, बल्कि छात्रों को भी विश्वस्तरीय शोध वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक अहम कदम है।

### विस्तृत परीक्षण के बाद मिली स्वीकृति

उन्होंने बताया कि इस अनुदान का वितरण उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर किया जा रहा है। समिति ने विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा रिसर्च और डेवलपमेंट योजना के तहत प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों का विस्तृत परीक्षण किया। विशेषज्ञ समिति की अनुशंसाओं पर सम्यक विचारोपरांत राज्यपाल द्वारा यह अनुदान स्वीकृत किया गया है।

### प्रदेश बनेगा देश का अग्रणी शोध केंद्र

उन्होंने कहा कि प्रदेश की उच्च शिक्षा में यह अनुदान एक मील का पत्थर साबित होगा। हमारा लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी शोध केंद्र बनाया जाए, और यह अनुदान उस दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार आगे भी प्रदेश के विश्वविद्यालयों को हरसंभव सहायता प्रदान करती रहेगी।

**इन विद्यालयों को मिला अनुदान**

इस योजना के तहत जिन विश्वविद्यालयों को अनुदान प्राप्त हुआ है, उनमें लखनऊ विश्वविद्यालय, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय (बरेली), महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ (वाराणसी), वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय (जौनपुर) और सिद्धार्थ विश्वविद्यालय (कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर) शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इस योजना के अंतर्गत कुल 57,38,800 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जो निर्धारित शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन वितरित की जाएगी।

# 'व्यक्ति पूजा नहीं राष्ट्र साधना से लें प्रेरणा'

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक की पद्धति में व्यक्ति पूजा नहीं,बल्कि राष्ट्र साधना को महत्व दिया गया। यह संदेश पूज्य गुरु गोलवलकर जी ने भी दिया था। उनका कहना था कि व्यक्ति पूजा की जगह महा पुरुषों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। राष्ट्र साधना के लक्ष्य का निर्धारण करें। उस पर अमल के प्रति कटिबद्ध रहें। श्रद्धेय अशोक सिंघल ने अपने जीवन को राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित कर दिया था। चंपत राय सीएमएस लखनऊ में अशोक सिंघल जन्म जयंती पर आयोजित काव्यांजलि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अशोक सिंघल जी के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि जीवन में लक्ष्य बना लेने के बाद उसकी पूर्ति ही मिशन बन जाता है। अशोकजी एक साधारण मनीषी होने के बाद भी असाधारण कार्य करने में सफल रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी ने कहा कि स्वेत वस्त्र धारण करने वाले आदरणीय सिंघल जी का जीवन सादगी की मिसाल थी। उन्होंने देश में बड़े बड़े कई कार्य किए, वह भी कानपुर में मात्र एक तख्त बराबर कमरे में रहते हुए। ऐसे समाजसेवी के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक दिनेश जी ने सिंघलजी के संपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए, उनके प्रयासों से भारत में हुए हिंदुत्व के उदय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अयोध्या के संत कमल नयनदास जी ने कहा कि सिंघल जी की इच्छाशक्ति दृढ़ थी। उन जैसे महापुरुष अपने संकल्प से जनमानस की सेवा करते हैं। राम मंदिर का स्वप्न साकार करने के लिए उन्होंने जीवन खपा दिया। उनके ही संकल्प का परिणाम है कि आज देशभर में वेदाध्ययन के विद्यालय खुलते जा रहे हैं। उन्होंने अपने जीवन में समता और समरसता का प्रचार करने का संकल्प ले रखा था। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र भदौरिया ने किया।

### काव्यांजलि

विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल जी की 98वीं जयंती पर एक भव्य काव्यांजलि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कवियों द्वारा काव्यपाठ किया गया। यह आयोजन श्रद्धेय अशोक सिंघल स्मृति न्यास द्वारा किया गया। शिखा भार्गव ने उनकी स्मृतियों को साझा किया। न्यास की संरक्षक श्रीमती अचला भार्गव एवम लखनऊ की पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया हैं। इसके ट्रस्टीज में अभिनव भार्गव व प्रशांत भाटिया आदि हैं। प्रसिद्ध कवि हरिओम पवार जी ने कहा कि मैंने एक बार सिंघल जी को भाषण देते हुए सुना था। संभव है कि उसी कारणवश मेरी कविताओं में राष्ट्रवाद का पुट मिलता है। उन्होंने कहा कि भले ही मैं संघ का कोई सक्रिय सदस्य नहीं रहा हूं लेकिन मुझे इसका पूरा विश्वास है कि संघ के ऐसे ही महान मनीषियों के चलते आज भी हमारे देश में संस्कृति संरक्षित है। इसके बाद उन्होंने अपने परिचय के अनुरूप ही वीर रस की कविता पढ़ते हुए कश्मीर का स्वप्न देखना बंद करो...काव्य का पाठ कर श्रोताओं को जोश से भर दिया। इस अवसर पर कवि जगदीश मित्तल, व्यासजी, प्रमोद द्विवेदी, अतुल नारायण, बौखल जी एवं सोनी मिश्र ने अपनी रचनाओं से माहौल को राष्ट्रीय चेतना से प्रकाशित कर दिया। कार्यक्रम में महिला आयोग की नवोदित उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, अवध प्रांत प्रचारक कौशल जी, महापौर सुषमा खर्कवाल, लखनऊ की पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया,दिनेश जी, मनोजकांत जी, विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह ,सूचना आयुक्त पीएन द्विवेदी, स्वतंत्र प्रकाश गुप्त, आरएसएस के सह प्रांत प्रचारक संजय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। काव्यांजलि का आरंभ करते हुए डॉ हरिओम पवार जी ने उरी का उत्तर घर में घुसकर...पढ़कर श्रोताओं में जोश भर दिया। वहीं, कवि अभय सिंह निर्भीक ने भारत भू का नक्शा...कविता का पाठ किया। तत्पश्चात विकास बौखल जी ने कहा कि हिंद वाले शेर पाक जाके काव्य का पाठ किया। कवि प्रमोद द्विवेदी ने खोजें कहीं परंतु राम...कविता पढ़कर सबको भावविभोर कर दिया। इसी क्रम में अतुल नारायण ने वीरपुत्र थे रामभक्त थे हिंदू के रखवाले थे...कविता का वाचन किया। इसके बाद कवियित्री सोनी मिश्र ने प्रेम को जानना है यदि तुमको तो राधेमोहन की प्रीति को जानो...का मधुर स्वर में पाठ किया। वहीं, कवि शिवकुमार व्यासजी ने सोच लिया गंगा सम बहना है कविता का पाठ किया। इसमें आएसएस एवं विहिप के वरिष्ठ सदस्यों सहित बड़ी संख्या में रामभक्त एवं राष्ट्रभक्त काव्य सुनने को एकत्र हुए।

# एनकाउंटर के बढ़ते मामले कानून के राज व मानवाधिकारों के लिए चिंताजनक : भाकपा (माले)

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भाकपा (माले) ने कहा है कि प्रदेश में एनकाउंटरों के बढ़ते मामले कानून के राज व मानवाधिकारों के लिए चिंताजनक हैं।पार्टी ने गाजीपुर व उन्नाव में सोमवार (23 सितंबर) को हुए दो एनकाउंटरों की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की है। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने आज जारी बयान में कहा कि यूपी एसटीएफ ने सुल्तानपुर सराफा डकैती के आरोपी अनुज सिंह का उन्नाव में एनकाउंटर किया था। उन्नाव डीएम ने इसकी मजिस्ट्रेटी जांच की घोषणा की है, जो अपर्याप्त है। दूसरी घटना में एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस के साथ मिल कर गाजीपुर जिले के दिलदारनगर थानाक्षेत्र में मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू को ढेर किया। पुलिस के अनुसार बिहार में पटना के फुलवारी के रहने वाले सोनू पर ट्रेन में दो सिपाहियों की हत्या का आरोप था। जबकि गाजीपुर में उसके परिजनों के अनुसार पुलिस जाहिद को दो दिन पहले पकड़ कर ले गई थी। गांव वालों के अनुसार जाहिद आलू-प्याज का व्यवसाय करता था और उससे परिवार का खर्च चलता था। पटना से लेकर गाजीपुर तक उसकी कोई ऐसी आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं थी, जिससे कि उसका एनकाउंटर कर दिया जाए। जाहिद के मामा का आरोप है कि मुसलमान होने के कारण उसे मार दिया गया। माले नेता ने कहा कि योगी सरकार फर्जी एनकाउंटरों के लिए कुख्यात हो गई है। बेलगाम ठोक दो की नीति चल रही है। प्रदेश में कानून का राज नहीं, बल्कि एनकाउंटर राज चल रहा है। गत लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार और बुलडोजर न्याय पर सुप्रीम कोर्ट के हाल के निर्देश से योगी सरकार ने कोई सबक नहीं लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रुप से कहा था कि किसी अपराध के आरोपी भर होने से उसकी संपत्ति पर बुलडोजर नहीं चलाया जा सकता। राज्य सचिव ने कहा कि यही बात एनकाउंटरों के लिए भी लागू होनी चाहिए कि महज आरोपी होने पर, चाहे कितने भी संगीन आरोप क्यों न हों, एनकाउंटर में हत्या नहीं की जा सकती है। किसी भी आरोपी को सजा देने के लिए देश में न्याय व्यवस्था है। लेकिन कौन जिंदा रहेगा और कौन नहीं, यह पुलिस तय कर रही है। हर एनकाउंटर में आत्मरक्षा में गोली चलाकर बच निकलने की कोशिश करती है। यह कार्यपालिका के न्यायपालिका पर हावी होने की कोशिश है। एनकाउंटरों में हत्या को सरकार उपलब्धि के रुप में गिनाती है और खुद की थपथपाती है। यह संवैधानिक लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है।

# उत्तर प्रदेश के हुनर को मिल रही है वैश्विक पहचान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे दिन, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के पवेलियन ने अपने अद्वितीय कौशल प्रदर्शनों से आगंतुकों का दिल जीत लिया।पवेलियन में प्रदेश के हुनरमंद युवाओं ने विभिन्न विशिष्ट कौशलों का लाइव प्रदर्शन किया, जिससे आगंतुकों को प्रदेश के उभरते कौशल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में गहन जानकारी मिली।इस मौके पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने पवेलियन का दौरा किया। उन्होंने युवाओं के कौशल प्रदर्शन की सराहना की और उनके साथ संवाद कर उत्साहवर्धन किया।

# गांधी जयंती पर ग्राम पंचायतों में मनाया जायेगा मनरेगा जागरूकता दिवस : मौर्य

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायतों में मनरेगा जागरूकता दिवस का आयोजन किया जाय।इस सम्बन्ध में आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जीएस प्रियदर्शी ने जिलाधिकारियों जिला कार्यक्रम समन्वयकों को महात्मा गांधी मनरेगा अधिनियम 2005 की धारा 14 की उप धारा 6 एवं भारत सरकार द्वारा निर्गत मास्टर सर्कुलर 2024-25 के प्रस्तर-61 में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार श्रम बजट निर्धारण के निर्देश दिये है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की मतदाता सूची के पुनरीक्षण की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में प्रदेश में मतदाता सूची को अपडेट करने की कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से पूर्व की गतिविधियों के अन्तर्गत बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची को अपडेट करने के निर्देश जारी किये थे, जिसके अन्तर्गत बीएलओ द्वारा 20 अगस्त से 10 सितम्बर तक घर-घर सत्यापन की कार्यवाही करते हुए शिफ्टेड, मृतक तथा रिपीटेड श्रेणी के मतदाता चिन्हित किये गये हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कार्यालय के सभागार कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जिलाधिकारियों को बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन के दौरान प्राप्त फार्मों का नियमानुसार निस्तारण 03 अक्टूबर से पूर्व करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 01 अक्टूबर की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची में नाम शामिल करने के दावों का निस्तारण भी 03 अक्टूबर तक सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे 29 अक्टूबर को शुद्ध, सारगर्भित व त्रुटिविहीन मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जा सके।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लखनऊ, हरदोई, प्रतापगढ़, गौतमबुद्धनगर, चित्रकूट, शाहजहांपुर, उन्नाव, रामपुर जनपद के जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि घर-घर सत्यापन के दौरान शिफ्टेड, मृतक और रिपीटेड श्रेणी के चिन्हित प्रकरणों से संबंधित सभी अवशेष फॉर्म-07 का संबंधित बीएलओ द्वारा भरा जाना अगले दो दिन में सुनिश्चित किया जाए।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सम्भाजन प्रक्रिया के अन्तर्गत अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर नये मतदान बूथों को बनाने अथवा वर्तमान बूथों की पुनर्गठन की कार्यवाही की जा रही है। मतदाताओं द्वारा वोट देने की प्रक्रिया को सुगम बनाने को प्राथमिकता देते हुए सम्भाजन की प्रक्रिया सुनिश्चित की गयी है।बैठक में प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शामिल हुए।

### हर पात्र व्यक्ति को दिया जा रहा सोशल सेक्टर की हर योजना का लाभ : केशव

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने करहल के शिव रिसॉर्ट में ''अमृतकाल में सहभागिता'' कार्यक्रम में बाल विकास एवं पुष्टाहार, उद्योग अनुसूचित जाति, वित्त विकास निगम, रोजगार कौशल विकास, नाबार्ड, अग्रणी बैंक, पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग सशक्तिकरण, कृषि, जल जीवन मिशन के विभागीय स्टॉल का अवलोकन करने, समाज कल्याण विभाग की राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराने के उपरांत अपने संबोधन में कहा कि केंद्र-प्रदेश सरकार बिना किसी जाति-धर्म के आधार पर समाज के प्रत्येक वर्ग के व्यक्तियों को संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाकर उन्हें सम्मान से जीने का हक प्रदान कर रही है। उन्होने कहा कि जब से नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से देश-प्रदेश में गरीब चाहे अगणी जाति का हो, चाहे पिछड़ी जाति का हो चाहे अनुसूचित जाति का हो, हर गरीब के दुख-दर्द को दूर करने की गारंटी नरेन्द्र मोदी ने ली है। उन्होने कहा कि मोदी के नेतृत्व में 10 वर्ष केअंदर भारत विकासशील देश से विकसित देश बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। विश्व में कोई ऐसा देश नहीं जो हमारे देश को नजरअंदाज कर सके। प्रधानमंत्री ने निर्णय लिया है कि देश का कोई भी व्यक्ति कच्चे मकान में नहीं रहेगा, सभी के पास पक्का मकान होगा, सभी के घरों में मूल-भूत सुविधाएं यथा नल के माध्यम से स्वच्छ पीने का जल, शौचालय, विद्युत की उपलब्धता होगी, हर गरीब व्यक्ति को इलाज की सुविधा प्रदान की जाये, हर गांव तक सड़क पहुंचाई जायेंगी, केवल अमीर व्यक्ति के घर पर गैस पर खाना नहीं बनेगा,हर घर में भी गैस का सिलेण्डर, व चूल्हा होगा।

# योगी सरकार की मदद से संवर रही ओडीओपी उद्यमियों की जिंदगी

- ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो सुना रहा ओडीओपी उद्यमियों की सफलता की कहानियां
- 2017 से पहले की राज्य सरकार ने जिला स्तर के उद्यमियों की नहीं ली थी सुध
- योगी सरकार की एक जिला, एक उत्पाद योजना से पारंपरिक कलाओं को मिला नया जीवन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



आंखों में तरक्की के सपने थे, उद्यम को बुलंदी तक पहुंचाने का जज्बा भी था, यूपी के उद्यमियों में दिन-रात मेहनत कर अपने उत्पाद को बड़े शहरों की दहलीज तक ले जाने का जुनून भी था। लेकिन 2017 से पहले उद्यमियों का जुनून, जज्बा और मेहनत सरकारी उदासीनता के आगे पस्त थे। नतीजा, कारोबार तो चौपट हुआ ही, हौसले भी टूट गए। लेकिन कहते हैं ना भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं। 2017 में बदतर कानून व्यवस्था से आजिज आ चुकी यूपी की जनता ने योगी सरकार पर भरोसा जताया। योगी आदित्यनाथ ने उस भरोसे को टूटने नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की स्थिति तो सुदृढ़ की ही, उद्यमियों की भी सुध ली। जिसका नतीजा यह निकला कि एक समय हताश, निराश हो चुके उद्यमी आज कारोबारी सफलता की नई गाथा लिख रहे हैं। ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो ऐसे ही ओडीओपी उद्यमियों की सफलता की कहानियां सुना रहा है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के ओडीओपी पवेलियन में अपना हुनर दिखा रहे सोहित कुमार प्रजापति कहते हैं कि काली मिट्टी से बर्तन (ब्लैक पॉटरी) बनाने का उनका पुश्तैनी काम है। लेकिन सरकारी सहायता नहीं मिलने के कारण एक समय ऐसी स्थिति भी आई कि सोहित को मजबूरन अपना पुश्तैनी काम छोड़ मुंबई जाकर भेलपूरी तक बेचना पड़ा। कोरोना काल में मुंबई से अपने पैतृक निवास लौटे सोहित को हर तरफ अंधेरा नजर आ रहा था। बकौल सोहन, योगी सरकार ने एक जिला एक उत्पाद के तहत ब्लैक पॉटरी को शामिल किया तो सरकारी मदद से इस कारोबार की रौनक लौट आई। यूपी सरकार ने सोहित को स्विटजरलैंड भी भेजा। ट्रेड शो ने सोहित के कारोबार को नई उंचाई दी है।

### 20 दिव्यांग बच्चों को यूपी सरकार ने भेजा सिंगापुर

दिव्यांग डेवलपमेंट सोसायटी मूकबधिर बच्चों की संस्था है। मनप्रीत कौर बताती हैं कि दिव्यांग बच्चे कैंडल समेत अन्य उत्पाद बनाते हैं। पहली बार ये बच्चे ट्रेड शो में भाग ले रहे हैं, लेकिन इनके हाथों बने बेहतरीन उत्पाद दर्शकों को अपनी ओर खींचने में सफल हो रहे हैं। बकौल मनप्रीत योगी सरकार ने इन बच्चों के हौसलों को नई उड़ान दी है। 2018 में रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2018 में ही संस्था के 20 दिव्यांग बच्चों को यूपी सरकार ने प्रशिक्षण के लिए सिंगापुर भेजा। भावुक मनप्रीत कहतीं हैं कि इन बच्चों ने कभी ट्रेन में भी सफर नहीं किया था, लेकिन योगी आदित्यनाथ ने इन्हें हवाई जहाज का सफर कराया।

### मुश्किल वक्त में सरकार ने थामा हाथ

ओडीओपी पवेलियन में ग्लॉस हैंडीक्रॉफ्ट के स्टॉल को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। स्टॉल संचालक प्रतीश कुमार कहते हैं कि वो 1990 से इस कारोबार से जुड़े हैं। लेकिन दुर्भाग्य है कि पहले लोग इसे जानते तक नहीं थे। योगी सरकार ने एक जिला एक उत्पाद के तहत इस उद्यम को प्रमोट किया तो लोगों में कौतूहल बढ़ा। लोग घरों के सजावट में उत्पादों का प्रयोग करने लगे। बकौल प्रतीश योगी सरकार से उन्हें 5 लाख रुपये का लोन मिला था। लोन से उन्होंने ना केवल संयत्र खरीदने बल्कि कारोबार के विस्तार में भी मदद मिली। यूपी सरकार का ट्रेड शो आयोजन कई लिहाज से मददगार है। विदेशों से खरीदार आए हुए हैं, कईयों ने प्रोडक्ट में दिलचस्पी भी दिखाई है। कुछ ऐसा ही कहना है बांदा जिले के कमल आहूजा का। ओडीओपी पवेलियन में मिलेट्स से बनी कुकीज का स्टॉल लगाने वाले कमल बताते हैं कि योगी सरकार लगातार उद्यम को प्रोत्साहित कर रही है। गत वर्ष केंद्र की मोदी सरकार और सूबे की योगी सरकार ने मोटे अनाज को लगातार प्रोत्साहित किया। कमल स्थानीय किसानों से ज्वार, बाजरा खरीदकर बिना चीनी की कुकीज बनाते हैं। योगी सरकार से मिले लोन से कमल ने पैकेजिंग मशीनें खरीदीं। आज इनके बनाए उत्पाद दुबई, नेपाल, भूटान भी भेजे जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले दिन इनके स्टॉल पर भी आए थे।

### सरकारी मदद मिली तो शौक बना कारोबार

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शिप्रा शर्मा का स्टॉल दर्शकों के कौतुहल का केंद्र बना हुआ है। बेकार बोतलों पर मधुबनी, लिप्पन और मंडाला आर्ट का ऐसा फ्यूजन प्रयोग किया है कि दर्शक वाह-वाह कर रहे हैं। बकौल शिप्रा इससे पर्यावरण संरक्षण भी हो रहा है। 7 साल पहले लिप्पन आर्ट को शौकिया अपनाने वाली शिप्रा ने यूपी सरकार से मिल रही मदद से अपने कारोबार को ना केवल आगे बढ़ाया बल्कि ट्रेड शो में भी दस्तक दीं। वह कहतीं हैं कि महिला उद्यमियों को यूपी सरकार प्रोत्साहित कर रही है। उन्हें ट्रेड शो में स्टॉल दिया गया। इससे उनके उद्यम में बढ़ोत्तरी की राहें खुलेंगी।

### मृतप्राय उद्यम में योगी सरकार ने फूंकी जान

यूपी का बांदा जिला शजर पत्थरों से बने आभूषणों के लिए जाना जाता है। शजर पत्थरों के कारोबार से जुड़े द्वारिका प्रसाद शर्मा कहते हैं कि एक समय पूरे बांदा में 80 फैक्ट्रियां थी। लेकिन पूर्व की सरकारों ने इस उद्योग की तरफ ध्यान नहीं दिया। एक समय तो ऐसा भी आया कि बांदा में केवल 3 कारखाने बचे। 2017 में योगी सरकार ने इस मृतप्राय उद्यम में जान फूंकी। ओडीओपी में इसे चुना गया। सरकार ने लोन भी दिया और सब्सिडी भी। विभिन्न प्रदर्शनियों में सरकार की तरफ से स्टॉल मुहैया कराया गया। यही नहीं जी-7 अतिथियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बतौर गिफ्ट जो उत्पाद दिए थे उसमें शजर भी शामिल था। योगी सरकार द्वारा मदद मिलने का नतीजा है कि आज इस कारोबार में 50 से 60 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई है।

# फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क पर फोकस कर रहा यीडा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से योगी सरकार न सिर्फ उत्तर प्रदेश, बल्कि यहां के उत्पादों, योजनाओं और गतिविधियों को भी ग्लोबल पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण में इस बार विभिन्न स्टॉल्स को थीम के साथ प्रस्तुत किया गया है। इस कड़ी में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) यहां अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर फोकस कर रहा है। खासकर वो प्रोजेक्ट्स जो जल्द ही लॉन्च होने वाले हैं। इनमें तीन सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट्स फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क सबसे प्रमुख हैं। इन तीनों प्रोजेक्ट्स की थीम बनाकर यीडा ने अपने स्टॉल स्थापित किए हैं। यमुना प्राधिकरण के स्टॉल्स में प्रोजेक्ट्स के मॉडल्स के साथ-साथ उनकी विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है, ताकि विजिटर्स इन योजनाओं से अवगत हो सकें। उल्लेखनीय है कि यमुना प्राधिकरण को इस शो में हॉल नंबर 3 में 1644 स्क्वायर मीटर की जगह प्रदान की गई है, जिसमें कुल 16 स्टॉल्स लगाए गए हैं। इनमें मुख्य स्टॉल यमुना प्राधिकरण का है। इसी में फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के स्टॉल्स को स्थापित किया गया है। यह स्टॉल्स आगामी विकास परियोजनाओं की झलक और संभावनाओं को दर्शा रहे हैं।

### सेमीकंडक्टर के लिए आरक्षित हुई है जमीन

यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह के अनुसार, हमारा मुख्य स्टॉल यीडा का है जिसका साइज 9×12 है। इसमें मुख्य रूप से फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क हमारे तीन नए थीम है। इसमें सेमीकंडक्टर हमारा सबसे मेजर थीम है और सेमीकंडक्टर के लिए हमने जमीनें भी आरक्षित कर दी है और जमीन हमारे पजेशन में आ गई है। अभी हाल ही में ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन समिट हुआ था, जिसमें काफी निवेशकों ने रुचि दिखाई। हमारे तीन प्रस्ताव भारत सरकार में कैबिनेट अप्रूवल के लिए प्रॉसेस में हैं, जो कभी भी अप्रूव हो सकते हैं। इसके अलावा और भी तीन-चार कंपनियां जिनमें कुछ यूएस कंपनियां भी इंट्रेस्ट दिखा रही है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ – उ.रे. – मण्डल – वाणिज्य / उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Mss-LKO-JNH-RCR-32-24-1 (Misc Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 20.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.10.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.10.2024 समय12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Mss-LKO-GNG-RCR-26-24-1 (Misc Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 20.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.10.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.10.2024 समय 12:40 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2983/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# टांडा-बांदा हाइवे पर दो ट्रकों में भिड़ंत, दोनों चालकों की मौत, एक घायल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

मुंशीगंज थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह छह बजे टांडा-बांदा हाइवे पर दो ट्रकों की सामने से हुई जोरदार भिड़ंत में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गई। जबकि एक ट्रक का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें सीएचसी भेटुआ में भर्ती कराया गया है। भीषण हादसे में दोनों वाहनों के केबिन के परखच्चे उड़ गए। एक मृतक का शव केबिन में फंस गया था। जिसे घंटेभर की मशक्कत के बाद निकाला गया। हादसे में मरने वाला एक चालक गोरखपुर व दूसरा रायबरेली जिले का निवासी है।

रायबरेली से प्लाई लाद कर एक ट्रक पश्चिम बंगाल के बख्शी हाट जा रहा था। जब अमेठी के मुंशीगंज थाना क्षेत्र में टांडा-बांदा हाइवे पर ममता स्टील फैक्ट्री के पास पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे ट्रक से इसकी सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों ट्रकों के केबिन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दोनों ट्रक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक ट्रक का खलासी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहत कार्य शुरू कराया।

इस दौरान एक ट्रक का चालक क्षतिग्रस्त केबिन में बुरी तरह फंसा था। बड़ी मशक्कत के बाद पुलिसकर्मी उनके शव को बाहर निकाल पाए। दोनों ट्रकों को अलग करने के लिए क्रेन बुलाई गई थी। हादसे में मरने वालों में रायबरेली से पश्चिम बंगाल जा रहे ट्रक चालक की पहचान गोरखपुर की चौरी-चौरा तहसील क्षेत्र व एम्स थाना क्षेत्र के विशुनपुर खुर्द गांव निवासी राधेश्याम यादव (45) के रूप में हुई। जबकि दूसरे ट्रक चालक की पहचान रायबरेली के महाराजगंज थाना क्षेत्र के पूरे कुटी मर्दनपुर लोधवामऊ निवासी राजू (20) के रूप में हुई है।

इसी ट्रक के खलासी की पहचान इसी जनपद के महाराजगंज इलाके के जलालपुर गांव निवासी हरिकेश यादव (30) के रूप में की गई है। यह लोग देवरिया से सीमेंट उतार कर रायबरेली वापस जा रहे थे। हादसे के बाद पुलिस ने दोनों ट्रक मालिकों को सूचना दी। एसओ प्रेमचंद गौतम का कहना है कि पहचान के बाद परिजनों को बुलाया गया। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

गोरखपुर से पहुंचे मृतक हरिकेश यादव के भाई जीतेंद्र यादव ने बताया कि उनका भाई सही ढंग से ट्रक लेकर जा रहे थे। मौके पर जाकर उन्होंने देखा कि दूसरे ट्रक चालक की लापरवाही से दुर्घटना हुई है। आरोप लगाया कि दूसरे ट्रक को चलाने वाला युवक वास्तव में खलासी था। जबकि उसका चालक बैठा हुआ था। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि नहीं हो पाई है।

रायबरेली के पूरे कुटी मर्दनपुर निवासी राजू अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। पिता रामसजीवन की उसके बचपन में ही सर्पदंश से मौत हो गई थी। घर का खर्च चलाने वाला राजू ही था। उनकी मौत के बाद परिवार का सहारा छिन गया। चाचा राम मिलन ने बताया कि राजू की बड़ी बहन सरोज की शादी हो चुकी है, लेकिन छोटी बहन मनोज की शादी का जिम्मा अब राजू के कंधों पर था। घर में बूढ़ी मां कमलेश कुमारी बेटे की मौत की खबर से बदहवास हैं। बहनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

## भगवदाचार्य स्मारक सदन में एक अक्टूबर से होगी विश्व स्तरीय राम लीला: संजय दास

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



संत श्री तुलसी दास राम लीला न्यास के संयोजकत्व में 1 अक्टूबर से श्री भगवदाचार्य स्मारक सदन में श्री अवध आदर्श राम लीला मंडल द्वारा विश्व स्तरीय सुभव्य राम लीला का मंचन किया जाएगा। संत श्री तुलसी दास राम लीला न्यास के महामंत्री संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्म सम्राट महंत ज्ञान दास महाराज के उत्तराधिकारी महंत संजय दास महाराज ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि भगवदाचार्य स्मारक सदन में प्राचीन पौराणिक ,शास्त्रीय राम लीला मंचन कई दशकों से होता रहा है इस वर्ष भी इसी स्थान पर भव्य,मनोहारी राम लीला मंचन किया जाएगा। महंत संजय दास जी महाराज ने बड़ा भक्त माल के कथा मंडप में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या मर्यादा पुरषोत्तम भगवान श्री राम की नगरी है यह भगवान श्री राम जी के चरित्र,मर्यादा के अनुकूल ही राम लीला मंचन होना चाहिए। इस अवसर पर बड़ा भक्त माल पीठाधीश्वर स्वामी अवधेश दास महाराज , कोषाध्यक्ष संत तुलसी दास रामलीला न्यास ने कहा कि राम लीला भगवान श्री राम की मर्यादा,उनके उदात्त चरित्र के अनुकूल होनी चाहिए, जगद गुरु रामानुजा चार्य डॉ राघवा चार्य महाराज ने कहा कि अयोध्या की रामलीला जो स्मारक सदन में होने जा रही है उसमे राम नगरी के विद्वान संत भी कोई ना कोई भूमिका का निर्वहन करें इससे लीला प्रेमी भक्तो में उत्साह का संचार होगा। रसिक पीठाधीश्वर स्वामी जन्मेजय शरण महाराज जानकी घाट बड़ा स्थान ने कहा कि राम लीला मंचन में जो कलाकार भगवान राम,माता जानकी,हनुमान जी की भूमिका का निर्वाह करते है उनका चरित्र, मर्यादा, रहन, सहन,खान पान भी संयमित एवम मर्यादित होना चाहिए। इस पुनीत अवसर पर पुजारी हेमंत दास ,नागा राम लखन दास महाराज भी। उपस्थित रहे।

## श्री अयोध्या न्यास द्वारा रोपित किए गए 70 पौधे, पौधों की सुरक्षा के लिए सभी में लगाए गए हैं ट्री गार्ड

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा जुलाई माह से लगातार जिले के विभिन्न विद्यालयों तथा अन्य क्षेत्रा में पौधरोपण किया जा रहा है। पौधरोपण अभियान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं व स्थानीय लोगों द्वारा पौधे रोपित किए जाते है जिससे उनके मन में पर्यावरण संरक्षण का भाव जाग्रत हो। गुरूवार को मिल्कीपुर क्षेत्र के मीठे गांव हाईवे के किनारे पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 70 पौधे रोपित किए गए। रोपित किए गये पौधों में नीम, पीपल, बरगद समेत अन्य पौधे सम्मलित है। पौधों की सुरक्षा के लिए सभी रोपित पौधों में ट्री गार्ड लगाए गए हैं।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मनुष्य तथा प्रकृति के समन्वय व संतुलन से ही प्रकृति का सौन्दर्य है। वृक्ष सम्पदा इस सौन्दर्य का आधार है। पृथ्वी पर जीवन की आधारशिला पर्यावरणीय संतुलन है। जिसे बनाए रखने के लिए हम सभी को सतत् प्रयत्नशील रहना चाहिए। धरती पर वृक्ष न केवल पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते है बल्कि हमें प्रदूषण रहित स्वच्छ वातावरण भी उपलब्ध कराते हैं। पर्यावरण तथा जीवन का अटूट संबंध है।

उन्होंने कहा कि पौधरोपण तथा उनका संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। आने वाली पीढ़ीयों के प्रति हमारा यह दायित्व है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करें साथ ही लगाए गए पौधे को संरक्षित करने का संकल्प लें।



इस अवसर पर राधेश्याम त्यागी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज मिश्र, अर्जुन सिंह, अजय तिवारी, दीपक पाठक, महेन्द्र चौरसिया, जर्नादन मौर्य, अमरनाथ बंसल, सत्य प्रकाश शुक्ला, सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं, एमकेडी पब्लिक स्कूल सुरवारा, सीबीजी इण्टर कालेज सेवरा मोड़, डीडी पब्लिक स्कूल टकसरा के छात्र, शिक्षक व स्थानीय लोंगों की मौजूदगी रही।

## पुरानी पेंशन हमारे बुढ़ापे की लाठी है इसे हम लेकर रहेंगे: अंकुर तिवारी



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

जिला मुख्यालय अयोध्या में आक्रोश पेंशन मार्च निकाला गया जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया सभी शिक्षक एवं सभी विभाग के कर्मचारी अधिकारी सहित हजारों की संख्या में लोगों ने पुरानी पेंशन की मांग के लिए हूंकार भरा।अटेवा के जिला महामंत्री उमा शंकर शुक्ल ने कहा की पुरानी पेंशन हमारा अधिकार हम इसको लेकर रहेंगे द्य

इस मौके पर अटेवा के जिला अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह प्रदेश के भी पदाधिकारी मौजूद रहे द्य

महानगर अध्यक्ष उ . प्र.मा.शि.संघ. अयोध्या अंकुर तिवारी ने कहा की पुरानी पेंशन हमारे बुढ़ापे की लाठी है इसे हम लेकर रहेंगे साथ ही हक्क तह क्ष्य × क्क तह क्ष्य का नारा लगाया द्य इस मौके पर मुख्य रूप से माध्यमिक के शिक्षक श्रवण कुमार मिश्र, अमेरिका लाल तिवारी, सुनील त्रिपाठी,राम भरत, दिलीप पांडे, नरेंद्र बहादुर समेत भारी संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह का नामांकन



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या के सहकारी गन्ना विकास समिति कार्यालय में गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह ने मडना के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पांडे बादल और अन्य भाजपा नेता भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि गन्ना समिति का चुनाव 2015 में हुआ था और 2020 में होने वाले चुनाव को कोरोनावायरस के कारण स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद शासन द्वारा कई बार चुनाव तिथियों की घोषणा की गई, लेकिन हर बार प्रक्रिया में देरी होती रही। अब शासनादेश के अनुसार बुधवार से चुनाव प्रक्रिया पुनः शुरू हो गई है। समिति चुनाव अधिकारी द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है और नामांकन फार्म की बिक्री भी शुरू हो गई है।आज से गन्ना समिति के डेलीगेट का नामांकन प्रक्रिया आरंभ हुई है, जिससे किसानों में उत्साह है।

## सीडीओ ने किया कल्याणपुर बैतिघाट क्षेत्र का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली रायबरेली-फतेहपुर जनपद के बीच स्थित कल्याणपुर बैतिघाट टापू पर फसे गोवंशों का मुख्य विकास अधिकारी रायबरेली अर्पित उपाध्याय और मुख्य विकास अधिकारी फतेहपुर पवन कुमार मीणा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण करते हुए



ड्रोन कैमरों से भी क्षेत्र का सर्वे कराया। संबंधित क्षेत्र में किसी भी गोवंश की क्षति होने की जानकारी नहीं। उन्होंने बताया कि गोवंशों के लिए हरे और सूखे चारे की आपूर्ति निर्बाध रूप करने के निर्देश संबंधित को दे दिये गए है। संबंधित खंड विकास अधिकारी और पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया है कि पशुओं की नियमित रूप से चिकित्सकीय जांच कराई जाए और आवश्यकता होने पर टीकाकरण भी करें

इस दौरान एसएफआरएफ की टीम लगातार मौके पर नजर बनाए हुए हैं। राहत सामग्री समय उपलब्ध कराई जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जैसे ही जलस्तर कम हो जाएगा पशुओं को पुनः सुरक्षित पुनर्स्थापित करा दिया जाएगा।

इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र के उप जिला अधिकारी अभिषेक वर्मा, दोनों जनपदों के खंड विकास अधिकारी सहित पशु चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अयोध्या: स्थानीय शिल्पकारों के परंपरागत शिल्प को पुनर्जीवित कर रही है योगी सरकार

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

काफी तेजी से विलुप्त होती जा रही माटी कला को योगी सरकार ने एक बार फिर से पुनर्जीवित जीवित करने का प्रयास शुरु किया है। प्रदेश कि योगी सरकार के सहयोग से अब अयोध्या के कुम्हारों को हाईटेक करने का बीड़ा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उठाया है। अयोध्या जनपद के कुम्हारों को अब बिजली से चलने वाले चाक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके पीछे सरकार की मंशा है कि कुम्हारों के बंद होते जा रहे रोजगार को पुनर्जीवित करते हुए कुम्हारों की आय को बढ़ा कर उनकी आय को बढ़ाना है। वैसे भी अयोध्या में दीपावली के मौके पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव में यहाँ लाखों की संख्या में दीपक की आवश्यकता होती है। जिसे साधरण चाक से पूरा नहीं किया जा पा रहा था। अब जब इलेक्ट्रिक से चलने वाले चाक कुम्हारों के हाथों में पहुँच जाएंगे तो उनका काम और तेज हो जाएगा।

कुम्हारों की मदद कर रहा खादी ग्रामोद्योग विभाग मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना से कुम्हारों को हाईटेक बनाने के लिए खादी ग्रामोद्योग विभाग आगे आया है। जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में माटी कला व्यवसाय के शिल्पियों को निःशुल्क इलेक्ट्रिक चाक चलाने का प्रशिक्षण व वितरण किया जा रहा है। 120 कुम्हारों में अब तक वितरित किये गए हैं इलेक्ट्रिक चाक जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि हमारे विभाग की ओर से माटी कला को प्रोत्साहित करने के लिए कुम्हारों को हाईटेक किया जा रहा है। इसके लिए विभाग की ओर से वर्ष 2021-22 में 25,वर्ष 2022-23 में 20,वर्ष 2023-24 में 40 व 2024-25 में 35 कुम्हारों को हाईटेक बनाते हुए इलेक्ट्रिक चाक वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अबतक 120 कुम्हारों को योजना का लाभ मिला है। शासन की ओर से चिन्हित कुम्हारों को इलेक्ट्रिक चाक वितरित किये जा रहे हैं।

## इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस की बैठक में पत्रकारिता की चुनौतियों पर चर्चा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने की। इस बैठक में प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।बैठक में पत्रकारों के बीच एकता की कमी और पत्रकारिता में बढ़ते जातिवाद पर चिंता व्यक्त की गई। सुबोध श्रीवास्तव ने कहा, ÷हमें इन मुद्दों से ऊपर उठकर काम करना होगा। संगठन पत्रकारों की समस्याओं को सुलझाने के लिए अधिकारियों से संवाद करेगा।÷जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने सभी पत्रकारों से निडर होकर कार्य करने का आह्वान किया और समाज में व्याप्त बुराइयों को



उजागर करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ÷पत्रकारिता का असली उद्देश्य समाज के हित में सच को सामने लाना है।÷संगठन मंत्री राजेंद्र कुमार दूबे (राजू) ने युवा पत्रकारों को अपने कार्य में सच्ची लगन से जुटने की सलाह दी। उन्होंने कहा, ÷युवाओं को अपनी भूमिका समझनी होगी और उन्हें अपने काम में उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।÷ बैठक में फॉर्म जमा करने और आई कार्ड बनने की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई। संरक्षक कुशल मिश्रा, अंबिका त्रिपाठी, खलीद रसीद, राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस के तमाम पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन की मजबूती और पत्रकारिता के उत्थान के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

## एनटीपीसी ऊंचाहार के स्टेज-1 में एफजीडी सिस्टम का गैस इन शुरू

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

एनटीपीसी ऊंचाहार के स्टेज - द्ब के अंतर्गत प्रचालित 210 मेगावाट की दोनों इकाईयों में एफजीडी सिस्टम को चालू करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए गैस-इन व प्रचालन की प्रक्रिया को शुरू किया गया। परियोजना प्रमुख श्री मनदीप सिंह छाबड़ा ने करतल ध्वनि के बीच इस प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री छाबड़ा ने कहा कि प्रदूषण मुक्त तथा पर्यावरण हितैषी विद्युत उत्पादन एनटीपीसी की सुस्पष्ट नीति है। उसी के अनुपालन में ऊंचाहार विद्युत ग्रह की प्रत्येक इकाई में एफजीडी प्रणाली लागू करने की दिशा में कार्यरत हैं ताकि प्रदूषण मुक्त विद्युत उत्पादन के संकल्प को पूरा कर सकें उल्लेखनीय है कि स्टेज - द्ब में एफजीडी सिस्टम ट्रायल रन 30 दिन तक लगातार सफलतापूर्वक संचालित करने के बाद इसे पूर्ण रूप से कमीशंड घोषित कर दिया जाएगा। इसके कमीशंड होने पर ऊंचाहार पहला ऐसा विद्युत गृह होगा, जिसमें एक साथ दो इकाईयों में संयुक्त एफजीडी सिस्टम की शुरुआत की गई है। उद्घाटन अवसर पर परियोजना प्रमुख के अलावा महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री रवि प्रकाश अग्रवाल, महाप्रबंधक (प्रचालन) श्री राजेश कुमार, उप महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) श्री आशीष गैरोला तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेउल्लेखनीय है कि एफजीडी सिस्टम के संचालन से प्रदूषण स्तर को



लगभग शून्य किया जा सकेगा। यह प्रणाली पावर प्लांट के उत्सर्जन से सल्फर की मात्रा को 97 प्रतिशत तक कम करता है और वातावरण दूषित होने से बचाताहैथर्मल पावर प्रोजेक्ट में स्न्न्नष्ठ सिस्टम का मुख्य उद्देश्य वातावरण में सल्फर डाइऑक्साइड (स्ह्२) उत्सर्जन को कम करना है। जब कोयले से बिजली उत्पन्न की जाती है, तो उसके जलने से सल्फर डाइऑक्साइड उत्पन्न होती हैं स्न्न्नष्ठ सिस्टम कोयले के जलने के बाद निकली फ्ल्यू गैसों से सल्फर डाइऑक्साइड को हटाने का काम करता है। यह प्रक्रिया आमतौर पर चूना पत्थर (लाइमस्टोन) या अन्य रासायनिक घोल का उपयोग करके की जाती है, जो सल्फर डाइऑक्साइड के साथ रासायनिक प्रतिक्रिया करके उसे ठोस रूप में बदल देता है जिसे सुरक्षित रूप से निपटाया जा सकता है इस सिस्टम का उपयोग न केवल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि बिजली संयंत्र पर्यावरणीय मानकों का पालन करें, जिससे सतत और सुरक्षित ऊर्जा उत्पादन हो सके।

### छात्रसभा के महानगर अध्यक्ष नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के निर्देश पर छात्रसभा के महानगर अध्यक्ष अजय मिश्रा के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी बीके चौधरी को सौंपा ,ज्ञापन में महानगर अध्यक्ष अजय मिश्रा ने कहा कि आज भाजपा के सरकार मे विश्वविद्यालयों,महाविद्यालयों मे पीडीए समाज के छात्रों का शोषण हो रहा है, मौजूदा भाजपा सरकार छात्रसंघ चुनाव नही कराना चाहती,महानगर अध्यक्ष अजय मिश्रा ने कहा कि पीडीए समाज के छात्रों की छात्रवृत्ति अविलंब बहाल करें अन्यथा 2027 में भाजपा की सरकार को उखाड़ फेकने का काम यही छात्र-नौजवान करेंगें, महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से बाबा वाहिनी के महानगर अध्यक्ष शिव शंकर शिवा , आलोक मिश्रा, कपीश मिश्रा,अनूप पाठक , सलोनी , प्रियंका कुमारी और तमाम छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## फर्जी पत्रकारों पर होगी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

फर्जी पत्रकारों की अब खैर नहीं , पत्रकारिता के आड़ में लोगों का शोषण करना, धन उगाही करना व मनमानी करना अब फर्जी पत्रकारों को जेल की हवा खिला सकता है। यू.पी .जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ?(उपजा) शाखा रायबरेली की अगुवाई में जिले के वरिष्ठ पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी , पुलिस अधीक्षक एवं



जिला सूचना अधिकारी से मिला । पत्रकारों ने मांग की , कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में फर्जी पत्रकारों द्वारा पत्रकारिता जैसे आदर्शवादी ,सम्मानित और सुचिता पूर्ण पेशे को बदनाम किया जा रहा है, जिससे पत्रकारों की छवि समाज के समक्ष धूमिल हो रही है जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय सहित जिला सूचना अधिकारी ने भरोसा दिलाया कि बहुत जल्द ही जिले में फर्जी पत्रकारों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एनटीपीसी के खिलाफ दुष्प्रचार - पूर्वाग्रह से ग्रसित एवं दुर्भावना से प्रेरित

**जन एक्सप्रेस । 000**

विगत कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि एनटीपीसी ऊंचाहार विद्युत गृह के कार्याकलापों से संबंधित असत्य एवं भ्रामक खबरें फैलायी जा रही हैं एवं आम जनमानस में एनटीपीसी के प्रति नकारात्मक सोच को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो कि पूर्णतः असत्य एवं तथ्यों से परे है। इस प्रकार की अफवाहों एवं भ्रामक खबरों से देश की महारत्न कंपनी एनटीपीसी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे एनटीपीसी कर्मचारी एवं उनके परिवारजन हृदय से आहत महसूस कर रहे हैं

यह सर्वविदित है कि एनटीपीसी संस्था भारत ही नहीं विश्व की अग्रणी विद्युत उत्पादक कंपनी है एनटीपीसी का प्रमुख उद्देश्य बिजली उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाना है। एनटीपीसी कर्मचारी अहर्निश बिजली उत्पादन के अपने अभियान में सदैव तत्पर रहते हैं। इसका सुखद परिणाम यह है कि आज एनटीपीसी के देशभर में फैली विभिन्न परियोजनाओं से 76 हजार मेगावाट से भी अधिक बिजली उत्पादन हो रहा है। एनटीपीसी ऊंचाहार बिजली उत्पादन के इस अभियान में नित नए कीर्तिमान गढ़ रहा है

ऊंचाहार परियोजना परिसर में उत्सवधर्मिता तथा सांस्कृतिक सद्भावना को बनाए रखने के लिए एनटीपीसी कर्मचारी तथा उनके परिवारजन?समय-समय पर होने वाले त्योहारों को उत्साहपूर्वक मनाते हैं। इससे भी संबंधित भ्रामक तथ्य हाल ही में फैलाया गया है। यहां यह स्पष्ट करना है कि ऐसे आयोजन कर्मचारी व उनके परिवार स्वप्रेरित होकर आयोजित करते हैं। इसके लिए सभी कर्मचारी अपने वेतन से सहयोग राशि देते हैं। ये उत्सव एवं आयोजन एनटीपीसी कर्मचारी तथा उनके परिवारजनों के निजी कार्यक्रम हैं। एनटीपीसी कर्मचारी राष्ट्रीय भावना एवं सामाजिक चेतना के प्रति अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करते हुए आसपास के ग्रामीणों व सामान्य जनों?को भी अपने उत्सव में शामिल करके उनको भी मनोरंजन का अवसर देते हैंआसपास के लोगों व परिवारों को एनटीपीसी के साथ शामिल होने की कोई बाध्यता नहीं है

यहां यह बताना जरुरी है कि कुछ लोगों को यह भ्रांति है कि एनटीपीसी व्यापारिक एजेंसियों से पैसा वसूल कर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती है। यह सर्वथा असत्य है। यहां यह बताना उचित होगा कि इस प्रकार के आयोजनों को सफल बनाने के लिए विभिन्न खर्चे जैसे पंडाल, टेन्ट, लाईट, पूजा व महाभोग आदि की व्यवस्था करनी होती है, जिसके लिए कार्यक्रम में भाग लेने वालों से सहयोगराशिकीअपेक्षा की जाती हैइनपर्वों कोआयोजित करने के लिए और कर्मचारियों की सामूहिक भागीदारी को ध्यान में रखते हुए सभी कर्मचारी एक पर्व आयोजन समिति का गठन करते हैं। पर्व समिति के द्वारा आने वाले समय में दुर्गा पूजा, दशहरा व रामलीला का आयोजन प्रस्तावित है जो कि पूर्णतः परियोजनापरिसर केनिवासियों के लिए हैएनटीपीसीऊंचाहारविद्युत गृह के कार्याकलाप केवल एनटीपीसी के कर्मचारी से संबंधित रहते हैं।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# पैसों के लालच मे महिला ने युवक पर लिखवाया था दुष्कर्म का फर्जी मुकदमा



- एन.जी.ओ. संचालक से महिला की 80 हजार रूपए मे हुई थी डील, 15 हजार मिले थे एडवांस
- 21 सितंबर को महिला युवक के संग गई थी गोविंद नगर स्थित होटल T.S. INN, 22 सितम्बर को दर्ज हुआ मुकदमा
- कोर्ट मे कलमबंद बयान मे महिला ने बताया कि एनजीओ संचालक और पूरी टीम का इस साजिश मे था पूरा सहयोग




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

गोविंद नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते दिनों महिला द्वारा उसके साथ हुए दुष्कर्म का आरोप लगाए जाने के मामले मे एक बड़ा खुलासा हुआ है।पुलिस को मामले की जांच करते हुए पता चला कि महिला के साथ हुई दुष्कर्म की घटना का मामला पूरी तरह से फर्जी है। महिला ने 80 हजार रूपए के लालच मे और एन.जी.ओ संचालक के कहने पर युवक के खिलाफ फर्जी मुकदमा कराया था।इस बात का खुलासा खुद पुलिस पूछताछ मे महिला ने किया है।

बता दें कि देवकी नगर मे रहने वाली महिला ने कानपुर देहात के रनिया विसायगपुर गांव निवासी विनय कुमार पर 22 सितंबर को दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप था कि वह पांडव नगर स्थित मां तुम्हे नमन नाम की एक संस्था से जुड़ी है।इसी दौरान उसकी जान पहचान विनय से हुई। विनय ने नौकरी का झांसा दिया और 21 सितंबर को गोविंद नगर के एक होटल मे बुलाया और दुष्कर्म किया। जिसके बाद महिला ने गोविंदनगर थाने मे मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी हुई कि दुष्कर्म का लगाया गया आरोप पूरी तरह से फर्जी है और महिला ने पैसों की लालच मे आकर यह आरोप लगाया था।

### डीसीपी साउथ ने मामले का किया खुलासा

इस पूरे मामले पर डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि मजिस्ट्रेट के सामने महिला ने कलम बंद बयान दर्ज कराते हुए बताया कि संस्था के अध्यक्ष पवन सिंह व पंकज सिंह राजावत ने विनय नाम के युवक पर दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। इसमे एनजीओ की पूरी टीम सहयोग कर रही थी। विनय को फसाने के लिए उसे 80 हजार रूपए का लालच दिया गया था। 15 हजार रूपए एडवांस भी दिए गए थे। डीसीपी के मुताबिक घटना वाले दिन महिला विनय के साथ जिस होटल मे गई थी उसके नजदीक मे ही पंकज सिंह राजावत पवन अपनी टीम के साथ मौजूद थे। विनय जैसे ही महिला के साथ होटल के कमरे मे पहुंचा वैसे ही महिला कमरे से शोर मचाते हुए निकली और भीड़ एकत्र हुई। तभी उसने फोन कर पंकज व पवन आदि को भी बुला लिया। पुलिस ने सभी साक्ष्य इकट्ठा कर लिए हैं।

### विनय और पंकज मे जमीनी विवाद को लेकर थी रंजिश


वहीं डीसीपी साउथ ने यह भी जानकारी दी है कि विनय की अकबरपुर मे जमीन है। उसके बगल मे पंकज राजावत की जमीन है। इसको लेकर पंकज और विनय मे विवाद था विनय के परिजनों ने पंकज पर मुकदमा भी दर्ज कराया था। पंकज मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा था।

### एनजीओ संचालक और महिला पर होगी अब कानूनी कार्यवाही

जानकारी के मुताबिक पुलिस अब सारे साक्ष्य एकत्र कर फर्जी मुकदमे मे फसाने और पुलिस को गुमराह करने के मामले मे महिला, एनजीओ संचालक एवं एनजीओ की पूरी टीम पर कार्यवाही करेगी। जिसको लेकर पुलिस आगे की कार्यवाही के लिए महिला से और भी पूछताछ कर रही है। जांच मे जो भी साक्ष्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्यवाही करी जाएगी।

# सगाई के बाद महिला से शारीरिक संबंध का दबाव बनाने वाले शिक्षक पर मुकदमा दर्ज



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

थाना चकेरी क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली एक महिला को सगाई तोड़ना भारी पड़ गया। सगाई टूटने से नाराज युवक ने महिला के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र पोस्ट कर डाली।महिला को जब इसकी जानकारी हुई तो महिला ने इसका विरोध किया। इसके बाद महिला ने जब आरोपी से बातचीत की तो आरोपी गाली गलौज करने लगा। वहीं महिला का यह भी आरोप है कि युवक ने उसके साथ मारपीट भी की है। जिसको लेकर महिला ने युवक के खिलाफ थाने मे लिखित शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इसके बाद पुलिस ने महिला द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थाना चकेरी क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली महिला के मुताबिक उसका विवाह 2009 मे हो चुका था। लेकिन पति से मतभेद के चलते उसने तलाक ले लिया था। वह अपनी बेटी के साथ रहकर प्राइवेट स्कूल मे नौकरी करती है। महिला के अनुसार उन्होंने दूसरा विवाह करने के लिए मैट्रिमोनियल साइट पर आईडी बनाई थी। वर्ष 2020 मे सोशल मीडिया के माध्यम से इटावा के अशोक नगर निवासी बृजेश तिवारी से संपर्क हुआ। बृजेश ने खुद को प्राइमरी स्कूल मे शिक्षक बताते हुए अपनी शादी का प्रस्ताव रखा था। परिजनों की सहमति से उनकी सगाई हो गई। आरोपी सगाई के बाद से ही महिला से शारीरिक संबंध के बनाने के लिए दबाव बनाने लगा इससे तंग आकर उन्होने सगाई तोड़ दी। महिला ने आरोप लगाया की सगाई टूटने से नाराज बृजेश सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हे बदनाम करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद पीड़िता ने परेशान होकर इसकी शिकायत चकेरी थाने मे दर्ज कराई। इस पूरे मामले पर चकेरी थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि महिला द्वारा थाने पर तहरीर दी गई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जांच के दौरान जो भी मामला सामने आएगा उसके आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### कल्याणपुर में 12वीं की छात्रा ने की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के आर0के0 पुरम में एक किराए के मकान में रहने वाली 12वीं की छात्रा, आरती उम्र 18 वर्ष ने आत्महत्या कर ली। आरती ने पंखे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन ने करी प्रेसवार्ता, T20 से लिया संन्यास



### शाकिब ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए कहा बांग्लादेश छोड़ना है खतरनाक

शाकिब ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि बांग्लादेश वापस जाना कोई चिंता की बात नही है लेकिन वहां जाने के बाद बांग्लादेश छोड़ना खतरनाक है। शाकिब ने यह भी पुष्टि की है कि 2025 की शुरुआत मे आगामी चैंपियंस ट्रॉफी बांग्लादेश के लिए उनकी आखिरी वनडे सीरीज भी हो सकती है। 2026 मे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे पदार्पण करने वाले शाकिब सभी प्रारूपों मे 14000 रन और 700 विकेट हासिल कर सके हैं। उन्होंने अपने करियर मे अभी तक 129 ञ्20, 247 वनडे ,70 टेस्ट और 72 आईपीएल मैच खेले हैं।

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

ग्रीन पार्क मैदान मे 27 सितंबर से भारत और बांग्लादेश टीम के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जाना है। टेस्ट मैच खेले जाने से पहले बीते दिन गुरुवार को बांग्लादेश टीम के खिलाड़ी और पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने एक चौका देने वाला फैसला मीडिया के सामने रखा। शाकिब अल हसन ने दूसरे टेस्ट मैच से पहले ञ्20 मैच से संन्यास लेने का फैसला लेने की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि पहले मैने 2025 मे संन्यास लेने का फैसला किया था लेकिन उन्होंने आज इस फैसले की घोषणा कर सबको हैरान कर दिया।

मीडिया से बातचीत के दौरान बांग्लादेश टीम के खिलाड़ी शाकिब अल हसन ने कहा कि वर्ल्ड कप ञ्20 मैच मे जो मैने मैच खेला था उसे भी अब मेरा अंतिम मैच ही समझा जाए।मैने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को यह कह भी दिया है कि हां यह सन्यास लेने का सही मौका है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अब नए खिलाड़ियों को मौका मिलना चाहिए। अनुभवी क्रिकेटर शाकिब 2007 के बाद से वह काफी चर्चा मे रहें और हर फॉर्मेट मे वह दिखाई भी दिए हैं। ञ्20 विश्व कप के हर संस्करण मे वह दिखाई दिए। 2024 संस्करण मे टूर्नामेंट के सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप मे उन्होंने अपनी पारी यहीं से समाप्त कर दी।

उन्होंने कहा कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ मीरपुर मे होने वाले टेस्ट मैच के बाद टेस्ट मैच से भी मै संन्यास ले लूंगा।

# नशे मे धुत कार चालक ने किशोरी को मारी टक्कर, पुलिस ने कराया भर्ती




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

थाना बर्रा क्षेत्र के बर्रा गांव इंग्लिश शराब ठेके के पास नशे मे धुत कार चालक ने रास्ते से गुजर रहे पिता और किशोरी को टक्कर मार दी। जिससे किशोरी बुरी तरह चोटहिल हो गई। आसपास के लोगों ने कार सवार को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार को हिरासत मे ले लिया और किशोरी को पास के निजी अस्पताल मे भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक कार चालक का नाम बर्रा विश्व बैंक निवासी प्रियम ठाकुर बताया जा रहा है। किशोरी की उम्र लगभग 10 से 12 साल वर्ष है जिसका अस्पताल मे ईलाज चल रहा है। वहीं बर्रा पुलिस कार और चालक को हिरासत मे लेकर आगे की कार्यवाही कर रही है।

# CSJMU मे आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता मे होगा दीक्षांत समारोह, प्रेसवार्ता कर दी जानकारी



### शोधार्थियों को मिलेगी पीएचडी की उपाधि

विवि के कुलपति विनय पाठक ने बताया कि दीक्षान्त समारोह मे कुलाधिपति पदक (स्वर्ण, सिल्वर, ब्रांज सभी मिलाकर) 36 पदक तथा कुलपति स्वर्ण पदक 12 तथा 57 स्पोन्सर्ड स्वर्ण पदक सहित कुल 105 पदक दिये जायेंगे। 57 छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति द्वारा पदक प्रदान किये जायेंगे। जिसमे 39 छात्राएं तथा 18 छात्रों को पदक दिये जायेंगे। दीक्षान्त समारोह मे कानपुर डी0जी0 कॉलेज की रितिका अवस्थी को संगीत पाठ्यक्रम मे कुलाधिपति स्वर्ण पदक सहित कुल 06 पदक प्रदान करेंगी। दीक्षान्त समारोह मे 1,18,737 विद्यार्थियों को स्नातक/परास्नातक की उपाधि तथा 86 शोधार्थियों को क्कद्ध.ष्ठ की उपाधि प्रदान की जायेगी।

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

छत्रपति शाहू जी महाराज विवि के सेंटर फॉर अकादमिक भवन मे कल गुरुवार को विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता मे एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता मे कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने बताया कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय आगामी शुक्रवार यानी 28 सितंबर को अपना 39वां दीक्षान्त समारोह का आयोजन करने जा रहा है।

कुलपति विनय पाठक ने बताया कि इस समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल करेंगी। इस समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (ॠढ्डह्लश्वश्व) के उपाध्यक्ष डॉ अभय जेरे रहेंगे। विशिष्ट अतिथि मंत्री उच्च शिक्षा, उ0प्र0 सरकार योगेन्द्र उपाध्याय तथा राज्य मंत्री उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार रजनी तिवारी रहेंगे। इस दीक्षान्त समारोह मे उ0प्र0 विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना को मानद् उपाधि प्रदान की जायेगी।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर वैक्सिनेशन का होगा उद्घघाटन

दीक्षान्त समारोह मे 25 ऐसे छात्र-छात्राएं हैं जिन्हे एक से अधिक पदक प्रदान किये जायेंगे। दीक्षान्त समारोह मे कुलाधिपति द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा चयनित 05 ग्रामों की किशोरियों मे सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु नि:शुल्क टीकाकरण (वैक्सीनेशन) का उद्घाटन किया जायेगा। दीक्षान्त समारोह मे कुलधिपति द्वारा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला क्षयरोग अधिकारी को टी.बी. ग्रस्त मरीजों के लिये पोषण पोटली प्रदान किया जायेगा। इस दीक्षान्त समारोह मे कुलाधिपति विश्वविद्यालय एवं रामवीर तंवर (पांड मेन ऑफ इंडिया) के द्वारा संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय परिसर सहित कानपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 11 जलाशयों को पुनर्जीवित करने के ''तालाब तारण अभियान'' का शुभारंभ किया जायेगा।

इस कार्यक्रम मे पर्यावरण संवर्धन के सम्न्ध मे बच्चों के द्वारा वॉक भी की जाएगी। साथ ही स्कूल ऑफ क्रिएटिव एवं परफार्मिंग आट्‌र्स द्वारा भगवान नटराजन की मूर्ति का लोकार्पण भी किया जाएगा। कुलाधिपति द्वारा साड़ी बैंक का उद्घाटन और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को किट भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर विवि के प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार एवं वित्त नियंत्रक अशोक कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे।

# 1 करोड़ 15 लाख रुपए की बिकी टेस्ट मैच की टिकट



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

भारत और बांग्लादेश के बीच 27 सितंबर से खेले जाने वाले टेस्ट मैच में कुल 26,007 दर्शक ग्रीन पार्क में मैच देखेंगे। जोकि 2021 में खेले गए भारत और न्यूजीलैंड टेस्ट मैच से ज्यादा है। साथ ही इस मैच में गुरुवार दोपहर तक रिकॉर्ड 1 करोड़ 15 लाख रुपए की टिकट बिक गयी है। गुरुवार को प्रेसवार्ता में वेन्यू डायरेक्टर डा. सजंय कपूर ने बताया कि पिछले एक महीने से सी गैलरी की जर्जर क्षमता को लेकर चल रही मरम्मत का काम पूरा होने के बाद पीडब्ल्यूडी की एनओसी मिल चुकी है।

अब यहां की कुल क्षमता आगामी टेस्ट के लिए 26,007 पहुंच चुकी है। जबकि पिछले टेस्ट में यहां 22, 491 लोगों ने मैच देखा था। डा. कपूर ने बताया कि भारत-बंगलादेश टेस्ट का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और यूपीसीए के अध्यक्ष डा. निधिपति सिंघानियां करेंगे। जबकि, ग्रीन पार्क में पहली बार प्रयोग होने जा रही घंटी से मैच की शुरुआत शीर्ष खिलाड़ी करेंगे। गुरुवार सुबह शुरू हुए बूंदाबांदी के बाद पिच व पूरा मैदान कवर कर दिया गया है।

### शहीदों के परिजनों को दिखाया जाएगा मैच

उन्होंने बताया कि मैच के दौरान शहीदों के परिवारों को भी बतौर अतिथी मैच दिखाया जाएगा। ग्रीन थीम के तहत होने जा रहे मैच में मुख्य अतिथियों द्वारा पौधा भी लगवाया जायेगा और शहीदों के परिवार द्वारा उनके शहीद के नाम का पौधा रोपित किया जायेगा। प्लास्टिक फ्री मैच कराने के लिए हर संभव प्रयास किये गये हैं। स्टेडियम में दर्शकों की इंट्री 8.15 बजे से शुरू की जायेगी। स्टेडियम के इंट्री गेट पर सेल्फी प्वाइंट भी बनवाए गये हैं।

# चार राज्यों के 500 लोगों को ठगा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी का झांसा देकर चार राज्यों के 500 से ज्यादा लोगों को ठगने वाले मास्टरमाइंड अभिषेक सिंह ने यू-ट्यूब पर वीडियो देखकर साइबर ठगी के तरीके सीखे। इसके बाद गांव के ही बेरोजगार साथियों को ट्रेनिंग देकर अपने गैंग में शामिल कर लिया। इसके बाद इंडिगो एयरलाइन से मिलता-जुलता इंडिगो रिलेशन नाम का डोमेन खरीदकर वेबसाइट बनवाई और खुद गैंग ऑपरेट करने लगा। धंधा चल निकला तो कॉल सेंटर खोलकर लोगों को ठगने लगा। जालौन के माधौगढ़ का रहने वाला अभिषेक सिंह बीएससी पास है। वह मुंबई से भी साइबर फ्रॉड के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि कोरोना काल के बाद वर्ष 2021 में उसने ग्रेजुएशन पूरा किया और गुजरात में मार्केटिंग की नौकरी की। मंदी के चलते उसे नाम मात्र का वेतन मिलता था। इसके चलते नौकरी छोड़ दी और गांव लौट आया। घर पर ही उसने पैसे कमाने के तरीके यू-ट्यूब पर देखे। इसके बाद वेबसाइट बनाकर खुद ऑपरेट करने लगा। शुरुआत में खुद ही डेटा खरीदकर लोगों को नौकरी का झांसा देकर फंसाने लगा। ठीक-ठाक ठगी होने लगी तो उसने गांव में बेरोजगार घूम रहे युवाओं को पार्टनरशिप पर ठगी के धंधे में शामिल कर लिया।

# ग्रीनपार्क में पहली बार तैनात की गईं मॉडर्न फायर फाइटिंग बुलेट्स



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

ग्रीनपार्क में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच को लेकर अग्निशमन विभाग ने भी तैयारियां पूरी कर ली है। आग से संबंधित कोई भी घटना न हो इसके लिए मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने स्टेडियम, ड्रेसिंग रूम और होटल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यह पहला मौका होगा जब ग्रीनपार्क में होने वाले इंटरनेशनल मैच में मॉडर्न फायर फाइटिंग बुलेट्स को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी अग्निशमन व्यवस्थाओं को क्रियाशील कर दिया गया है। चार से पांच अग्निशमन वाहन स्टेडियम के अंदर तैनात रहेंगे। उत्तर प्रदेश फायर सर्विस के 50 से ज्यादा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। स्टेडियम के बाहर भी अलग-अलग स्थानों पर दो से तीन फायर ब्रिगेड तैनात रहेंगी। उधर, लैंडमार्क होटल में स्टैंडबाई फायर ब्रिगेड रखी जाएगी।

### पुलिस कमिश्नर ने तैयारियों की समीक्षा की

टेस्ट मैच को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बुधवार को वेन्यू डायरेक्टर संजय कपूर, यूपीसीए के अन्य पदाधिकारियों तथा पुलिस उपायुक्त मुख्यालय आरती सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त लॉ एंड ऑर्डर मनोज पांडेय, अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी व एलआईयू राजेश श्रीवास्तव अन्य अधिकारियों के साथ अभ्यास सत्र में स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान तैयारियों की समीक्षा की गई।

# स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के पहियों का एक्सल हुआ जाम



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिहार के जयनगर से दिल्ली जा रही सुपरफास्ट स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस 12561 गुरुवार की दोपहर दुर्घटनाग्रस्त होने से बची। फतेहपुर स्टेशन क्रॉस करते ही बी-4 कोच के पहियो× का एक्सल जाम होकर गर्म हो गया। इसकी वजह से कोच लहराने लगा। इस पर ट्रेन को कुरस्ती कलां स्टेशन पर रोकना पड़ा। रेलवे के तकनीकी स्टाफ ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद ट्रेन को स्टेशनों पर रोकते हुए कॉशन लेकर सेंट्रल लाया गया।

यहां नया कोच लगाकर करीब 75 मिनट बाद दोपहर के सवा दो बजे ट्रेन रवाना हुई। ट्रेन फतेहपुर स्टेशन को क्रॉस करके कानपुर की ओर करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी। रास्ते में ट्रैक के स्टाफ ने पहियों का एक्सल जाम होने की वजह से बी-4 बोगी को हल्का लहराते हुए देखा। उन्होंने तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद दोपहर करीब 12:53 बजे कुरस्ती कलां स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया। यहां के तकनीकी विशेषज्ञों ने एक्सल को चेक किया। उसके सही न होने पर ट्रेन को 60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से कॉशन लेकर सेंट्रल लाया गया। ट्रेन बीच के तीन स्टेशनों पर रुकते हुए प्लेटफार्म नंबर दो पर आई। स्टेशन पर यात्रियों ने नाराजगी जताई, लेकिन रेलवे स्टाफ और आरपीएफ ने उन्हें शांत कराया। एसीएम रेलवे संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के बी-4 कोच को बदलकर ट्रेन रवाना की गई।

### कोरोना काल के बाद 30 से 50 आयु वर्ग के दिल के रोगी हुए दोगुना

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**। अब जवान लोगों के दिल में खून का थक्का अधिक जमने लगा है। कोरोना काल के बाद कार्डियोलॉजी में आने वाले हृदय रोगियों के आयु वर्ग में फर्क आया है। रोगियों की संख्या में बढ़त तो रूटीन जैसी ही है, लेकिन इनका आयु वर्ग बदला है। रोगियों की स्थिति का आकलन करने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना संक्रमण से लोगों की नसें संकरी हो गईं और थक्का अधिक जमने लगा। 30 से 50 वर्ष आयु वर्ग के रोगियों की संख्या पहले 10 से 15 फीसदी होती थी, लेकिन अब 30 से 40 फीसदी हो गई है। एलपीएस कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट में हर साल हृदय रोगियों की संख्या पांच से 10 हजार के बीच बढ़ती है। सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि पहले 55 वर्ष से अधिक आयु के हृदय रोगी अधिक आते रहे हैं। कोरोना काल के बाद अब 30 से 50 वर्ष आयु वर्ग के रोगी अधिक हो गए हैं। इनकी संख्या 10-15 फीसदी से बढ़कर 30 से 40 फीसदी हो गई है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय


# संरक्षित हों तीर्थस्थल की हिन्दू वंशावलियों की पंजिका

**शताब्दियों से हो रहा ये लेखन भोज पत्रों और ताम्र पत्रों के बाद अब कागज की बहियों पर शुरू किया गया। तीर्थ पुरोहितों के पास सैकड़ों वर्ष पुरानी बहियां आज भी सुरक्षित हैं। तीर्थ पुरोहितों की बहियों में देश भर के राजाओं, महाराजाओं, साधु, संतों, राजनेताओं एवं आम लोगों के परिवारों के वंश लेखन बहियों में मौजूद हैं। अकेले हरिद्वार में 30 हजार से अधिक की संख्या में वंशावली की बहियां सुरक्षित और संरक्षित हैं। इन बहियों में लेखन करने के लिए अलग स्याही तैयार करके तीर्थ पुरोहित वही लेखन करते हैं, जो काफी वर्षों तक सुरक्षित रहती है।**

*हिंदू तीर्थस्थल धार्मिक मान्यताओं और पूजन अर्चन के लिए विख्यात है। इन सब कार्य को इन स्थलों के ब्राह्मण पंडित कराते हैं। ये ब्राह्मण पंडित पंडा कहे जाते हैं। ये पंडा सदियों से एक कार्य करते और कराते आ रहे हैं। ये पंडा अपने पास आने वाले यजमान (भक्तों) के परिवार का इतिहास अपनी बहियों में संजोते जा रहें हैं। ये काम सदियों से अनवरत रूप से जारी है। ये हिन्दू वंशावलियों की पंजिकाएं ऐतिहासिक धरोहर हैं। आज इनके संरक्षण की आवश्यक्ता है। इनके संजोकर रखने की जरूरत है। हिंदू परिवारों को इस बारे में बहुत कम या न के बराबर जानकारी है। उन्हें पता भी नही कि इन स्थानों पर उनके परिवार का इतिहास संग्रहित है। सदियों से बहियों में ये रिकार्ड व्यापारी के खाते की तरह लिखकर रखा जा रहा है। अधिकतर भारतीयों व वे परिवार जो विदेश में बस गए उनको आज भी पता नहीं कि इन तीर्थस्थल की पंडो की बहियों में उनके परिवार की वंशावली दर्ज है। हिन्दू परिवारों की पिछली कई पीढ़ियों की विस्तृत वंशावलियां इन पंडा के पास संग्रहित हैं। ये पंडा आने वाले यजमान से उसके परिवार की जानकारी नोट करने के बाद उसके हस्ताक्षर कराकर बही में अपने पास रखते हैं। ये पंडा ये बहियां अपनी आने वाली अपनी पीढ़ी को सौंपते जाते हैं। ये बहियां जिलों व गांवों के आधार पर वर्गीकृत की गयीं हैं। प्रत्येक जिले की पंजिका का विशिष्ट पंडित होता है। यहाँ तक कि भारत के विभाजन के उपरांत जो जिले व गाँव पाकिस्तान में रह गए व हिन्दू भारत आ गए उनकी भी वंशावलियां यहाँ हैं। कई स्थितियों में उन हिन्दुओं के वंशज अब सिख हैं, तो कई के मुस्लिम अपितु ईसाई भी हैं। किसी-किसी की सात वंश या उससे भी ज्यादा की जानकारी पंडों के पास रखी इन वंशावली पंजिकाओं से होना साधारण सी बात है। शताब्दियों पूर्व से हिन्दू पूर्वजों ने हरिद्वार या किसी पावन नगरी की यात्रा की/ तीर्थयात्रा के लिए या/ शव-दाह या स्वजनों के अस्थि व राख का गंगा जल में किया होगा तो वे संबद्ध पंडा के पास गए होंगे। ये पंडा इन आने वालों के रहने खाने तक की व्यवस्था करते हैं। इन पंडाओं ने अपनी पंजिका में वंश-वृक्ष को संयुक्त परिवारों में हुए सभी विवाहों, जन्म व मृत्युओं के विवरण दर्ज किया हुआ हैं। वर्तमान में धार्मिक स्थल पर जाने वाले भारतीय हक्के-बक्के रह जाते हैं जब वहां के पंडित उनसे उनके अपने वंश-वृक्ष को नवीनीकृत कराने को कहते हैं। आजकल जब संयुक्त हिदू परिवार का चलन ख़त्म हो गया है। लोग एकल परिवारों को तरजीह दे रहे हैं, ये पंडित चाहते हैं कि आगंतुक अपने फैले परिवारों के लोगों व अपने पुराने जिलों- गाँवों, दादा- दादी के नाम व परदादा-परदादी और विवाहों, जन्मों और मृत्यु, परिवारों में हुए विवाह आदि की पूरी जानकारी के साथ वहां आएं। आगंतुक परिवार के सदस्य को सभी जानकारी नवीनीकृत करने के उपरांत वंशावली पंजीका को भविष्य के पारिवारिक सदस्यों के लिए व प्रविष्टियों को प्रमाणित करने के लिए हस्ताक्षरित करना होता है। साथ आये मित्रों व अन्य पारिवारिक सदस्यों से भी साक्षी के तौर पर हस्ताक्षर करने की विनती की जा सकती है। इन तीर्थ स्थल के पुरोहितों के पास देश और दुनिया भर के यजमानों का दशकों पुराना लिखित रिकॉर्ड वंशावली के रूप में मौजूद है। किसी यजमान के आने पर चंद मिनटों में ही संबंधित पुरोहित कंप्यूटर से भी तेज गति से वंशावली देखकर उनके पूर्वजों की जानकारी दे देते हैं। पितृ पक्ष के दौरान इन तीर्थ स्थल पर आने वाले लोग अपने तीर्थ पुरोहितों के पास आकर वंशावली में अपने वंश के बारे में जरूर जानते हैं। ये पडे जनपद के हिसाब से हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**खाद्य सुरक्षा की बात अब सामने आई। दीनदयाल जी ने इस पर बहुत पहले ही विचार कर लिया था। उनके अनुसार हमारा नारा यह होना चाहिये कि कमाने वाला खिलायेगा तथा जो जन्मा सो खायेगा। अर्थात खाने का अधिकार जन्म से प्राप्त होता है। बच्चे, बूढ़े, रोगी, अपाहिज सबकी चिंता समाज को करनी पड़ती है। इस कर्तव्य के निर्वाह की क्षमता पैदा करना ही अर्थव्यवस्था का काम है। अर्थशास्त्र इस कर्तव्य की प्रेरणा का विचार नहीं कर पाता। भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति भी अर्थव्यवस्था का न्यूनतम स्तर है। आज शिक्षा की व्यवस्था भी चिंता उत्पन्न करती है। एक तरफ महंगी शिक्षा है। इसका लाभ सीमित वर्ग उठा सकता है। दूसरी ओर जहां शिक्षा सस्ती है, उनकी दशा खराब है।**



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**दीनदयाल उपाध्याय को इसका भान था इसलिये उन्होंने लिखा था कि शिक्षा समाज का दायित्व है। बच्चों को शिक्षा देना समाज के अपने हित में है। दीनदयाल जी नि:शुल्क चिकित्सा का सुझाव देते हैं, जिसपर वर्तमान मोदी सरकार आयुष्मान योजना के माध्यम से चल भी रही है। वह मानते हैं कि पूंजीवादी अर्थव्यवस्था मानव का विकास करने में असमर्थ सिद्ध हुई है।**

# अंत्योदय पर अमल

दीनदयाल उपाध्याय राजनेता के साथ-साथ उच्च कोटि के चिंतक, विचारक और लेखक भी थे। इस रूप में उन्होंने श्रेष्ठ, शक्तिशाली और संतुलित रूप में विकसित राष्ट्र की कल्पना की थी। उन्होंने निजी हित व सुख सुविधाओं का त्याग कर अपना जीवन समाज और राष्ट्र को समर्पित कर दिया था। यही बात उन्हें महान बनाती है। राजनीति में लगातार सक्रियता के बाद भी वह अध्ययन व लेखन के लिये समय निकालते थे। इसके लिये वह अपने विश्राम से समय की कटौती करते थे। इसी में लोगों से मिलने-जुलने और अनवरत यात्राओं का क्रम भी चलता था। आमजन के बीच रहना उन्हें अच्छा लगता था। शायद यही कारण था कि वह देश के आम व्यक्ति की समस्याओं को भलीभांति समझ चुके थे। यह विषय उनके चिंतन व अध्ययन में समाहित था। इन समस्याओं का उन्होंने कारगर समाधान भी प्रस्तुत किया। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन पर तात्कालिक घटनाओं व विचारों का प्रभाव पड़ता है। चिंतक, मनीषी उन्हें गहराई से समझने का प्रयास करते हैं। वह इस पर विचार करते हैं कि अपने देश व समाज के लिये कौन-सा मार्ग कल्याणकारी होगा। पं. दीनदयाल ने यही किया। वह भविष्य द्रष्टा थे। भविष्य की समस्याओं को देख रहे थे। उनके प्रति वे सावधान करते रहे। उन्होंने उस समय चर्चित विचारधाराओं या वाद पर गहनता से विचार किया था। संयोग से वह विश्व में शीतयुद्ध का दौर था। एक तरफ पश्चिम का उपभोगवाद था, दूसरी तरफ मार्क्सवाद, लेनिनवाद, माओवाद था। समाजवाद का विचार भी अस्तित्व में था। सोशलिस्ट पार्टियां भी सक्रिय थीं। दीनदयाल उपाध्याय ने इन सब पर विचार किया। पाश्चात्य चिंतन उपभोगवाद पर आधारित था। इसके केंद्र में व्यक्ति था। इस सिद्धांत के अनुसार, व्यक्ति को अपनी सुख सुविधाओं के लिये संलग्न रहने व प्रयास करते रहने का अधिकार है। इस विचार के अनुरूप ही प्राकृतिक संसाधनों का बेहिसाब व बेरहमी से दोहन किया गया जिसके परिणामस्वरूप भौतिक विकास तो हुआ, लेकिन प्रकृति खतरनाक स्तर पर जा रही है।तरह तरह के वैश्विक सम्मेलन हो रहे हैं। खूब चर्चा होती है, विशेषज्ञ समस्याओं की चर्चा करते हैं। लेकिन हर बार ढाक के तीन पात। कोई समाधान नजर नहीं आता। उपभोगवाद की दौड़ ने उन्हें जहां पहुंचा दिया है, वहां से लौटना संभव ही नहीं है। उपभोगवाद ने उनके समाज को भी अराजकता की स्थिति में पहुंचा दिया है। समाज बिखर रहा है, परिवार टूट रहे हैं, वृद्धावस्था आश्रम बन रहे हैं। अब वहां विशेषज्ञ रिसर्च पेपरों में विश्लेषण कर रहे हैं। उनका समाजवाद उपभोगवाद में उलझ कर रह गया है। इससे बाहर निकलने का कोई रास्ता फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। दीनदयाल उपाध्याय ने इस दृश्य की कल्पना छह दशक पहले कर ली थी। वह इसके प्रति सावधान करते थे। कम्यूनिस्टों ने भारत को भी विदेशी चश्मे से देखा। इसलिये उन्हें अपने देश में कोई अच्छाई नजर नहीं आती। इन्होंने आत्मगौरवविहीन समाज बनाने का प्रयास किया। यह स्थापित किया कि जो कुछ अच्छा है वह विदेशों से मिला है। हमारा कुछ नहीं, यह विचार उन्होंने प्रसारित किया। केवल सरकार के भरोसे सुधार का विचार भी विफल रहा। विश्व में सोशलिस्ट विचार भी अब केवल सिद्धांतों में बचा है। व्यवहार में कहीं नजर नहीं आता। आज कौन है जो राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण आदि के विचारों पर अमल करता दिखाई देता है। दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन शाश्वत विचारधारा से जुड़ता है। इसके आधार पर वह राष्ट्रभाव को समझने का प्रयास करते हैं। समस्याओं पर विचार करते हैं। उनका समाधान निकालते हैं। उनके द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानव-दर्शन हमारी ऋषि परंपरा से जुड़ता है। इसके केंद्र में व्यक्ति या सत्ता नहीं है। जैसा कि पश्चिम या वामपंथी विचारों में कहा गया है। इसके विपरीत व्यक्ति, मन, बुद्धि, आत्मा सभी का महत्व है। प्रत्येक जीव में आत्मा का निवास होता है और आत्मा को परमात्मा का अंश माना गया है। इसमें समरसता का विचार है, कोई भेदभाव नहीं है। परिवार का हित हो तो व्यक्ति अपना हित छोड़ देता है। समाज का हित हो तो परिवार का हित छोड़ देना चाहिये। देश का हित हो तो समाज का हित छोड़ देना चाहिये। राष्ट्रवाद का यह विचार प्रत्येक नागरिक में होना चाहिये। धर्म,अर्थ, काम,मोक्ष का विचार भी ध्यान रखना चाहिये। सभी कार्य धर्म से प्रेरित होने चाहिये। अर्थात लाभ की कामना हो, लेकिन का शुभ होना अनिवार्य है। एकात्म मानव दर्शन की प्रासंगिकता सदैव रहेगी, क्योंकि यह शाश्वत विचारों पर आधारित है। दीनदयाल जी ने संपूर्ण जीवन की रचनात्मक दृष्टि पर विचार किया। उन्होंने विदेशी विचारों को सार्वलौकिक नहीं माना। यह तथ्य सामने भी दिखाई दे रहे हैं। भारतीय संस्कृति संपूर्ण जीवन व संपूर्ण सृष्टि का संकलित विचार करती है। इसका दृष्टिकोण एकात्मवादी है। टुकड़ों टुकड़ों में विचार नहीं हो सकता। दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्र की आत्मा से लेकर जैविक खाद व व्यापार तक पर चिंतन करते हैं। उनके अध्ययन व मनन का दायरा कितना व्यापक था, इसकी कल्पना की जा सकती है। वह लिखते हैं कि अर्थव्यवस्था सदैव राष्ट्रीय जीवन के अनुकूल होनी चाहिये। भरण, पोषण, जीवन के विकास, राष्ट्र की धारणा व हित के लिये जिन मौलिक साधनों की आवश्यकता होती है, उनका उत्पादन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य होना चाहिये। पाश्चात्य चिंतन इच्छाओं को बराबर बढ़ाने और आवश्यकताओं की निरंतर पूर्ति को अच्छा समझता है। इसमें मर्यादा का कोई महत्व नहीं होता। उत्पादन सामग्री के लिये बाजार ढूंढना या पैदा करना अर्थनीति का प्रमुख अंग है, लेकिन प्रकृति की मर्यादा को नहीं भूलना चाहिये।



**दीनदयाल जी का अंत्योदय विचार आज भी प्रासंगिक है। भारत में अनेक वाद अपनाये गये। अब तो वैश्विकरण और उदारीकरण को भी लंबा समय हो गया। लेकिन अमीर व गरीब के बीच की खाई कम नहीं हुई। यह व्यक्तिवादी व उपभोगवादी चिंतन का भी परिणाम है।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 13:23 तक |
| नक्षत्रः | पुष्य 25:19 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | शिव, 23:28 |
| सूर्योदयः | 06:15 |
| सूर्यास्तः | 18:07 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 10:42-12:11 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:48-12:35 |

## जन एक्सप्रेस

### आ गई वो बेला !

*हैं सारे सतर्क।*
*भर रहे ललकार ।।*
*देखते हैं कितना।*
*हो पाता उद्धार ।।*
*आ गई वो बेला।*
*हुआ जिसका इंतज़ार ।।*
*मन ही मन पहनने को।*
*हैं आतुर अब हार ।।*
*भले हो जग हंसाई।*
*चलते हर पल चाल ।।*
*हैं लगते तैयार।*
*करने को बवाल ।।*
*पर फैसला जनता का।*
*क्यों नहीं स्वीकार ।।*
*पर लगता है जल्द ही।*
*होंगे सब फरार ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*पिता प्रयोग धर्मी होतें हैं, और माँ की ममता भावुक।। पिता सिर्फ समझते हैं, कर्म और धर्म की बोली, माँ दिल की धड़कने । माँ समझती हैं बेटे का हाल, बेटे के अरमानों का आकाश , दिल के भीतर की हलचल, हृदय का स्पंदन,धड़कने। चेहरे के हाव-भाव, दोस्तों की आवारगी, धड़कनो की सिसकियाँ, बढ़ते अरमानो की, लम्बी लंबी फरमाईसे, प्रेमिका के सपने और टूट जाना किसी के लिए दिल का, माँ सब कुछ जान जाती हैं । पिता होते हैं सख्त, मजबूत निर्विकार, कड़क, सीधे किसी से समझौता न करने कटिबद्ध, अनुभवी, चट्टान की तरह, माँ होती है भोली, उनके चेहरे पर ही होता माँ होंने का अहसास. पिता के चहरे पर, इसकी जरुरत नही होती। पिता निस्पृह,कर्मयोगी होते, माँ गंगा सी वित्र, ऊर्जा देते, माँ शीतलता, स्निगधता, भोलापन।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*शिक्षा क्या है जो तब तक याद रहता है जब तक उसे अपने जीवन में लागू करते है नही तो वह सीखकर भुलाया गया एक पल है*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पैरों को साफ करने के लिए नमक से बनाएं 5 तरह के स्क्रब



**चेहरे** की चमक बरकरार रखने के लिए लोग ब्यूटी पार्लर में हजारों रुपए खर्च करते हैं लेकिन पैरों की खूबसूरती का ध्यान कम ही लोग रखते हैं। जिसके कारण फटी एड़ियां और डेड स्किन जैसी समस्याएं होने लगती हैं, जिसके कारण पैरों की खूबसूरती कम हो जाती है। खासकर, जो महिलाएं घर में काम करने के कारण अक्सर नंगे पैर रहती हैं उन्हें पैरों से जुड़ी समस्याएं ज्यादा होती हैं। लोग अपने चेहरे और हाथों की केयर का पूरा ध्यान रखते हैं लेकिन पैरों की केयर कम करते हैं। वहीं अगर पार्लर में पेडिक्योर करवाने जाते हैं तो इसमें हजारों रुपए भी खर्च हो जाते हैं।

**नींबू और नमक स्क्रब:** इस स्क्रब को बनाने के लिए आपको 1 चम्मच सी सॉल्ट यानी समुद्री नमक और 1 चम्मच नींबू का रस चाहिए होगा। विटामिन सी से भरपूर नींबू पैरों की स्किन को रिपेयर करने का काम करेगा और नमक से डेड स्किन की समस्या कम होगी। नींबू के रस में नमक को मिलाकर स्क्रब तैयार करें और फिर इससे हल्के हाथों से मसाज करते हुए पैरों को साफ करें। 5 से 10 मिनट के बाद ताजे पानी से पैरों को साफ करें। नियमित इस्तेमाल से आपको पैरों पर फर्क नजर आने लगेगा।

**नमक और नारियल तेल स्क्रब:** इस स्क्रब को बनाने के लिए आपको 1 चम्मच समुद्री नमक में आधा चम्मच नारियल का तेल मिलाकर मिश्रण तैयार करना होगा। इस मिश्रण को पैरों पर लगाएं और 5-10 मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें और फिर ताजे पानी से पैरों को साफ करें। नारियल तेल और नमक का यह मिश्रण, आपके पैरों की त्वचा को गहराई से साफ और मॉइश्चराइज करता है।

**नमक और ओटमील स्क्रब:** इस स्क्रब को बनाने के लिए आपको 1 चम्मच नमक, 1 चम्मच ओटमील पाउडर और जरूरत अनुसार पानी चाहिए होगा। एक बाउल में ओटमील और नमक को मिलाएं और फिर पानी की मदद से पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को पैरों पर लगाकर मसाज करते हुए साफ करें और फिर पानी से स्क्रब को धोएं।

**नमक और शहद स्क्रब:** पैरों के लिए इस स्क्रब को बनाने के लिए आपको 2 चम्मच नमक और 1 चमच शहद की आवश्यकता है। नमक और शहद को मिलाकर एक मिश्रण बनाएं। इस मिश्रण को पैरों पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करते हुए रगड़ें और 5-10 मिनट के बाद ठंडे पानी से धो लें। यह स्क्रब पैरों की त्वचा को सॉफ्ट और ग्लोइंग बनाने में मदद करता है।

**एलोवेरा जेल और नमक स्क्रब:** जिन लोगों के पैरों की स्किन सेंसिटिव है उन्हें एलोवेरा के साथ स्क्रब बनाना चाहिए। इसके लिए 1 चम्मच नमक में जरूरत अनुसार एलोवेरा मिलाकर स्क्रब का पेस्ट तैयार करें और फिर इससे पैरों को साफ करें। एलोवेरा और नमक के स्क्रब से डेड स्किन दूर होगी और पैरों की स्किन सॉफ्ट होगी।

## एक्सप्रेस विशेष

# गरीबों के संरक्षक थे ईश्वर चंद्र विद्यासागर



योगेश कुमार गोयल

**एक समाज सुधारक के रूप में जाना जाने लगा था। सदैव समाज की भलाई के लिए ही सोचने और समाज के लिए कुछ न कुछ नया करते रहने के कारण ही नैतिक मूल्यों के संरक्षक विद्यासागर को महान् समाज सुधारक के रूप में राजा राममोहन राय का उत्तराधिकारी भी माना जाता है।**

**बंगाल** पुनर्जागरण के प्रमुख स्तंभ तथा नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक ईश्वर चंद्र विद्यासागर को समाज सुधारक, दार्शनिक, शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी, लेखक इत्यादि अनेक रूपों के स्मरण किया जाता रहा है, जिनकी आज हम जयंती मना रहे हैं। ईश्वर चंद्र विद्यासागर का जन्म 26 सितम्बर 1820 को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में धार्मिक प्रवृत्ति के एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में हुआ था और उनका बचपन का नाम ईश्वर चंद्र बंदोपाध्याय था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने न केवल नारी शिक्षा के लिए व्यापक जनान्दोलन खड़ा किया बल्कि उन्हीं के अनथक प्रयासों तथा दृढ़संकल्प के चलते ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेज वर्ष 1856 में विधवा पुनर्विवाह कानून पारित करने को विवश हुए थे। उसी के बाद भारतीय समाज में विधवाओं को नए सिरे से जीवन की शुरूआत कर ससम्मान जीने का अधिकार मिला था। उनके अथक प्रयासों से ही कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर कई बालिका विद्यालयों की स्थापना हुई थी और उन्होंने कलकत्ता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की थी। 'अपना काम स्वयं करो' सिद्धांत के प्रवर्तक ईश्वर चंद्र विद्यासागर नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। अपने क्रियाकलापों से उन्होंने लोगों को हमेशा स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की सीख दी। अपने समाज सुधार अभियान के तहत उन्होंने स्थानीय बांग्ला भाषा तथा लड़कियों की शिक्षा के लिए स्कूलों की एक श्रृंखला के साथ कलकत्ता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की थी। नारी शिक्षा के लिए गंभीर प्रयास करते हुए उन्होंने बैठुने स्कूल की स्थापना की तथा कुल 35 स्कूल खुलवाए, जिनके संचालन के लिए पूरे खर्च की जिम्मेदारी उन्होंने स्वयं अपने कंधों पर ली। स्कूलों के खर्च के लिए वह विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए बंगाली में लिखी गई किताबों की बिक्री से फंड जुटाते थे। समाज सुधार कार्यों की बदौलत उन्हें जीवन पर्यन्त गरीबों और दलितों का संरक्षक माना जाता रहा। अपने इसी प्रकार के समाज की भलाई के लिए किए जाने वाले कार्यों के चलते ही उन्हें एक समाज सुधारक के रूप में जाना जाने लगा था। सदैव समाज की भलाई के लिए ही सोचने और समाज के लिए कुछ न कुछ नया करते रहने के कारण ही नैतिक मूल्यों के संरक्षक विद्यासागर को महान् समाज सुधारक के रूप में राजा राममोहन राय का उत्तराधिकारी भी माना जाता है। ब्रिटिश शासनकाल में ऐसे कॉलेज विरले ही होते थे, जिनका संचालन पूर्ण रूप से भारतीयों के ही हाथों में हो और जहां पढ़ाने वाले सभी शिक्षक भी भारतीय ही हों किन्तु ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने सन् 1872 में कोलकाता में विद्यासागर कॉलेज की स्थापना कर यह कारनामा भी कर दिखाया था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर वास्तव में एक ऐसी महान् शख्सियत थे, जिन्होंने न केवल नारी शिक्षा के लिए व्यापक जनान्दोलन खड़ा किया बल्कि अंग्रेजों को विधवा पुनर्विवाह कानून पारित कराने को भी विवश किया। उन्हीं की बदौलत विधवाओं को समाज में सम्मान से जीने का अधिकार मिला। दरअसल उस समय हिन्दू समाज में विधवाओं की स्थिति बहुत चिंताजनक थी। इसीलिए उन्होंने विधवा पुनर्विवाह के लिए लोकमत तैयार किया और उनके इन अटूट प्रयासों की बदौलत ही 'विधवा पुनर्विवाह कानून' पारित हो सका। कानून पारित होने के तीन माह बाद ही उन्होंने एक विधवा कमलादेवी का विवाह प्रतिष्ठित घराने के एक युवक के साथ कराया, जो बंगाल का पहला विधवा विवाह था। 1856-60 के बीच उन्होंने 25 विधवाओं का पुनर्विवाह सम्पन्न कराया। इतना ही नहीं, अपने इकलौते बेटे नारायण की शादी एक विधवा से कराकर समस्त भारतीय समाज के समक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने अविस्मरणीय मिसाल भी पेश की थी। नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्होंने बहुपत्नी प्रथा तथा बाल विवाह के खिलाफ भी आवाज उठाई। 29 जुलाई 1891 को यह महान् हस्ती सदा-सदा के लिए अटल शून्य में विलीन हो गई।

**इतना ही नहीं, अपने इकलौते बेटे नारायण की शादी एक विधवा से कराकर समस्त भारतीय समाज के समक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने अविस्मरणीय मिसाल भी पेश की थी। नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्होंने बहुपत्नी प्रथा तथा बाल विवाह के खिलाफ भी आवाज उठाई। 29 जुलाई 1891 को यह महान् हस्ती सदा-सदा के लिए अटल शून्य में विलीन हो गई।**



# ऑनलाइन शिकायत का हो रहा खिलवाड़ दिशाहीन आख्या लगाने में माहिर पुलिस

- ऑनलाइन शिकायत का अजीबो-गरीब निस्तारण मामला फरधान थाने का
- आख्या लगाने के तीन दिन बाद पुत्र को हरियाणा जाने की बात लिखी एडवांस में कार्य करती फरधान पुलिस






जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी को दिए शिकायती पत्र में ग्राम पिपरावां थाना फरधान जिला लखीमपुर खीरी के रहने वाले पीड़ित छविनाथ पुत्र स्व लेखराज ने बताया उसका बड़ा पुत्र परसुराम जिसकी उम्र लगभग 25 वर्ष है, और रंग सांवला है। जिसको गांव के बिरजू पुत्र झब्बू,विजय पाल पुत्र संतू, महातिया पुत्र विपिन, करन सहित चार लड़के ने अपने साथ दिनांक 03.अगस्त.2024 को हरियाणा (पंजाब) साथ ले गए थे बताते चलें विपक्षी गण दिनांक 20.सितम्बर. 2024 को अपने गांव बिना परसुराम को लाए वापस आ गए है पीड़ित के पूछने पर विपक्षी कहते है कि तुम्हारे लड़का भाग गया है चलो ढूढने। जबकि विपक्षी गण ही अपने साथ लेकर गए थे। पीड़ित को शक है कि विपक्षी गण ने पुत्र परसुराम को बेंच डाला है। पीड़ित काफी डरा व सहमा है। पीड़ित ने दिनांक 16- सितम्बर-2024 को आन लाइन शिकायत की जिसकी संदर्भ संख्या 40015324033696 है जिसमें फरधान पुलिस ने जो आख्या दिनांक 23-सितमबर-2024 को लगाई है जिसमें तीन दिन एडवांस यानि 26-सितबर -2024 को पीड़ित के पुत्र को हरियाणा जाने को बताया गया जो काफी हास्यास्पद है देखिए फरधान पुलिस द्वारा लगाई गई आख्या पीड़ित का पुत्र परसुराम विपक्षी गण बिरजु पुत्र झब्बू आदि के साथ दिनांक 26/सितम्बर/2024 को हरियाणा राज्य में मजदूरी करने गया था जहां से पीड़ित का पुत्र अब तक वापस नही आया है परन्तु विपक्षी गण वापस आ गये है जिस कारण पीड़ित एवं विपक्षी गण के मध्य कहासुनी हो गयी थी जिसके सम्बन्ध में दोनो पक्षों को समझाया बुझाया गया। पीड़ित द्वारा बताया गया है कि वह हरियाणा राज्य के सम्बन्धित थाने पर पहुंचकर कार्यवाही करायेगा जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा लिखकर दिया गया है जो सन्लग्न आख्या है। अब गौर करने वाली बात यह है 23 सितंबर को आख्या लगाई 26 सितंबर को पीड़ित का पुत्र हरियाणा गया यानि आख्या लगाने के तीन दिन बाद हरियाणा गया हर मामले को अपने सर से हटाने में माहिर पुलिस ने पीड़ित को हरियाणा जाने को कहा जबकि घटना फरधान थाना क्षेत्र की जो लोग ले गए वह सभी वापस आ गए पीड़ित का पुत्र नहीं आया अगर ले जाने वाले युवक से पुलिस कड़ाई से पूछताछ करे तो पुलिस पीड़ित का पुत्र कहा है जीवित है मार दिया गया बेच दिया गया तह तक जा सकतीं हैं। लेकिन पुलिस अपने सर से बला हटाकर पीड़ित को परेशान कर रही है पीड़ित को दौड़ा रही है पीड़ित अपने पुत्र के लिए उच्च अधिकारियों का चक्कर लगा रहा है लेकिन उसको न्याय नहीं मिल रहा है क्या हो रहा है योगीराज में।

# जिले के एक एएमएस हॉस्पिटल में कार्रवाई कर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जड़ा ताला

जन एक्सप्रेस । सिद्धार्थ अवस्थी



**सीतापुर।** जिले के लहरपुर नगर के मोहल्ला छावनी स्थित एएमएस हॉस्पिटल को कार्यवाही के बाद संचालित होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फिर ताला जड़ दिया। ज्ञातव्य है कि विगत 14 सितंबर को सीएचसी अधीक्षक अरविंद बाजपेई के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर के मोहल्ला छावनी स्थित एएमएस हॉस्पिटल की जांच कर नोटिस देकर 2 कार्य दिवस के अंदर आवश्यक प्रपत्र मांगे गए थे। लेकिन अस्पताल संचालक के द्वारा प्रपत्र प्रस्तुत नही किए गए, जिसके चलते विगत 19 सितंबर को न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजली सिंह व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनूप श्रीवास्तव की टीम ने जांच कर अस्पताल का कार्य संचालन बन्द करा दिया गया था, और मरीजों को एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल भेज दिया गया था। लेकिन एएमएस हॉस्पिटल के संचालक के द्वारा मनमानी करते हुए अस्पताल का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया, अस्पताल के संचालन की खबर की सूचना पर मंगलवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ अरविंद बाजपेई के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के डॉ.नितेश वर्मा, डॉ.प्रणव, डॉ.विजय सिंह, फार्मासिस्ट दिनेश चंद्र गुप्ता की टीम के द्वारा अस्पताल की जांच की गई और संचालित अस्पताल में भर्ती मरीजों को अस्पताल से बाहर निकाल कर एक गंभीर मरीज को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेज दिया गया और अस्पताल के मुख्य गेट को जंजीर से बांधकर ताला लगाकर अस्पताल के बगल से जाने वाले रास्ते को भी बंद करने के लिए निर्देशित किया और साथ ही अस्पताल का संचालन बिना उचित प्रपत्र के फिर से ना संचालित करने के सख्त निर्देश दिए गए। इसी क्रम में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर के परागशाह चौराहा स्थित माँ पैथोलॉजी पर छापा मारकर उचित प्रपत्र न प्रस्तुत करने पर संचालक को नोटिस दी, जांच टीम कि खबर मिलते ही नगर के पेसेंट केयर पैथोलॉजी व प्राइम पैथोलॉजी के संचालक शटर बंद कर मौके से गायब हो गए, और जांच टीम खाली हाथ वापस लौट गई।

# खाद्य सुरक्षा पदार्थों को लेकर अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति बैठक हुई सम्पन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह की उपस्थिति में आज जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई, जिसमें व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ साथ विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के सुझाव को सुना तथा उन्हें खाद्य लाइसेंस, पंजीकरण प्राप्त कर ही खाद्य कारोबार करने, मिलावट रोकने में विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय में रहकर मिलावट करने वालों के खिलाफ प्रभावी सहयोग की अपील की। त्यौहारों से पूर्व ही विभाग प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सम्पादित करें। जिले में संचालित होटल,रेस्टोरेन्ट, ढाबों एवं अन्य संबंधित खाद्य प्रतिष्ठानों पर शासन की मंशानुरूप साफ-सफाई रखने के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरा विशेष कर किचन, निर्माण स्थल पर लगाये जाने के निर्देश दिये गये। खाद्य लाइसेंस, पंजीकरण प्राप्त किये बिना मीट सहित सभी खाद्य कारोबार करने वाले खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये। उन्होंने कैम्प आदि के माध्यम से लाइसेंस, पंजीकरण बनवाने हेतु व्यापार मण्डल प्रतिनिधियों को विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर कैम्प का आयोजन करने के निर्देश दिये।

उक्त बैठक में श्री अमित कुमार सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वद्व, सीतापुर, श्री एस0पी0 सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, श्रीमती अनीता कुरील, औषधि निरीक्षक, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका, उपायुक्त वाणिज्य कर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास पुष्टाहार, महाप्रबंधक जिला उद्योग, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, बाट एवं माप अधिकारी, उप दुग्ध विकास अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य व अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जन जागरूकता कार्यशाला गोष्टी की खुली बैठक का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**लहरपुर।** खंड विकास अधिकारी हरगांव के दिशा निर्देशन में ग्राम विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार ग्राम प्रधान सदस्य पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा सहायक पंचायत अधिकारी ग्राम सभा के अलावा ग्राम सभा के सैकड़ो लोगों ने भाग लेकर आवास योजना के अंतर्गत तमाम निर्धनों ने अपने प्रपत्र ग्राम विकास अधिकारी को दिए धीरेंद्र कुमार ने कहा की सरकारी योजनाओं का लाभ सभी वर्ग को मिले ऐसा प्रयास ग्राम सभा के प्रबुद्ध नागरिकों के द्वारा आगे जाकर करना चाहिए जिससे वंचित और निर्धन वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिल सके इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने ग्राम विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार की दी गई विकास जानकारी का सभी ने स्वागत किया तथा सभी ने अपनी सहमति प्रकट की।

# ससुराल में पिटाई से घायल महिला ने तोड़ा दम

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर



निगोही थाना क्षेत्र के गांव सतवां खुर्द निवासी रविंद्र कुमार की पत्नी रामगुनी (40) की सिर पर लोहे का पाइप लगने से मौत हो गई। बेटी की ससुराल में हुए विवाद में सिर पर लोहे का पाइप मार देने से वह घायल हुई थीं।

खेतीबाड़ी करने वाले रविंद्र कुमार की बेटी पूजा का विवाह कांट थाना क्षेत्र के गांव अकर्रारसूलपुर में ढाई साल पहले हुआ था। बरात के कुछ समय बाद दहेज को लेकर विवाद होने पर मुकदमा दर्ज कराया था। रविंद्र ने बताया कि दामाद के दूसरी शादी कर लेने की सूचना पर 30 अगस्त को पत्नी रामगुनी व उनकी बेटी अकर्रारसूलपुर गए थे। यहां विवाद होने पर बेटी के ससुरालियों ने रामगुनी पर हमला कर दिया।

सिर पर लोहे का पाइप लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं थीं। उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। कांट थाने में मारपीट का मुकदमा भी दर्ज कराया था। निजी अस्पताल में उपचार चलने के बाद घर ले आए थे। मंगलवार को तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अंटा मोहल्ला स्थित एक अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीओ सदर प्रयांक जैन ने बताया कि मारपीट का मामला कांट थाने में दर्ज है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मुकदमे में धाराओं को तरमीम किया जाएगा।

# छुट्टा गोवंशीय पशुओं को पकड़वाने गईं महिला अधिकारी से छेड़खानी



- दो आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

कांट में निराश्रित गोवंशीय पशुओं को ट्रॉलियों में भरकर गोशाला लेकर जाने के दौरान पिपरोला गांव के कुछ लोगों ने महिला अधिकारी के साथ छेड़खानी कर दी। नशे में धुत आरोपियों ने ट्रॉली पर डंडे बरसाकर सरकारी कार्य में बाधा डाली। महिला अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने छेड़खानी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शासन के निर्देश पर सड़कों पर घूमने वाले निराश्रित पशुओं को गोशाला तक पहुंचाने का कार्य ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। 24 सितंबर की रात करीब साढ़े आठ बजे ददरौल ब्लॉक की एक महिला अधिकारी सफाई कर्मचारियों की मदद से गोवंशीय पशुओं की तलाश में निकली थीं।

गोवंशीय पशुओं को ट्रॉली में भरवाकर पुरैना स्थित अस्थायी गोशाला में पहुंचाने की तैयारी थी। रास्ते में पिपरोला गांव के मुनीजर, शेर सिंह, जयपाल, राम सिंह व एक अज्ञात व्यक्ति ने ट्रॉली को रोक लिया। आरोप है कि सभी शराब के नशे में थे। महिला अधिकारी को गलत नीयत से छूते हुए अश्लील हरकतें करने लगे। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

**पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार**

ट्रॉलियों में लाठी-डंडे मारकर सरकारी कार्य में बाधा डाली। महिला अधिकारी किसी तरह बचकर थाने पहुंचीं और तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने शाहजहांपुर-कांट रोड पर खुर्रम के ईंट भट्ठे के पास से मुनीजर और शेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश की जा रही है। सीओ सदर प्रयांक जैन ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शेष की तलाश की जा रही है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ज्ञानस्थली इंटर कालेज में मातृ सम्मेलन 30 को

जन एक्सप्रेस । हरदोई। हरपालपुर। ज्ञान स्थली इंटर कालेज हरपालपुर में 30 सितंबर को छात्र छात्राओं का मातृ सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा।यह जानकारी ज्ञान स्थली इंटर कालेज हरपालपुर के प्रबंधक तेजेन्द्र शुक्ल ने दी है।

### 30 सितम्बर तक आईटीआई में ले प्रवेश: प्रधानाचार्य

जन एक्सप्रेस । हरदोई। प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई हरदोई आर0के0 श्रीवास्तव ने बताया है कि प्रवेश सत्र अगस्त 2024 में शेष रिक्त सीटों पर वाक इन सिद्वान्त के अनुसार राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश किये जाने हेतु प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2024 निर्धारित की गयी है। ऐसे समस्त गैर चयनित अभ्यर्थी जिनका प्रवेश चतुर्थ चरण तक किसी भी राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के किसी भी व्यवसाय में प्रवेश नहीं हो सका है। वह (प्रवेश प्रक्रिया में पूर्व में पंजीकृत एवं नवीन ऑनलाइन आवेदनकर्ता) वाक इन सिद्वान्त के अनुसार अन्तिम चरण में 30 सितम्बर 2024 तक नोडल/समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रवेश पंजीकरण आवेदन की अंतिम तिथि 29 सितम्बर 2024 रात्रि 12.00 बजे तक निर्धारित की जाती है। निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रवेश पंजीकरण आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2024 रात्रि 12.00 बजे तक निर्धारित की जाती है।

### मण्डल स्तरीय पुरस्कार के लिए 04 अक्टूबर तक करे आवेदन: सुष्मिता सिहं

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सुष्मिता सिंह ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मण्डल स्तरीय पुरस्कार हेतु प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना/मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत न्यूनतम 03 वर्ष पुरानी स्थापित निरन्तर कार्यरत/उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाईयों/उद्यमियों से आवेदन पत्र 04 अक्टूबर 2024 तक आमंत्रित किये जाते है। जनपद स्तर पर प्राप्त आवेदन पत्रों को शासन से गठित चयन समिति के माध्यम से 04 अच्छी इकाईयों का चयन किया जायेगा। आवेदन जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, सिनेमा चौराहा लखनऊ रोड, हरदोई से प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, सिनेमा चौराहा लखनऊ रोड, हरदोई से सम्पर्क कर पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते है व कार्यालय के सम्पर्क सूत्र -7408410807 पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### सड़क दुर्घटना में ऑटो सवार युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । हरदोई। थाना बेहटा गोकुल क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपी आटो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम सकाहा निवासी प्रह्लाद ने बताया कि उसका 45 वर्षीय भाई बलराम अपने साथी रामवीर और शिवसरन के साथ ऑटो से बिहगंवा जा रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार ऑटो चालक ने लापरवाही से आगे जा रही ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। जिससे उसके भाई की मौके पर मौत हो गई। शेष दोनो साथी घायल हो गए जिनका इलाज चल रहा है।थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी सीएनजी ऑटो चालक आशीष पुत्र कल्याण के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीएनजी आटो को पुलिस ने घटना स्थल से ही कब्जे में ले लिया था।

### किसान यूनियन का बस स्टैंड पर धरना आज

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद में किसान यूनियन का राजू गुप्ता संगठन प्राइवेट बस यूनियन के मैनेजर की दबंगई के विरोध में आज एक दिवसीय धरना देगा। इसकी सूचना संगठन के जिलाध्यक्ष ने एसडीएम को ज्ञापन देकर दी है। भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन के जिलाध्यक्ष इम्तियाज अली इदरीसी ने बताया बस स्टैंड पर प्राइवेट बस यूनियन के मैनेजर के गुंडे ई रिक्शा और ऑटो वालों को परेशान करते हैं। आयदिन उनके वाहनों की चाभियां निकाल लेते हैं। गरीब ई रिक्शा और ऑटो वालों के समर्थन में किसान यूनियन शुक्रवार को बस स्टैंड पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगा। इसकी सूचना उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम दीक्षा जोशी को दे दी है। इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ता और ई रिक्शा चालक ऑटो चालक उपस्थित रहेंगे।

# डीएम ने नव विकसित पोर्टल पर देखी शिकायत निस्तारण की स्थिति

- नाम, शिकायत क्रमांक व मोबाइल नंबर से शिकायत निस्तारण को किया जा सकता है ट्रेस:-डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई




शिकायत निस्तारण की पर्ची व्यवस्था लागू होने के बाद जिलाधिकारी ने पोर्टल के माध्यम से शिकायतों के निस्तारण की स्थिति को औचक रूप से देखा तथा सम्बंधित अधिकारियों से निस्तारण के सम्बन्ध में पूछताछ की। जिन अधिकारियों की शिकायत निस्तारण की स्थिति ठीक नहीं पायी, उन पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए निस्तारण की गुणवत्ता का स्तर सुधारने के निर्देश दिए। पोर्टल पर बीडीओ अहिरोरी व कछौना की ओर से कोई शिकायत दर्ज न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमित जन सुनवाई के सम्बन्ध में लोगों के बीच प्रचार प्रसार करें ताकि लोग शिकायत लेकर सही जगह पर पहुंचें तथा उन्हें शिकायत के निस्तारण के लिए भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से कार्यालय ने जन सुनवाई करें। उन्होंने बताया कि जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा की टीम द्वारा जो जन शिकायत पोर्टल विकसित किया गया है उस पर नाम, शिकायत क्रमांक व मोबाइल नंबर से शिकायत निस्तारण की स्थिति को देखा जा सकता है। नई व्यवस्था में कोई भी अधिकारी अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकता।

पोर्टल में जाँचकर्ता अधिकारी से लेकर प्रत्येक स्तर पर की गयी कार्रवाई को जनपद स्तर पर देखा जा सकता है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद के आसपास अतिक्रमण व पटरी दुकानदारों से आने वाले मरीजों को होती हैं परेशानी

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मार्ग पर रविवार व बुधवार को लगने वाली सप्ताहिक हाट (बाजार) तथा गेट पर लगातार सब्जी की दूकान व फलों के ठेलों से मरीजों को सी एच सी आने जाने व आपातकालीन सेवा की एम्बुलेंस से आने जाने मरीजों की समस्या को लेकर सी एच सी अधीक्षक ने पुलिस उपाधीक्षक से भेंट कर जाम की समस्या का समाधान कराने की मांग की। सीएचसी अधीक्षक डाक्टर आशीष वर्मा ने गुरवार को सी ओ दिनेश शुक्ल से भेंट कर सी एच एच गेट पर सब्जी व फल की दूकानों तथा रविवार व बुधवार को सप्ताहिक बाजार से मरीजों को अस्पताल आने जाने में काफी परेशानी होती है। सबसे ज्यादा मुश्किल एमरजेंसी मरीजों को लाने ले जाने में एम्बुलेंस निकलने में दिक्क़त रहतीं है। अस्पताल गेट व मार्ग पर लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग पर सीओ ने शीघ्र समस्या का समाधान कराने को कहा।

### मानक विहीन निर्माण कार्य देख ए ई ने लगाई ठेकेदार को फटकार

जन एक्सप्रेस । हरदोई। सांडी। स्थानीय कस्बे में नगर पालिका द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराए जा रहे कार्यो मे जमकर मनमानी की जा रही है। मानक के अनुरूप कार्य न देख कर ऐई ने ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई। कस्बे के मोहल्ला सरामुल्लागंज स्थित मोहम्मदी मस्जिद में टीन सेड व टाइलीकरण कराया जा रहा है। जिसमें मानको की जमकर धज्जिया उड़ाई जा रही है। जिसमे मिट्टी का भराव डालकर ईट बिछ्वाने के वाद टायली करण किया जा रहा था जब कि ईंटों को तोड़कर उसकी रोड़ी बिछाने को एस्टीमेट में शामिल किया गया था लेकिन नगर पालिका के कर्मचारियों से साथ गांठ कर ठेकेदार कार्य में महज खाना पूर्ति कर रहा।जिसकी जानकारी ए ई संतोष कुमार को लगी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखी और मानक के अनुरूप कार्य न होने पर उन्होने ठेकेदार को जमकर फटकार लगाते हुए कहा।

# बिना इंजन के बोरिंग से बहने लगी स्वच्छ व निर्मल जलधारा

- दैवीय चमत्कार मानकर लोग कर रहे पूजा अर्चना

जन एक्सप्रेस । हरदोई



**सवायजपुर।** तहसील क्षेत्र के चंदऊ बेंचे गांव के एक खेत मे पुरानी बोरिंग से बिना पम्पिंग सेट के अचानक स्वच्छ व निर्मल जल धारा बहने से लोगो मे आस्था की लहर दौड़ गयी।यही नही लोगो ने इसे गंगा जल समझकर स्नान किया तो लोगो ने पूजा अर्चना भी की। बताते चलें कि सवायजपुर तहसील के चंदऊ बेंचे गांव निवासी इतवारी पुत्र गुगरे के खेत मे पानी लगाने के लिए पुरानी बोरिंग है।जिसमे बुधवार को बिना पम्पिंग सेट मशीन के अचानक स्वच्छ व निर्मल जल की धारा अचानक बहने लगी।ग्रामीण सत्येंद्र, धर्मेंद्र, रामसागर व सर्वेश ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्षों पुरानी इस बोरिंग से आसपास के लोग पम्पिंग सेट की सहायता से खेतों की सिंचाई आदि किया करते चले आ रहे है। बुधवार को इस बोरिंग से अचानक बिना पम्पिंग सेट से पानी निकलने पर लोगो की आस्था बढ़ने लगी और लोग इसे दैवीय चमत्कार मानकर स्नान व पूजा अर्चना करने लगे। 24 घंटे से भी ज्यादा समय बीत जाने पर भी इस बोरिंग से पानी निकलना बंद नही हुआ। जहां एक तरफ कुछ लोग उसे दैवीय शक्ति बताकर पूजा करने लगे तो कुछ ने सिर्फ बोरिंग बताकर पूजा करने वालों का ढोंग बताया।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना
ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | CTG-STALL-SMU-D |
| कार्य का विवरण | Allotment of Catering Stalls under SMU category at Various Stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लाट) | 10.10.24 at 10:00:00 Hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.10.24 at 12:40:00 Hrs |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदातायों द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of Catering stalls to be auctioned are as under:-

| Sn | Station | Lot No | Stall ID | Close Date / Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HAIDERGARH | Catg-LKO-HGH-SMU-87-24-1 | HGH/PF-1/21 | 10.10.24, 10:30:00 | SMU | SC |
| 2 | MANAK NAGAR | Catg-LKO-MKG-SMU-93-24-1 | MKG/PF-1/41/ADDL | 10.10.24, 10:40:00 | SMU | SC-WOMEN |
| 3 | AKBAR GANJ | Catg-LKO-AKJ-SMU-82-24-1 | AKJ/PF-1/GB/ADDL | 10.10.24, 10:50:00 | SMU | OBC |
| 4 | GARHI MANIKPUR | Catg-LKO-GRMR-SMU-86-24-1 | GRMR/PF-1/19/ADDL | 10.10.24, 11:00:00 | SMU | SC-WOMEN |
| 5 | HAIDERGARH | Catg-LKO-HGH-SMU-89-24-1 | HGH/PF-1/23 | 10.10.24, 11:10:00 | SMU | SC-Women |
| 6 | BACHHRAWN | Catg-LKO-BCN-SMU-98-24-1 | BCN/PF-2/5/ADDL | 10.10.24, 11:20:00 | SMU | SC |
| 7 | MALIPUR | Catg-LKO-MLPR-SMU-92-24-1 | MLPR/PF-1/42 | 10.10.24, 11:30:00 | SMU | MINORITIES |
| 8 | UNCHAHAR JN | Catg-LKO-UCR-SMU-95-24-1 | UCR/PF-1/57/ADDL | 10.10.24, 11:40:00 | SMU | OBC-PY |
| 9 | KUNDA HARNAMGANJ | Catg-LKO-KHNM-SMU-91-24-1 | KHNM/PF-1/30/ADDL | 10.10.24, 11:50:00 | SMU | OBC |
| 10 | HARCHANDPUR | Catg-LKO-HCP-SMU-90-24-1 | HCP/PF-1/80/ADDL | 10.10.24, 12:00:00 | SMU | MINORITIES |
| 11 | BACHHRAWN | Catg-LKO-BCN-SMU-97-24-1 | BCN/PF-2/4/ADDL | 10.10.24, 12:10:00 | SMU | SC |
| 12 | AKBAR GANJ | Catg-LKO-AKJ-SMU-83-24-1 | AKJ/PF-1/69/ADDL | 10.10.24, 12:20:00 | SMU | OBC-WOMEN |
| 13 | MAA CHANDIKA DEVI DHAM ANTU | Catg-LKO-MCDA-SMU-84-24-1 | ANTU/PF-1/75/ADDL/ | 10.10.24, 12:30:00 | SMU | ST-WOMEN |
| 14 | DALMAU | Catg-LKO-DMW-SMU-85-24-1 | DMW/PF1/10/ADDL/ East End of PF | 10.10.24, 12:40:00 | SMU | OBC-WOMEN |

2977/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सीएम के शहर में अब सस्ता होगा मानचित्र पास कराना

**✻ सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बदले नियम**

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर




महानगर वासियों के लिए राहत भरी खबर है। अब गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) से मानचित्र पास कराना सस्ता हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रदेश के कुछ प्राधिकरणों ने यह नियम लागू कर दिया था।

जीडीए उपाध्यक्ष आनन्द वर्द्धन ने 25 सितंबर को आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश 28 अप्रैल 2023 से लागू होगा। इस बीच जो लोग मांग पत्र के बाद पैसा जमा कर चुके होंगे, उनपर यह आदेश लागू नहीं होगा। जिनको मांग पत्र जारी हुआ है लेकिन पैसा जमा नहीं किया गया है, उन्हें लाभ मिलेगा।

जीडीए से मानचित्र पास कराने में विभिन्न शुल्कों के साथ उपविभाजन एवं निरीक्षण शुल्क भी लगता था। उपविभाजन शुल्क काफी अधिक होता था। उदाहरण के लिए किसी क्षेत्र का सर्किल रेट यदि 16 हजार रुपये हो और 200 वर्ग मीटर पर नक्शा पास कराना हो तो लगभ 32 हजार रुपये से अधिक उपविभाजन शुल्क लगता था।

इसी तरह 300 वर्ग मीटर कवर्ड एरिया हो तो छह हजार रुपये निरीक्षण शुल्क लगता था। सुप्रीम कोर्ट में इस आदेश के लागू होने के बाद मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण व अन्य बनाम राजेश शर्मा के मामले में सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुज्ञा याचिका दाखिल थी। सुप्रीम कोर्ट ने 28 अप्रैल 2023 को आदेश दिया था। उसके बाद कुछ प्राधिकरणों ने यह व्यवस्था लागू कर दी थी। अब दाखिल मानचित्र पर परमिट शुल्क, विकास शुल्क, मलवा शुल्क, बेटरमेंट शुल्क एवं शमन के मामले में शमन शुल्क लगेगा।

जीडीए उपाध्यक्ष आनन्द वर्द्धन ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से इस मामले में पहले ही आदेश जारी किया गया था। धीरे-धीरे विभिन्न विकास प्राधिकरणों में भी यह आदेश लागू किया गया। जीडीए में भी 25 सितंबर को आदेश जारी किया गया है। विभिन्न प्रकार के शुल्क लगेंगे लेकिन उपविभाजन एवं निरीक्षण शुल्क नहीं लगेगा। आदेश 28 अप्रैल 2023 से लागू होगा। इससे लोगों को राहत मिलेगी।

## आज से प्रभारी मंत्री का होगा दो दिवसीय भ्रमण

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह दो दिवसीय भ्रमण पर शुक्रवार 27 सितंबर को कुशीनगर आएंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के हवाले से जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने दिया। उन्होंने बताया कि प्रभारी मंत्री शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे जनपद की सीमा में प्रवेश करेंगे जहां पार्टी द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। अपराह्न 12:30 बजे पथिक निवास कुशीनगर में कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे। तत्पश्चात 1:15 बजे रविन्द्र नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित परिचयात्मक बैठक को सम्बोधित करेंगे। फिर अपराह्न 02 बजे पडरौना देहात मण्डल के जंगल कुरमौल में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता शिविर में सम्मिलित होकर लोगों को भाजपा का सदस्य बनाएंगे।

# अवैध संचालित अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलॉजी सेंटर्स सील

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के निर्देश के क्रम मे कुशीनगर में अवैध/अपंजीकृत संचालित अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलॉजी डायग्नोस्टिक सेंटर पर कार्यवाही करते हुए विशेष अभियान के अंतर्गत उन्हे सील करते हुए बंद कराया गया। इसी क्रम में तहसील हाटा, तमकुही राज एवं पडरौना में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर्स और पैथोलॉजी लैब की जांच की गई । जांच के क्रम में अवैध और अपंजीकृत, मानक के विपरीत पाए गए संचालित केंद्रों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उप जिलाधिकारीगण के निर्देशन में सील किया गया। तहसील हाटा में एसडीएम प्रभाकर सिंह के नेतृत्व में नोडल अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी हाटा की संयुक्त टीम ने अवैध संचालित देव अल्ट्रासाउंड सेंटर व बालाजी अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील किया। संचालक द्वारा टीम पर अभद्रता एवं राजकीय कार्य में बाधा डालने पर कोतवाली हाटा में तहरीर भी दी गई। तहसील पडरौना में उप जिलाधिकारी पडरौना व्यास नारायण उमराव एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश पटारिया के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा कुबेरनाथ में अवैध / अपंजीकृत संचालित अल्ट्रासाउंड पूर्वांचल अल्ट्रासाउंड कुबेरनाथ एवं भारत अल्ट्रासाऊंड कुबेरनाथ को , पडरौना में स्थित संगम अल्ट्रासाउंड को भी सील किया गया। तहसील तमकुही राज में उप जिलाधिकारी विकास चंद्र एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी तमकुही राज के नेतृत्व में शिवम अल्ट्रासाउंड तरयासुजान एवं एम0 के0 डायग्नोस्टिक तरयासुजान , लकी पैथोलॉजी तमकुहीराज, राज पैथोलॉजी गोविंद नगर तमकुहीराज , लाइफ लाइन पैथोलॉजी तमकुही राज एवं जे0के0 डायग्नोस्टिक सेवरही में संयुक्त टीम द्वारा सीलिंग की कार्रवाई की गई।

# जॉइंट मजिस्ट्रेट ने प्राथमिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश के निर्देशन में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी सदर तहसील अंतर्गत प्राथमिक के विद्यालयों का आवश्यक निरीक्षण कर पठन-पाठन खान पान सफाई व्यवस्था को दिखा।परिषदीय विद्यालयों के शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पुस्तक एवं ड्रेस वितरण, आधार फीडिंग, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा भवन का जायज़ा लेने के उद्देश्य से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी प्राथमिक विद्यालय मुड़ेरी मुड़ीला ,सरया गुलरिया, नाहरपुर, जंगल पकड़ीं गुलरिया बाजार के प्राथमिक विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों का अपने सहयोगियों के साथ निरीक्षण कर विद्यालय परिसर में समुचित साफ-सफाई शौचालय सहित शिक्षण स्टाफ को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।पठन-पाठन की गुणवत्ता को को परखा यूनीफार्म का पैसा बच्चों के खाते में पहुंचने की बाबत जानकारी प्राप्त की

बच्चे पेयजल के लिए इण्डिया मार्का हैण्डपम्प का उपयोग करे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बच्चों से वार्ता कर मिल रहे मिड डे मील के बारे में जानकारी प्राप्त कर आए हुए अभिभावकों से भी जानकारियां प्राप्त की शिक्षकों से कहा कि सभी शिक्षक गण समय से विद्यालय में आकर पठन-पाठन सुचारू रूप से संचालित करें जिससे नन्हे मुन्ने बच्चे देश के भविष्य के लिए तैयार हो सके।

# जिला जज ने जिला कारागार देवरिया का संयुक्त रूप से किया निरीक्षण

**✻ निरीक्षण दौरान डीएम, एसपी. सीजेएम मौजूद**

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



जनपद न्यायाधीश कुशीनगर सुशील कुमार शशि, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट कविता सिंह, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने गुरुवार को देवरिया जेल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

जेल परिसर के विभिन्न बैरक में जाकर सभी उच्चाधिकारियों ने जनपद कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात की तथा उनसे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी तथा उनकी स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस क्रम में बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान कैदियों के लिए खान पान की उचित व्यवस्था एवं चिकित्सीय व्यवस्था की गुणवत्ता का भी निरीक्षण उच्चाधिकारियों द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने स्वयं भोजन चख(टेस्ट) कर भोजन की गुणवत्ता की जांच की तथा कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना एवं तत्काल समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित भी किया। निरीक्षण के दौरान कैदियों से संवाद कर साफ सफाई, स्वास्थ्य सुविधाएं , जेल मेन्यू के अनुसार भोजन, जमानत की स्थिति, सहित निरुद्ध कैदियों से वकील होने /ना होने की जानकारी भी ली गई। महिला बैरक में बच्चो को बिस्कुट भी वितरण किए गए।

सभी उच्चाधिकारियों ने देवरिया जेल में कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात कर उनके मामले के विधिक पहलुओं व समस्याओं के बारे में पूछताछ की उनके जमानत के संदर्भ में जानकारी ली तथा उनका समाधान भी बताया। जिन कैदियों को अपने मामले में वकील की जरूरत थी। उन्हें नोट करने के निर्देश दिए।

उच्चाधिकारी गणों द्वारा कैदियों के लिए चिकित्सकिय व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। तथा मरीजों से वार्ता कर चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए व अन्य सुविधाओं की उपलब्धता के संदर्भ में जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में वैसे कैदी जिनके कोई रिश्तेदार नहीं है उनके जमानत की पैरवी के संदर्भ में सरकारी वकील की व्यवस्था के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ल, जेलर राजकुमार, उप जेलर आदित्य कुमार, शिवनाथ पांडे, चिकित्सक डा हरिपाल विश्वकर्मा, डा0 राहुल त्रिपाठी, फार्मासिस्ट रमेश दुबे सही अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# संघ का कार्यकर्ता बताने पर पुलिस ने ब्राह्मण की चुटाई उखाड़ की पिटाई

**✻ संघ का नाम सुनते ही भड़का थाने का मुंशी, ब्राह्मण पुत्री का बाल पकड़ कर घसीटा की पिटाई**

**✻ योगी सरकार में आर एस एस व भाजपा कार्यकर्ताओं का पुलिसिया उत्पीड़न**

जन एक्सप्रेस | देवरिया



जिले के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिसिया उत्पीड़न दिनों दिन बढ़ता जा रहा है और थानों पर दलालों का सिक्का कायम है यूं कहें तो जनपद के सभी थानों पर पुलिस नहीं दलालों का शासन है। जहां बड़ी से बड़ी घटनाओं को दलालों द्वारा मोटी रकम वसूल कर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है और यदि जिले की पुलिस को यह पता चल जाए या स्वयं पीड़ित बता दे कि वह आर एस एस या भाजपा का कार्यकर्ता हैं तो पुलिस पीड़ित पक्ष को ही प्रताड़ित करना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझ लेती है।

### आर एस एस कार्यकर्ता बताने पर पुलिस ने की बेरहमी से पिटाई

बताते चलें कि जनपद के लार थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भीखम छपरा निवासी रामेश्वर तिवारी का अपने पट्टीदार से जमीनी विवाद चल रहा था इसी क्रम में लार थाना पुलिस ने 24 सितंबर 2024 को दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया और बातचीत के क्रम में आर एस एस के समर्पित कार्यकर्ता रामेश्वर तिवारी ने कहा कि मैं संगठन का कार्यकर्ता हुं झूठ नहीं बोलता इतना सुनते ही थाने पर तैनात मुंशी ने रामेश्वर तिवारी की बेटी का बाल पकड़ कर घसीटते हुए एक कमरे में ले जाकर पिटाई करने लगा विरोध करने पर महिला सिपाहियों से पिटाई कराई, तथा रामेश्वर तिवारी को थाने में तैनात तीन यादव सिपाहियों ने उनकी चुटिया पकड़ कर नोंच दिया और हैवानों की तरह लात घूसों से पिटाई किया और श्री तिवारी को धमकी देते हुए कहा कि सीएचसी पर मेडिकल कराए चल रहे हैं वहां डाक्टर को अगर चोट लगने की बात बताई तो तुम्हें परिवार सहित बर्बाद कर दिया जाएगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष को सौंपा पत्रक

सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे विडियो का जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने संज्ञान लेते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के आवास पर पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लार पुलिस द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न करने और रामेश्वर तिवारी व उनकी बेटी की बेरहमी से पिटाई करने वाले तीन यादव सिपाहियों तथा थाने के मुंशी पर तत्काल कार्रवाई कराने और थाने को समाजवादी पार्टी के दलालों का अड्डा बनाने वाले थानेदार को हटाने की मांग किया है।

### कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा बर्दाश्त- जिलाध्यक्ष

भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा से बात किया और कहा कि थाने पर तैनात मुंशी व सिपाहियों को बर्खास्त किया जाए तथा थानाध्यक्ष के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किया जाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## अकारण वेतन रोकना शासन की तानाशाही: डॉ देवेन्द्र मणि

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। अकारण वेतन रोकना तथा प्रत्येक माह में वेतन रोकने की धमकी देना माध्यमिक विद्यालयों के जी का जंजाल बन गया है। किसी भी बात पर वेतन रोक देना उचित नहीं है। उक्त बातें गुरुवार को उप्र प्रधानाचार्य परिषद की उदित नारायण इन्टरमीडिएट कालेज पड़रौना में आयोजित बैठक में अध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद डॉ देवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा। डॉ त्रिपाठी ने कहा कि इस बार डी बी टी के नाम पर जिसमें प्रधानाचार्य की भूमिका नहीं है वेतन रोकने का आदेश सी डी ओ के द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आख्या पर दें दिया गया है। जबकि वेतन वितरण अधिनियम में जिला विद्यालय निरीक्षक के अलावा कोई नहीं है। विना अधिकार के मनमाने तरीके से वेतन रोका जा रहा है।अगर शनिवार तक तुगलकी आदेश वापस नहीं हुआ तो माध्यमिक विद्यालय आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय ने कहा कि मनमानापन चरम पर है।

# गृह कर, जल कर का मुद्दा पहुंचा प्रमुख सचिव कार्यालय

जन एक्सप्रेस | वृजमनगंज महराजगंज



नगर पंचायत बृजमनगंज की आवाम के लिए नगर पंचायत द्वारा गृह कर व जल कर वसूले जाने को लेकर किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह नन्हे ने बुधवार को प्रमुख सचिव नगर विकास से मिल कर मनमाने टैक्स को समाप्त करने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि फरेंदा नगर पंचायत के पहले चुनाव से अब तक जलकर और गृहकर नही लिया जा रहा है तो नए नगर पंचायत बृजमनगंज में क्यों जनता से कर की वसूली की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिम्मेदार आय बढ़ा कर करोड़ों की बजट लाने के फिराक में हैं। स्थानीय नेता व भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ नन्हे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव से मिलकर पत्र देकर बृजमनगंज के नगर वासियों की समस्या से अवगत कराया और त्वरित दोनों टैक्सों को समाप्त करने की अपील की। भाजपा नेता राघवेंद्र सिंह ने कहा कि बृजमनगंज के नगर वासियों का उत्पीड़न नहीं होने दूंगा। इसके लिए हर लड़ाई लड़ने के लिए मैं तैयार हूं। बृजमनगंज मेरा घर है और मैं अपने परिवार के किसी भी सदस्य का हर बुरे स्थिति में साथ दूंगा।

# सड़क बीच रील बना रही थी महिला, घंटों लगा रहा जाम

जन एक्सप्रेस | महराजगंज




रील बनाने का ऐसा चढ़ा खुमार कि एक महिला सड़क पर डांस कर घंटो आवागमन किया बाधित।मिली जानकारी के अनुसार द्वारा बीच सड़क पर खड़े होकर रील बनाने के चक्कर में रोड को जाम कर दिया गया। जिससे आवागमन बाधित हो गया लोग इकट्ठा हो गए और रील बनाने वाली युवती के अश्लील डांस को घंटों तक सड़क पर ही खड़े होकर देखने लगे जिसके कारण सड़क पर भीषण जाम लग गया। जाम लगते हीं महिला अपना रील बनाकर वहां से चल दी वही युवती के साथ रील बनाने में एक पुरुष भी साथ में था जो की सार्वजनिक स्थान पर प्रतिबंधित होने के बावजूद डांस कर स्मोक कर रहे हैं।सड़कों पर रील बनाते गाड़ियों को रोक कर बोनट पर चढ़कर डांस करती युवती / महिला के कारण घंटों जाम लगा रहता है। महिला द्वारा वीडियो कई स्थानों पर बनाए गए हैं।जिसे देखने के लिए हूजूम उमड़ पड़ी।स्कूल बस को रोक कर भोजपुरी के अश्लील गानों पर बीच सड़क पर जमकर डांस की।यह विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रील बनाने वाली महिला घुघली थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं।

सड़क जाम होने पर घुघली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**डॉक्टर की सलाह - डरें नहीं बरते सावधानी**

# गोरखपुर में मिले स्वाइन फ्लू के तीन मरीज

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



हल्के सर्दी-जुकाम वाले रोगियों की भी जांच में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हो रही है। एम्स गोरखपुर में भर्ती तीन रोगियों को ज्यादा दिक्कत नहीं है। इसमें से दो को डिस्चार्ज करने की तैयारी हो रही है। एम्स के डॉक्टर भी लोगों को बता रहे हैं कि सर्दी-जुकाम होने पर बचाव करें, डरे नहीं। लक्षणों के आधार पर आसानी से उपचार हो जा रहा है। हालांकि रोगियों को विशेषज्ञ से परामर्श जरूर लेना चाहिए। इन दिनों बुखार के साथ ही सर्दी-जुकाम के रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। डॉक्टर इसे वायरल इंफेक्शन बता रहे हैं। सिर में दर्द के साथ ही बुखार तेजी से चढ़ रहा है। एम्स के साथ ही बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और डाक्टरों की क्लिनिक पर रोजाना सैकड़ों रोगी पहुंच रहे हैं।

एम्स के माइक्रोबायोलाजी विभाग के डॉ. विवेक हाडा कहते हैं कि, फ्लू वायरस के रोगी मिल रहे हैं। इनमें लक्षण सामान्य हैं। एम्स में उच्चस्तरीय जांच की सुविधा उपलब्ध है। लोग जागरूक हुए हैं इसलिए रोगों के उपचार में लापरवाही नहीं बरत रहे हैं।

एम्स में पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुबोध कुमार ने कहा कि सर्दी-जुकाम के साथ आने वाले रोगियों का एहतियात के आधार पर परीक्षण कराया जाता है। यदि सर्दी-जुकाम है तो मास्क पहनें और भीड़भाड़ में जाने से बचें। मधुमेह, फेफड़ों में संक्रमण वाले रोगियों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी।

# चौरी चौरा में 2 अक्टूबर को नवयुवक सैनिक क्रॉस कंट्री दौड़ का होगा आयोजन

जन एक्सप्रेस | चौरी चौरा

गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र के माईधिया पोखर रामलीला मैदान, नई बाजार रोड पर नवयुवक सैनिक क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का नेतृत्व राकेश यादव (अध्यक्ष), सोनू यादव (उपाध्यक्ष), और गुड्डू यादव (कोषाध्यक्ष) करेंगे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री माननीय जयप्रकाश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम और राष्ट्रीय गायक हरिकेश यादव भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और चौरी चौरा विधानसभा प्रभारी एडवोकेट मुन्नी लाल यादव ने दी। प्रतियोगिता में 5 किलोमीटर और 1500 मीटर की दो प्रमुख दौड़ होंगी। 5 किलोमीटर दौड़ सुबह 7:00 बजे भोपा बाजार चौराहे से शुरू होकर माईधिया पोखर रामलीला मैदान पर समाप्त होगी, जबकि 1500 मीटर की दौड़ में प्रतिभागियों को 3 मिनट 52 सेकंड के भीतर दौड़ पूरी करनी होगी। विजेता खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। 5 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को एक साइकिल दी जाएगी, और 1500 मीटर दौड़ के विजेता को भी साइकिल से नवाजा जाएगा। अगर कोई खिलाड़ी 1500 मीटर की दौड़ 3 मिनट 52 सेकंड में पूरी करता है, तो उसे ?5100 का नकद इनाम मिलेगा। इस कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के अलावा गोरखपुर के अन्य प्रमुख गणमान्य लोग भी शामिल होंगे।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु लगाया गया शिविर

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर



जनपद के इत्तिफातगंज स्थित आर.ए.वी. पब्लिक स्कूल परिसर निकट नगर पंचायत कार्यालय में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की शासकीय योजनाओं में दिव्यांगजनों/पिछड़े वर्ग के अधिकाधिक समावेशन हेतु/प्रचार-प्रसार शिविर एवं लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाबूराम निषाद सांसद राज्यसभा, द्वारा शादी अनुदान के 25 , ओ लेवल सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के 20, और दिव्यांग पेंशन के 15 लाभार्थियों के प्रमाण पत्र/ स्वीकृति पत्र वितरित किया गया. कार्यक्रम में डॉ0 हरिओम पाण्डेय सदस्य विधान परिषद, धर्मराज निषाद पूर्व मंत्री श्याम सुंदर उर्फ साधू वर्मा अध्यक्ष जिला पंचायत , विजय विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सहित अन्य अतिथि सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं के स्टॉल/प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिससे दिव्यांगजन/पिछड़ा वर्ग के लोग अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकें तथा योजनाओं का लाभ उठा सकें। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्य द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गयी. सुश्री अनुपमा मौर्या उपनिदेशक दिव्यांगजन, तपस्वी लाल उपनिदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण अयोध्या..और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, डीपीओ के साथ वरिष्ठ सहायक मनोज दुबे , प्रदीप उपाध्याय अन्य उपस्थित रहे . कुल 10 विभागीय और सहयोगी प्रतिष्ठानों/ संस्थानों के स्टॉल/ प्रदर्शनी लगायी गयी. कार्यक्रम में कुल लगभग 700 से 800 लोग लाभार्थियों सहित उपस्थित रहे।

# पलक सक्सेना ने म्यूजिक वीडियो के शूट में गिराई बिजली

जन एक्सप्रेस | आगरा




फोक गीत को पंजाबी मिक्स करके म्यूजिक वीडियो की आज शहर में ÷डाउन टाउन ÷ कैफे में शूट किया गया, रंग बिरंगी लाइट्स के साथ एक्टर एक्ट्रेस और बैक डांसर्स धमाल मचा रहे थे। गीत के निर्देशक सूरज तिवारी ने बताया कि शूटिंग में मुंबई से आये प्रसिद्ध फिल्म एवं टी वी कलाकार ऐलन कपूर ने अपनी अदायगी और मूव्स से गाने में जान डाल रहे थे, वही मुंबई बालाजी इंस्टिट्यूट कि पलक सक्सेना ने अपने ग्लैमर के चलते इस रीमिक्स गीत को खूबसूरत बना दिया। डांसिंग ग्रुप कलाकारों के कदमों से कदम मिला रहा था। प्रोड्यूसर शिल्पी तिवारी और सावन चौहान हैं। गीत को म्यूजिक कुशमेंद्र शर्मा ने दिया है। फोटोग्राफी कमल लोखंडवाला, ॅड्म1ीड्मॅ1ड्मस्त्रँ8 इंडियाज गोट टैलेंट की प्रीती सिंह हैं, एडिट अमित गर्ग देख रहे हैं। गीत के लेखक सूरज तिवारी सिंगर अनुज उपाध्याय और गीत को निर्देशित सूरज तिवारी कर रहे है। गीत को विधायक विजय शिवहरे ने डाउन टाउन एम जी रोड में क्लेप देकर और नारियल फोड़ के किया साथ में तपन ग्रुप के चेयरमैन सुरेश गर्ग भी थे जो आज के स्पेशल गेस्ट थे इसके बाद और गीत की विधिवत शूटिंग शुरू हुई। गीत जल्दी ही किसी अच्छे प्लेटफार्म पर नजर आएगा और ऑडियो स्पॉटफाई, जिओ सावन, गाना डॉट कॉम, विंक म्यूजिक, एप्पल म्यूजिक आदि जगह मिलेगा।

# मनपसंद साधन चुनें, परिवार नियोजन में भागीदार बनें

जन एक्सप्रेस | आगरा



जनपद में गुरुवार को सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाया गया। विश्व गर्भनिरोधक दिवस हर साल 26 सितंबर को मनाया जाता है, और इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को परिवार नियोजन और गर्भनिरोधक के महत्व के बारे में जागरूक करना है। इस अवसर पर, सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । आयोजित कार्यक्रम में लोगों को गर्भनिरोधक विधियों के बारे में जानकारी दी गई और गर्भनिरोधक साधन भी उपलब्ध कराए गए ताकि महिलाओं और पुरुषों सुरक्षित और प्रभावी गर्भनिरोधक विधियों को अपनाकर स्वस्थ और स्वतंत्र जीवन जी सकें।

परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संजीव वर्मन ने बताया कि परिवार नियोजन के साधन अपनाने से परिवार खुशहाल होता है। इसे अपनाने के लिए परिवार नियोजन के प्रमुख साधन उपलब्ध हैं, जो पूरी तरह सुरक्षित हैं। इन्हें अपनाकर लोग स्वस्थ व खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वे-4 के अनुसार जनपद में 60.8त्न लोग गर्भ निरोधक साधनों का उपयोग करते थे, जबकि राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वे-5 के अनुसार अब 67.7 प्रतिशत लोग गर्भ निरोधक साधनों का उपयोग करने लगे हैं।

डॉ. संजीव वर्मन ने बताया कि सभी साधन सुरक्षित हैं और चिकित्सक, स्टॉफ नर्स और परिवार नियोजन काउंसलर की मदद से उचित परामर्श से सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर दिया जाता है । परिवार नियोजन के स्थायी साधन यानि नसबंदी को पुरुष और महिलाएं दोनों अपना सकते हैं ।

जीवनी मंडी शहरी स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम में केंद्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मेघना शर्मा ने बताया कि शादी के दो साल बाद पहले बच्चे को जन्म देना चाहिए। पहले और दूसरे बच्चे में तीन साल का अंतर होना चाहिए। जिससे कि मां और बच्चे दोनों की सेहत पर कोई दुष्प्रभाव न पड़े। इसके लिए परिवार नियोजन के अस्थाई साधन काफी कारगर साबित हो रहे हैं। इन साधनों में से दम्पति कोई भी मनपसंद साधन अपना सकते हैं ।

उन्होंने बताया कि नव दम्पति जब तक बच्चा न चाहें तब तक अस्थायी साधनों का प्रयोग कर सकते हैं। पहला बच्चा होने के बाद तीन साल तक अस्थायी साधनों का विकल्प चुना जा सकता है । गर्भसमापन या गर्भपात के बाद भी एहतियात के तौर पर छह माह तक परिवार नियोजन का साधन अपनाया जा सकता है ।

## फेम ने किया नवागत जिलाधिकारी का स्वागत

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** फेडरेशन आफ आल इंडिया व्यापार मंडल ने फेम के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती के नेतृत्व में आगरा के नवनियुक्त जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत उनके कलक्ट्रेट स्तिथ कार्यालय पर जाकर किया। भूपेंद्र सिंह सोबती ने फेम के बारे में जानकारी दी कि फेम एक व्यापारियों का राष्ट्रीय संगठन है जो भारत के 23 राज्यों के 400 जिलों के व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है और सतत उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यरत रहता है।तत्पश्चात बधाई एवं उनके सफल कार्यकाल के लिए फेम की ओर से शुभकामनाएं दीं। जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित ने सभी का परिचय जिलाधिकारी से कराया एवं भविष्य में फेम की ओर से प्रसाशन के सहयोग का प्रस्ताव दिया। जिलाधिकारी को माला,पटका पहना कर स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। जिलाधिकारी ने भविष्य में फेम के सदस्यों के साथ सहयोग का आश्वासन दिया।

# होमगार्ड जवानों के साथ मंत्री ने किया संवाद

जन एक्सप्रेस | आगरा




राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्डस विभाग एवं नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार श्री धर्मवीर प्रजापति जी की अध्यक्षता में सूरसदन प्रेक्षागृह में होमगार्डस जवानों एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की संयुक्त बैठक/संवाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मंत्री द्वारा होमगार्डस जवानों तथा नागरिक सुरक्षा विभाग के वार्डन, वॉलिन्टयर से सीधा संवाद स्थापित किया गया। संवाद में होमगार्डस जवानों/अवैतनिक अधिकारियों तथा नागरिक सुरक्षा विभाग के चीफ वार्डन/डिप्टी कन्ट्रोलर द्वारा नवीनीकरण में उत्पन्न कठिनाईयों को दूर करने वॉलिन्टयर्स हेतु आयुष्मान योजना बीमा कवर लागू करने की आवश्यकता, मेले आदि में ड्यूटी करने पर भत्ता दिलाने एवं पुलिस विभाग से समन्वय कराने की आवश्यकता से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान होमगार्डस एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा मंत्री को अवगत कराते हुए होमगार्डस विभाग के स्वंयसेवकों द्वारा डियूटी से आते/जाते समय दुघर्टना/बीमार होने की स्थिति में चिकित्सक द्वारा बैडरेस्ट दिये जाने की स्थिति में ड्यूटी भत्ता दिये जाने की मांग की गई। होमगाड्र्स स्वयंसेवकों को प्रत्येक थाने में एक कक्ष आवंटित करने का अनुरोध किया गया, जिससे वे रात्रि में अपनी ड्यूटी से घर न जा सकने की स्थिति में आराम कर सकें व वर्दी बदल सकें। इसके साथ ही मुजरिम ड्यूटी या अन्य ड्यूटी में बाहर जाने पर पुलिस विभाग की भॉति होमगाड्र्स को भी यात्रा भत्ता देयक दिलाने का अनुरोध किया गया।

मंत्री ने अपने उद्बोदन में विभागीय क्रियाकलापों तथा दोनों विभागों के द्वारा पर्यावरण संतुलन एवं जल संरक्षण व मानव कल्याण पर कार्य करने हेतु विस्तृत प्रकाश डालते हुए सभी होमगार्डस एवं स्वयंसेवकों से अपील की कि वह सार्वजनिक स्थानों पर तथा मेला इत्यादि में प्लास्टिक के प्रयोग करने वालों को जागरूक करते हुए प्लास्टिक के कारण हो रहे पर्यावरण प्रदूषण के बारें में भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आप सभी अवगत हैं कि कैसे कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी से कितनी जनहानि हुई है यह तो एक उदाहरण है, यदि हम सभी, अभी से प्रकृति के प्रति सचेत नहीं हुए तो आने वाले समय में इसके भयावह परिणाम सामने आयेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोग प्रकृति द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जिस तेजी से दोहन कर रहे हैं, आने वाले समय में वह समाप्त हो सकती है, अतः हम लोग प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए अधिक से अधिक पेंड़ लगायें, जल संरक्षण व संवर्धन हेतु उपायों के प्रयोग के साथ साथ प्लास्टिक का भी प्रयोग न करें। उक्त अवसर पर डिप्टी कमाण्डेण्ट जनरल, होमगार्डस, पश्चिम परिक्षेत्र, आगरा संजीव कुमार शुक्ल, डिवीजनल कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, आगरा डिवीजन, आगरा, राजेश कुमार सिंह, डिवीजनल कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, अलीगढ डिवीजन अलीगढ़ घनश्याम चतुर्वेदी, जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, आगरा/मथुरा डा0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, अलीगढ़ श्यामजीत शाही, जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, एटा विनोद कुमार शाक्य, जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, हाथरस अनुराग सिंह एवं जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, कासगंज अजय कुमार सिंह सहित होमगार्डस व स्वयंसेवक आदि उपस्थिति रहे।


## महिला का नहाते हुए बना रहा था वीडियो

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** ताजनगरी आगरा में एक महिला का नहाते हुए वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। क्षेत्र के थाना सैया क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में महिला का नहाते हुए पड़ोसी युवक वीडियो बना रहा था। महिला के परिजनों को जानकारी हुई तो जमकर हंगामा हुआ। महिला की तहरीर पर थाना सैया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आगरा - ग्वालियर रोड स्थित थाना सैया क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में एक महिला गुरुवार की सुबह अपने घर पर स्नान कर रही थी। बताया जा रहा है तभी एक पड़ोसी चुपके से मोबाइल पर महिला की वीडियो बनाने लगा। महिला की वीडियो बनाते देख महिला के परिजनों ने युवक को दबोच लिया। जिसके चलते जमकर हंगामा हो गया। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।

# ताजमहल पर चलेंगे पर्यटक ऑटो मित्र

## ऑटो में लगे होंगे क्यू आर कोड, स्कैन कर खरीद सकेंगे ताजमहल की टिकट

जन एक्सप्रेस | आगरा



ताजमहल पर पर्यटकों से धोखाधड़ी रोकने के लिए पर्यटन पुलिस ने पर्यटक ऑटो मित्र चलाने का फैसला लिया है। इन ऑटो में ताजमहल की टिकट बुक कराने के लिए क्यूआर कोड भी लगाए जाएंगे। पर्यटक ऑटो मित्र के ड्राइवर स्पेशल वर्दी में रहेंगे। ताजमहल पर पर्यटकों को सुरक्षित माहौल देने के लिए पर्यटन पुलिस लगातार कदम उठा रही है। ऑटो चालकों द्वारा पर्यटकों को गुमराह कर धोखाधड़ी करने के कई मामले सामने आए हैं। इसके बाद धोखाधड़ी को रोकने के लिए पर्यटन पुलिस पर्यटन ऑटो मित्र चलाने की योजना बनाई है। इसके लिए ताजमहल के आसपास ऑटो ड्राइवरों का चरित्र सत्यापन कराया जा रहा है। जिन ऑटो चालकों को इस योजना से जोड़ा जाएगा, उन्हें स्पेशल वर्दी दी जाएगी। उनके ऑटो में ताजमहल टिकट बुक करने के क्यू आर कोड लगाए जा रहे हैं। पर्यटक ऑटो से ही क्यू आर कोड स्कैन कर टिकट बुक कर सकेंगे। ताजमहल के फोटो ऑटो पर लगे होंगे। इसके अलावा पर्यटन पुलिस द्वारा एडवाइजरी लिस्ट भी जारी की जाएगी। जिसमें बताया जाएगा कि पर्यटक ताजमहल के अंदर क्या ले जा सकते हैं और क्या नहीं ले जा सकते हैं। ताजमहल में एंट्री से संबंधित जानकारी भी मिलेगी।

### वेस्ट गेट पर ज्यादा है संख्या

एसीपी ताज सुरक्षा अरीब अहमद ने बताया कि ताजमहल के वेस्ट गेट पर सबसे ज्यादा ऑटो और ई-रिक्शा चलते हैं। इनमें से कई ऑटो चालक पर्यटकों को गुमराह करते हैं। उनके साथ धोखाधड़ी करते हैं। पर्यटकों की लगातार शिकायतें मिलती रहती हैं। अब ताजमहल के आसपास के ही लोगों को पर्यटक मित्र बनाने पर जोर है। जो पर्यटकों को सही जानकारी देंगे। इन लोगों का पूरा रिकॉर्ड थाने पर होगा।

## शिक्षामित्र गीता तोमर की असमय मृत्यु

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** पूर्व कम्पोजिट विद्यालय पीपल खेड़ा विकासखंड खेरागढ में कार्यरत शिक्षामित्र श्रीमती गीता तौमर उम्र 42 वर्ष की आज उपचार के दौरान अचानक से हर्दयगति रुकने से मृत्यु हो गयी गीता तौमर पिछले छ: माह से कैंसर से पीड़ित थी उनका मुंबई में उपचार चल रहा था गीता तौमर 2007 में प्राथमिक विद्यालय घुसियाना खेरागढ़ में शिक्षामित्र के पद पर नियुक्त हुई थी बाद में सपा सरकार में 20/5/2015 को सहायक अध्यापक पद पर समायोजन कम्पोजिट विद्यालय खेरागढ़ में हो गया था । तब से वहीं शिक्षण कार्य कर रही थी परिवार में पति सत्यवीर सिंह परमार व दो बच्चे बेटी वित्रा 19 साल तथा बेटा आदित्य परमार की उम्र अभी 12 साल है । शिक्षामित्र गीता तौमर की मृत्यु की खबर सुनकर शिक्षामित्रों में शोक की लहर दौड़ गयी । उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह छौंकर ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए।

# कमर दर्द, घुटने में गठिया से पीड़ितों का किया परीक्षण

जन एक्सप्रेस | आगरा



कमला नगर स्थित सुमित राहुल गोयल मेमोरियल स्कुल में जरूरतमंद मरीजों और स्कूली बच्चो के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शुरूआत निदेशक रेनू गोयल, कन्हैया गोयल, साहिबा गोयल और शौर्य दीप गोयल ने दीप प्रवज्जलित कर की । हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विभांशु जैन ने बताया कि हड्डी रोग की समस्या अनियमित जीवन शैली और उठने- बैठने व सोने के गलत तरीके से होती है । शिविर में सर्वाधिक मरीज कमर के दर्द, कूल्हे, घुटने में गठिया, चलते या खड़े होते समय शरीर में कमजोरी, जोड़ो में अकड़न जैसी समस्या से पीड़ित दिखे। प्रधानाचार्य रामानंद चौहान ने बताया कि स्कुल के संस्थापक कुलदीप गोयल की पंचम पुण्यतिथि पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में करीब 287 मरीजों व बच्चो ने शिविर का लाभ प्राप्त किया। शिविर में जरनल फिजिशियन डॉ. अभिनव मित्तल, त्वचा विशेषज्ञ डॉ. किन्छुक सक्सेना, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विभांशु जैन, साइकेट्रिस्ट डॉ अमित गौर, दन्त विशेषज्ञ डॉ. राजीव अग्रवाल और फिजियोथेरपिस्ट डॉ. सुचेता गुप्ता, डॉ. पियूष दुबे, डॉ अग्रिम ने मरीजों को परामर्श दिया। स्वास्थ्य शिविर में कैल्शियम, कॉलस्ट्रॉल, थायराइड, मधुमेह, हिमोग्लोबिन आदि के परीक्षण किए। इस अवसर पर मनोज बल, गौरव कोहली, नारायण ठाकुर आदि मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | CTG-STALL-GMU-D |
| कार्य का विवरण | Allotment of Catering Stalls under GMU category at Various Stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23/09/2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लाट) | 08-10-24 at 10:00:00 Hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08-10-24 at 12:40:00 Hrs |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of Catering stalls to be auctioned are as under: -

| S.N | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MALHOUR | Catg-LKO-ML-GMU-76-24-1 | ML/PF-1/90/ West End of PF | 08-10-24 10:30:00 | GMU | |
| 2 | MANAK NAGAR | Catg-LKO-MKG -GMU-78-24-3 | MKG/PF-1/39/ ADDL/ | 08-10-24 10:40:00 | GMU | Women |
| 3 | MUSAFIRKHANA | Catg-LKO-MFKA-GMU-79-24-1 | MFKA/PF-1/37/ ADDL/ | 08-10-24 10:50:00 | GMU | |
| 4 | UNCHAHARJN | Catg-LKO-UCR-GMU-81-24-1 | UCR/ PF- 1/ 59/ ADDL/ | 08-10-24 11:00:00 | GMU | |
| 5 | DALMAU | Catg-LKO-DMW-GMU-69-24-1 | DMW/ PF-1 / 12/ | 08-10-24 11:10:00 | GMU | Women |
| 6 | JAIS | Catg-LKO-JAIS-GMU-73-24-1 | JAIS/PF-1/25/ ADDL | 08-10-24 11:20:00 | GMU | |
| 7 | UGRASENPUR | Catg-LKO-URPR-GMU-80-24-2 | URPR/PF-1/ 100/ADDL/ | 08-10-24 11:30:00 | GMU | Women |
| 8 | GARHI MANIK PUR | Catg-LKO-GRMR-GMU-70-24-1 | GRMR/PF-1/20/ ADDL | 08-10-24 11:40:00 | GMU | |
| 9 | GAURIGANJ | Catg-LKO-GNG-GMU-71-24-1 | GNG/PF-1/18/ ADDL | 08 10-24 11:50:00 | GMU | Women |
| 10 | MALIPUR | Catg-LKO-MLPR-GMU -77-24-1 | MLPR/PF-1/43/ ADDL | 08-10-24 12:00:00 | GMU | Women |
| 11 | KUNDA HARNAMGANJ | Catg-LKO-KHNM-GMU-74-24-1 | KHNM/PF-1/31/ ADDL | 08-10-24 12:10:00 | GMU | |
| 12 | MALHOUR | Catg-LKO-ML-GMU-75-24-1 | ML/PF-1/89/ | 08-10-24 12:20:00 | GMU | |
| 13 | JAIS | Catg-LKO-JAIS-GMU-72-24-1 | JAIS/PF-1/24/ ADDL | 08-10-24 12:30:00 | GMU | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2979/2024


चार दिवसीय मेला, गांव–गाव चल रही तैयारी

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली पर आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम




जन एक्सप्रेस | मथुरा/फरह (दीनदयाल धाम)

एकात्म मानववाद के पुरोधा पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली में चार दिवसीय मेला में जन्मोत्सव के दिन महिला लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, लोक गीत प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल करने के इरादे से गाव-गाव में महिलाओं के समूह अपनी अपनी तैयारी कर रहे है। प्रतियोगिता में बालिका, महिला व बुजर्ग महिला भी भाग लेंगी। आसपास के गावों में दोपहर बाद ढोलक की थाप संग गूंजते लोकगीत तैयारियों की ओर इशारा कर रहे हैं। रैपुराजाट की राधा ने बताया कि प्रतियोगिता में जीत हासिल करने के लिए उनकी सहेलिया कई दिन से ढोलक के संग लोकगीत की रियाज में जुटी हुई हैं। दीनदयाल धाम की विमला ने बताया कि प्रतियोगिता में जीत के लिए स्वर का बेहतर होना जरुरी है, इसके लिए उनकी सहेलियों ने ढोलक और आवाज का बंटवारा कर लिया है। प्रतियोगिता में करीब 8 दर्जन टीम भाग लेंगी। जिसमें निर्णायक मंडल की रीना,रूबी, शाक्या, कमलेश व इंदु सिंह, प्रमिला, ममता, नीलम मौजूद रहेंगी।

# प्रशासनिक मशीनरी अभी सुस्त, मेला समिति स्थल को संवारने में जुटी

जन एक्सप्रेस | मथुरा/फरह (दीनदयाल धाम)



एकात्ममानववाद के पुरोधा पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली में 29 सितंबर से आयोजित होने वाले मेला जन्मोत्सव को लेकर प्रशासनिक मशीनरी अभी सुस्त है, लेकिन मेला समिति मेला स्थल को संवारने में जुटी है।

आधिकारिक मेला में चार दिन शेष है मेला में दर्जनों विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री, सहित दूसरे प्रदेशों के जनप्रतिनिधि सहित सरकारी अधिकारी भी आएंगे लेकिन सरकारी अधिकारी सुस्त है ।आगरा,मथुरा हाईवे से फतिहा तिराहे होकर दीनदयाल धाम आने वाली सड़क किनारे कूड़े ढेर लगे हें, जबकि गांव दौलतपुर के पास सड़क जर्जर है। ओर कीचड़ युक्त पानी सड़क पर भरा रहता है। फरह से आने वाले रास्ते पर अतिक्रमण भी कम नहीं हैं। फरह से दीन दयाल धाम तक की सरकारी पटरी पर स्थानीय दुकानदारों के कब्जे में है, वहीं सड़क पर ढकेल वालों का कब्जा रहता है राहगीरों को निकलना भी दुसवार है। दीन दयाल मेला में पैदल आने और जाने वालों को यहा दिनभर सब्जी बेचने वालों की फेंकी गई गंदगी से गुजरना होगा। सबसे बड़ी समस्या तो दीनदयाल स्मारक के पीछे ही विराजमान है, यहा के निवासियों ने नाली को समाप्त ही कर नाली पर कब्जा कर दिया है, जिससे समूचा मल-मूत्र यहीं सड़क पर भरा रहता है। पींगरी, मेघपुर, दखोला वाले मार्ग पर स्मारक से मात्र 50 मीटर दूर गंदगी के अंबार लगे हुए है, इस मार्ग से आने वालों को बदबू की वजह से मुंह पर कपड़ा लगाकर आना पड़ता है। मेला मंत्री मनीष अग्रवाल ओर मेला कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाठक ने बताया के मेला ग्राउंड और दीनदयाल धाम के चारों तरफ की सफाई अभियान जारी है और सफाई कर दी गई है अन्य मार्गो की जिम्मेदारी प्रशासन की है उन्हें अवगत करा दिया गया है।

# सड़क सुरक्षा समिति की जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की वर्ष 2024 में आठवीं बैठक का आयोजन गांधी सभागार में हुआ। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा एनएचपीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को डिग्री कॉलेज चौराहे से कलेक्ट्रेट तिराहे तक मार्ग चौड़ीकरण एवं टाइलयुक्त फुटपाथ बनाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। आसाम चौराहा पर पूर्व में संचालित हो रही पुलिस चौकी के ओवर ब्रिज निर्माण के कारण होने वाली स्थानांतरण की कार्रवाई यथाशीघ पूर्ण की जाने एवं असम चौराहे पर बनाए जा रहे ओवर ब्रिज के ड्रेनेज का उचित निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए गए। गजरौला में आबादी भाग में लगाई गई स्ट्रीट लाइट के संचालन हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया।

लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता को नौगवां ओवर ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड की मरम्मत कार्य कराए जाने एवं मुख्य मार्गों पर हो रहे गड्ढों पर समतलीकरण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। सार्वजनिक सेवाएं से होने वाली सड़क दुर्घटना एवं हिट एंड रन सड़क दुर्घटना के पीड़ित तो अथवा उनके आश्रित को सरकार द्वारा चलाई जा रही मुआवजा योजना का लाभ प्रदान करने हेतु प्राप्त आवेदनों पर त्वरित निस्तारण किए जाने हेतु उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया।

पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर हो रहे चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के प्रावधानों का विशेष ध्यान रखे जाने हेतु मोर्थ के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर चिन्हित साथ ब्लैक स्पॉट्स पर आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जाएं ताकि इन्हें ब्लैक स्पॉट से हटाया जा सके। जनपद में सेफ मॉडल रोड चिन्हित किए जाने के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा पीलीभीत बीसलपुर मार्ग को चयनित किए जाने हेतु कार्य संस्था को समस्त आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के विद्यालयों में छात्र संख्या के अनुपात में अपेक्षित स्कूली वाहन पंजीकृत ना होने के कारण छात्र-छात्राओं को अन्य सुरक्षित वाहनों से यात्रा करनी पड़ती है इसके समाधान के लिए जिलाधिकारी द्वारा ऐसे स्कूलों को चिन्हित करते हुए उनकी अलग से बैठक बुलाने के निर्देश दिए गए ताकि उनके विद्यालय की छात्र संख्या के अनुपात में स्कूली वाहन पंजीकृत कराई जा सके और उन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे सुरक्षित वाहनों से अपने घर से स्कूलआवागमन कर सके।


जनपद के प्रमुख मार्गो से अतिक्रमण हटाए जाने हेतु सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को अभियान चलाई जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही नगर मजिस्ट्रेट को अतिक्रमण हटाए जाने हेतु चलाई जाने वाले अभियान का नेतृत्व करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को उनके क्षेत्र अंतर्गत आवश्यकता अनुसार टेंपो मैजिक ऑटो रिक्शा ई रिक्शा इत्यादि वाहनों के टैक्सी स्टैंड का ठेका निर्गत कराई जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा उन्होंने पुलिस एवं परिवहन विभाग से यह भी सुनिश्चित कराई जाने हेतु कहा गया कि चिन्हित किए गए टैक्सी स्टैंड से ही वाहनों का आवागमन कराया जाए टैक्सी स्टैंड के अन्यत्र किसी अन्य जगह से वाहनों का आवागमन करने पर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए।

नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले रामलीला मार्ग पर हुए गड्ढों के निस्तारण हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पीलीभीत को निर्देशित किया गया

जिलाधिकारी द्वारा पुलिस एवं परिवहन विभाग को यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए बैठक में पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी यातायात, एआरटीओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग, स्न्ञ्च्रञ्जा॥ के प्रतिनिधि, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पीलीभीत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पूरनपुर के प्रतिनिधि एवं अन्य सड़क निर्माण एजेंसी के अभियंता एवं प्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे।

## खेत की रखवाली कर रहे किसान की सांड़ के हमले में मौत





जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

खेत की रखवाली करने गए किसान की रात के समय सांड के हमले में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी 112 मौके पर पहुंची। पीआरवी ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक किसान के शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव खामघाट निवासी बाबूराम 60 वर्ष अपने खेतों में खड़ी धान की फसल की रखवाली करने देर शाम खाना खाकर घर से गये थे। बताया गया है कि बाबूराम खेत में ही मचान बनाकर अपनी धान की रखवाली कर रहे थे। इस बीच सांडो का एक झुंड उनके खेतों में घुस आया। जिसे देखकर बाबूराम खेतों की तरफ सांडो को भगाने के लिए गए थे। तभी कुछ हमलावर साड़ों ने उन पर हमला कर दिया। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उनके परिजन आनन-फानन में घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने पीआरवी 112 तथा कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरवी 112, कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक की पत्नी धीरमती का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक बाबूराम के तीन बेटे हैं सोमपाल 35 वर्ष, रवीन्द्र 30 वर्ष, श्याम लाल 25 वर्ष जिसमें सोमपाल, रविन्द्र की शादी हो चुकी है श्याम लाल अभी तक अविवाहित हैं। अभी तक साड़ों के हमले में कई किसानों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। लेकिन प्रशासन सड़कों पर घूम रहे आवारा गौवंश को लेकर प्रशासन अभी भी लापरवाह बना हुआ है।

## फर्जी पैथोलॉजी फर्जी मेडिकल फर्जी झोलाछाप डॉक्टरों की आई बाढ़




जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में इस समय मरीजों की जांच के नाम पर लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। यह झोलाछाप डॉक्टर अपनी कमीशन के चक्कर में गांव में बनी पैथोलॉजी से जांच कर कर मोटी रकम वसूल रहे हैं। पैथालॉजी स्वामी मरीज के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। उनके पास जांच करने की कोई डिग्री नहीं है न ही कोई मशीन है। कंप्यूटर द्वारा फर्जी जांच बनाकर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। झोला डाक्टर का अच्छा कमीसन आ रहा है इन पैथालॉजी स्वामियों से रकम वसूल रहे हैं। मरीजों के लिए खून टेस्ट के नाम पर टाइफाइड, मलेरिया, टीवी, गुर्दा की जांच, लीवर की जांच सहित कई जांच कर मोटी रकम वसूल रहे हैं। जबकि उनके पास जांच की कोई योग्यता नहीं है न ही मशीन है लेकिन यह भोले वाले मरीजों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। झोलाछाप डॉक्टर जांच लिख देते हैं और पैथोलॉजी स्वामी जमकर मोटी रकम वसूल रहे हैं। कस्बा चुर्रासकतपुर में तीन पैथोलॉजी मीरपुर वाहनपुर में चार पैथोलॉजी रिछोला सबल में दो पैथोलॉजी हैं जिनसे मरीजों की जांच कराई जाती हैं। इन झोलाछाप डाक्टरों ने एक ऐसा एक बिजनेस बना रखा है। जिससे वह एक माह में ही लाखों की संपत्ति अर्जित कर लेते हैं इसके अलावा चुर्रासकतपुर, मीरपुर वाहनपुर, रिछोला सबल, महादेवा में कई फर्जी मेडिकल स्टोर चल रहे हैं। जिनके पास स्टोर चलाने की डिग्री नहीं है। उनकी योग्यता मात्रा मैट्रिक पास है लेकिन यह स्टोर चला रहे हैं। उनके पास बीफार्मा, डीफार्मा की डिग्री नहीं है। दूसरे का लाइसेंस लेकर स्टोर चलते हैं और जर्निग नशीली दवाई बेचने का कारोबार बड़े पैमाने से कर रहे हैं। इसके अलावा इन गांव में झोलाछाप डॉक्टर जमकर बैठे हुए हैं और भोले भाले मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। जबकि चुर्रासकतपुर में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है। वहां पर मरीज नहीं जा रहे हैं और झोलाछाप डॉक्टरों की शरण में जाकर अपनी जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर लेखराज गंगवार द्वारा बताया गया है कि लगातार छापा मार कार्रवाई की जा रही है लेकिन यह अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। उनके खिलाफ अभियान चलाकर फर्जी क्लिनिक पैथोलॉजी एवं फर्जी मेडिकल स्टोर बंद कराए जाएंगे।

## बीआरसी पर एफएलएन की 6 वीं बैच का हुआ समापन



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

ब्लॉक संसाधन केंद्र शाहगंज पर बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान पर आधारित प्रशिक्षण की छठवीं बैच का समापन खंड शिक्षा अधिकारी बसंत कुमार शुक्ला के कुशल नेतृत्व में समाप्त हुआ। प्रत्येक बैच में 100-100 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। निपुण भारत योजना के अंतर्गत बच्चों को भाषा एवं गणित में निपुण बनाने की योजना है। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। ए आर पी एसोसिएशन के प्रदेश मंत्री एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत मिश्र ने कहा प्रशिक्षण में भाषा एवं गणित के साथ-साथ अंग्रेजी विषय की पुस्तकों पर चर्चा की गई है। शिक्षक संदर्शिका का 2024 -25 बच्चों के निपुण बनाने में सहायक सिद्ध होगा। प्रशिक्षण कक्ष सभी सुविधाओं से युक्त था। प्रशिक्षण में सुभाष यादव, धर्मेन्द्र सिंह, सुजीत सोनकर, अखिलेश यादव सहित सभी संदर्भ दाता एवं शैलेन्द्र सिंह, अवनीश यादव, गौरव सिंह, उपेन्द्र सिंह, रजनीश सिंह, विनोद कुमार, अशोक कुमार रचना जायसवाल, प्रमिला यादव, नीतू सिंह, फरमान अली, जमशेद अहमद, किरण यादव महेंद्र यादव उमेश यादव, तबस्सुम बानो सहित सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## राज्य मंत्री ने काशीराम कॉलोनी का किया औचक निरीक्षण





### मानक के अनुरूप कार्य न मिलने पर बिजली अफसर पर जताई नाराजगी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मील राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने गुरुवार को दोपहर में रोडवेज के समीप स्थित काशीराम आवासीय कॉलोनी का औचक निरीक्षण किया जहां बिजली विभाग द्वारा डाली जा रही अंडरग्राउंड केबल के कार्यों का निरीक्षण किया और कार्य मानक के अनुरूप एवं संतोषजनक नहीं होने के कारण बिजली के अफसर से नाराजगी जताई उन्होंने मौके पर अंडरग्राउंड केबल डाले जाने के संबंध में होने वाली जमीन की खुदाई देखी जो निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाई गई इस पर राज्य मंत्री श्री गंगवार ने अफसर से पूछा तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके राज्य मंत्री श्री गंगवार ने काशीराम कॉलोनी से होकर गुजरने वाली 33000 केवी बिजली लाइन को मानक के अनुरूप जमीन की खुदाई कर लाइन को डालने के निर्देश दिए ताकि बार-बार इसके दौरान कॉलोनी वासियों को किसी तरह का करंट आने का खतरा उत्पन्न ना हो सके निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री श्री गंगवार ने कॉलोनी की सफाई व्यवस्था सड़कों के रखरखाव की व्यवस्था आदि नागरिक सुविधाओं के बारे में कॉलोनी वासियों से जानकारी हासिल की और इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रभावी कार्य का कार्यवाही करने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता बिजली अधिशासी अभियंता बिजली सहित विभाग के अन्य अधिकारी गण मौजूद रहें।

## प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर बालक एवं जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जनपदीय चयन/ट्रायल्स

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 कबड्डी संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता (16 वर्षीय) का आयोजन 05 से 07 अक्टूबर, 2024 तक सहारनपुर में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर के सब-जूनियर बालक कबड्डी खिलाड़ियों का जनपदीय चयन परीक्षण 01 अक्टूबर 2024 को प्रातः 10 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा।

प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता (20 वर्षीय) का आयोजन 21 से 23 अक्टूबर, 2024 तक आगरा में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर के जूनियर बालिका कबड्डी खिलाड़ियों का जनपदीय चयन परीक्षण 16 अक्टूबर 2024 को प्रातः 10 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। जनपदीय चयन परीक्षण में चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन परीक्षण हेतु भेजा जायेगा। मण्डलीय चयन परीक्षण सब-जूनियर बालक कबड्डी का 03 अक्टूबर 2024 को तथा जूनियर बालिका का 18 अक्टूबर 2024 को प्रातः 9.00 बजे से डॉ0 भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल लालपुर, वाराणसी में किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर बालक कबड्डी एवं प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र फोटो सहित तथा आयु प्रमाण-पत्र प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित तथा आधार कार्ड के साथ, हाई स्कूल अंक पत्र की छायाप्रति साथ लेकर जनपदीय चयन/परीक्षण में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की आयु 31 दिसम्बर 2024 को 16 वर्ष या उससे कम अर्थात जन्म तिथि 01 जनवरी 2009 के बाद का होना चाहिए तथा वजन 55 किग्रा0 या उससे कम होना चाहिए एवं प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की आयु 31 दिसम्बर 2024 को 20 वर्ष या उससे कम अर्थात जन्म तिथि 01 जनवरी 2005 के बाद का होना चाहिए तथा वजन 65 किग्रा0 या उससे कम होना चाहिए। उक्त जानकारी उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह ने दी है।

## विद्या भारती के पूर्व छात्रों की बैठक हुई संपन्न


जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।
चिरौजीलाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर में पूर्व छात्रों की बैठक हुई।
जिसमें विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद की बैठक में बाहर से आए हुए निरीक्षक बंधुओं ने अध्यक्षता की जिन्होंने बताया हमारे आसपास हो रही देश विरोधी गतिविधियों को कैसे समाज से दूर किया जाए और एक अच्छे समाज का कैसे निर्माण किया जाए और लोगों को संघ की विचारधारा से जोड़ा जाए जिससे अच्छे समाज का निर्माण हो इस बैठक में आंवला से आए गवेन्द्र सिंह, अतरौली अलीगढ़ से जगवीर सिंह, आचार्य हरिशंकर प्रांतीय पर्यवेक्षक के रूप में भद्र पाल गंगवार, प्रधानाचार्य चंद्रभान शर्मा, आचार्य पुनीत गुप्ता, आचार्य विनोद दीक्षित, जिला संयोजक अरविंद वर्मा, सहसंयोजक राजकुमार, अंकित यादव, अमन आदि पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट मे आने से अधेड़ महिला की मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**मुंगरा बादशाहपुर।** वाराणसी प्रतापगढ़ रेल प्रखंड पर गुरुवार को भोर में करीब चार बजे वाराणसी जा रही सीतापुर स्पेशल ट्रेन की चपेट मे आने से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है। वाराणसी प्रतापगढ़ रेल प्रखंड पर बादशाहपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिम फाटक के पास भोर में करीब चार बजे वाराणसी जा रही सीतापुर स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से हिरावती देवी पत्नी राजकुमार पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी गोसेपुर, रामापुर थाना फतनपुर, जिला प्रतापगढ़ की मौत हो गई। वह अपने किसी कार्य से बीती रात मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के मुंगरडीह गांव में अपने मायके आई थी। भोर में मायके से अपने घर के लिए चुपचाप बगैर मायके वालों को बताए निकल गई और सुबह लोगो ने रेलवे ट्रैक पर महिला के कट कर मौत की सूचना पर मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस जघई ने लाश की शिनाख्त कराने पर हीरावती के रूप में हुई। जीआरपी पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

## रोजगार मेले में 122 अभ्यर्थियों का चयन



जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

अनगढ़ रोड स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में बुधवार को आयोजित रोजगार मेला में 122 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार में आई कंपनियों के प्रतिनिधियों विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार के जरिए अभ्यर्थियों का चयन किया। रोजगार मेला में 376 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान जिला सेवायोजन अधिकारी ओमजी गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी को लेकर निष्कासित अधिवक्ता पर मुकदमा दर्ज




जन एक्सप्रेस । जौनपुर

उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में इंटरनेट मीडिया पर ब्राह्मण समाज पर अभद्र और अमानवीय टिप्पणी को लेकर सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष प्रवीण तिवारी ने दीवानी न्यायालय के निष्कासित अधिवक्ता बरसातू राम सरोज के खिलाफ गुरुवार को लाइन बाजार थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार प्रवीण तिवारी निवासी ग्राम पचोखर,रामदायलगंज ने गुरुवार को सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं के साथ जाकर लाइन बाजार थाना में तहरीर दिया कि एडवोकेट बरसातू राम सरोज अपने अभद्र टिप्पणी के कारण बार एसोसिएशन दीवानी न्यायालय से निष्कासित किए जा चुके हैं। 25 सितंबर 2024 को इन्होंने अपने सोशल मीडिया आईडी पर ब्राह्मण समाज के ऊपर अभद्र और अमानवीय टिप्पणी किया जिससे ब्राह्मण समाज के साथ-साथ सर्व समाज इस अभद्र टिप्पणी और पोस्ट से आहत है। बरसातू राम के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(2) व सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत एफआईआर दर्ज किया। वादी व अन्य कार्यकर्ताओं ने आरोपित की गिरफ्तारी की मांग किया। एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

## ट्रक में साथ जा रहे दूसरे चालक की मौत

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

**लालगंज।** बरौंधा चौकी के पास अतरैला टोल प्लाजा पर बुधवार को शाम करीब चार बजे एक ट्रक चालक मृत अवस्था में मिला। वहां दूसरे चालक ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मध्य प्रदेश के पिपरिया से दाल लोड कर कोलकाता जा रहे ट्रक में दो चालक थे। कोलकाता के वनवेडिया धनतला निवासी चालक नीरोपेन विश्वास अपने साथी चालक 54 वर्षीय मनोहरी हालदार को टोल प्लाजा के पास जगाने की कोशिश कर रहे थे। जब साथी चालक ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो नीरोपेन ने ट्रक को खड़ा कर दिया। उसके बाद देखा तो साथी चालक की मौत हो चुकी थी। इससे पहले ड्रमंडगंज के पास वह चालक नीरोपेन से कह रहा था कि उसे पसीना आ रहा है और घबराहट महसूस हो रही है। इस पर नीरोपेन ने उसे पानी पीकर आराम करने को कहा था।

## गन्ना सहकारी समिति के नामांकन मे चुनाव अधिकारी बीमार

### किसानों ने किया हंगामा, पुलिस फोर्स तैनात

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



शाहगंज नगर के अयोध्या मार्ग स्थित गन्ना सहकारी समिति कार्यालय में गन्ना समिति का चुनाव के पहले निर्धारित नामांकन तिथि गुरुवार को सुबह दस से शाम पांच बजे तक होना था।

वहीं चुनाव अधिकारी बीडीओ महाराजगंज की तबीयत ठीक न होने के चलते नहीं आ सके।जिसको लेकर किसान और चुनाव में हिस्सा लेने आए प्रत्याशियों का आरोप की चुनाव को न कराने की मंशा को लेकर चुनाव अधिकारी झूठ बोल रहे हैं।ताकि रात के अंधेरे में अपने मनमाफिक प्रत्याशियों को नामांकन कर चुनाव जीता दिया जाय। किसानों के भारी भीड़ और प्रत्याशियों के हंगामे की सूचना मिलते ही मौके पर सीओ अजीत सिंह चौहान, एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच स्थिति को नियंत्रित किया।

इस सम्बंध में जब एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया से पूछा गया तो उन्होंने इस सम्बंध में कैमरे पर बोलने से इनकार कर दिया।और कहा की नामांकन और पर्चा खरीदने के एक अगली तिथि निर्धारित कराई जा रही है।जिसकी नोटिस समिति के कार्यालय पर चस्पा कर दी जाएगी।

बताते चलें गन्ना समिति का चुनाव हर तीन वर्ष में एक बार होता है।जिसमे अकबरपुर के कुछ हिस्से के किसान, जौनपुर जनपद और आज़मगढ़ के किसानों की हिस्सेदारी होती है।एवं इसी समिति द्वारा किसानों की गन्ने की खरीद होती है फिर उसे सठियांव चीनी मिल सहित अन्य मिलों को विक्रय किया जाता है।

## प्रेमी से मिलने से घरवालों ने रोका तो युवती ने जला लिया हाथ

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर




मिर्जापुर जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र की 20 वर्षीय युवती घर से नाराज होकर एक गांव में पहुंच गई। वहां कुछ लोगों ने उसे घायल अवस्था में देखा तो पास गए। युवती के हाथ व गले पर जलने के निशान थे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कछवां थाने की पुलिस युवती को थाने ले जाकर पूछताछ की। युवती ने पुलिस को पहले गुमराह करते हुए बताया कि वह मुंबई से आई है। फिर बताया कि चंदौली जिले से आई है।

थानाध्यक्ष त्रिवेणी लाल सेन ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की निवासी है। एक लड़के से प्रेम करती है। उसके घर के लोग लड़के से मिलने से मना कर रहे हैं। इसलिए गर्म प्रेस से उसने अपना हाथ जला दिया। थानाध्यक्ष ने युवती के परिजनों को इसकी सूचना दी। इसके बाद युवती को उसके पिता और दादा के साथ घर भेज दिया।

थानाध्यक्ष त्रिवेणी लाल सेन ने बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती घर से नाराज होकर कछवां थाना क्षेत्र के एक गांव पहुंच गई थी। उसके पिता ने बताया कि घर में मोबाइल फोन पर बात करने से मना करने पर नाराज हो गई और घर में रखे प्रेस से अपना हाथ जला लिया। युवती को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

# डायल 112 कार्यालय में तैनात सिपाही ऑनलाइन गेमिंग में 15 लाख रुपये हारा

* साथियों से 500-500 का सहयोग देने की बात करने लगा। और सहयोग न मिलने पर आत्महत्या की धमकी दी।

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

डायल 112 कार्यालय में तैनात सिपाही का सोशल मीडिया पर एक मिनट 18 सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें उसने ऑनलाइन गेमिंग में 15 लाख रुपये हर जाने की बात कही है। रुपयों की भरपाई न होने पर आत्महत्या करने की बात कह रहा है। सिपाही ने एसपी से सभी कर्मचारियों से पांच-पांच सौ रुपये का सहयोग कराने की बात कही है। पुलिस अधिकारी उसकी काउंसलिंग कर रहे हैं और परिजनों को भी बुलवाया है।

कानपुर देहात जिले के फरीदपुर गांव निवासी सूर्यप्रकाश आरक्षी के पद पर तैनात हैं। नौकरी मिलने के बाद और रुपये कमाने के चक्कर में ऑनलाइन गेम के जाल में फंस गया और धीरे-धीरे 15 लाख रुपये हार गया। चर्चा है कि करीब सात लाख रुपये का लोन और बाकी साथी कर्मियों, परिजनों और पुलिस अधिकारियों को अपनी समस्याएं बताकर ले ली। उधारी चुकाने का दबाव बढ़ने पर उसने यह वीडियो वायरल किया है। जन एक्सप्रेस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

सिपाही का यह पहला वीडियो नहीं है, पहले भी उसने एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था और आत्महत्या का प्रयास भी किया था। लेकिन वह बच गया था।

सिपाही कहीं दोबारा ऐसा कदम न उठा ले इसलिए पुलिस अधिकारी परेशान हैं।

### चार दिन पहले एक सिपाही कर चुका है आत्महत्या

पुलिस लाइन में तैनात सिपाही प्रदीप राठी (34) का शव 21 सितंबर को कमरे में फंदे से लटका मिला था। वह पुलिस लाइन के जीडी कार्यालय में तैनात था। पुलिस सूत्रों के अनुसार तलाशी में उसके पास भी बड़ी संख्या में क्रेडिट कार्ड मिले थे। पुलिस को अंदेशा है कि उसने भी ऑनलाइन गेम के चक्कर में कर्ज में डूबकर खुदकुशी की हो।




### तीन दिन की छुट्टी पर गया था 18 दिन से गैर हाजिर

डायल 112 के प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि सूर्य प्रकाश तीन से छह सितंबर तक की छुट्टी लेकर गया था। सात सितंबर को उसे ज्वाइन करना था। लेकिन वह बिना सूचना ही गैर हाजिर हो गया। 24 सितंबर को वह वापस आया है लेकिन अभी भी कार्यालय में अपनी आमद दर्ज नहीं कराई है।

### सर, मैंने बैंक से लोन लेकर गेमिंग में पैसा लगाया...

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वह कह रहा है कि जय हिंद सर मैं कांस्टेबल सूर्य प्रकाश यूपी 112 उन्नाव कार्यालय में तैनात हूं। सर मैं पिछले कुछ दिनों से अधिक परेशान हूं। सर मैंने बैंक से लोन लेकर इधर उधर के लोगो से उधार लेकर ऑनलाइन गेमिंग में बहुत सारा पैसा लगाय था जो हार गया हूं। मेरी मानसिक स्थिति बहुत ही खराब हो गई है। सर मुझे समझ नहीं आ रहा है क्या करुं। मैंने आत्महत्या की कई कोशिश की। लेकिन लोगों ने बचा लिया। अब जिनसे रुपये लिए थे वह फिर परेशान कर रहे हैं। मेरी आखिरी उम्मीद आप हैं। सर मैं आपसे निवेदन करता हूं कि अगर आप प्रत्येक कर्मचारी से 500-500 रुपये का सहयोग दिला देंगे तो शायद मैं आत्महत्या न करूं और लोगों से हुआ लिया हुआ कर्ज भरकर सामान्य जिंदगी जी सकूं। नहीं तो प्रार्थी आत्महत्या कर लेगा। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी दीपक भूकर ने मामले का संज्ञान में लेकर समझाने का प्रयास किया है ओर परिजनों को भी घटना की जानकारी से अवगत कराया है।

## अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए कार्य कर रही डबल इंजन सरकार : असीम



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता स्व. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर ठठिया के दुर्गा देवी मंदिर में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की अध्यक्षता में वृहद सदस्यता अभियान का आयोजन हुआ। इस मौके पर नागरिकों ने बीजेपी की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की। मंत्री असीम अरुण ने तिर्वा कस्बे में स्व. दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। देश की प्रगति में हर व्यक्ति बने सहभागी कार्यक्रम में मंत्री असीम अरुण ने कहा कि स्व. दीनदयाल जी का संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच सुनिश्चित करने तथा वंचितों, गरीबों व पिछड़ों के उत्थान हेतु समर्पित रहा। उन्होंने हर व्यक्ति को देश की प्रगति में सहभागी बनाने का मार्ग दिखाया। इस मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, आर्यन कटियार, श्याम स्वरूप चतुर्वेदी, राजन अवस्थी, विवेक पाठक सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग की अवैध धन उगाही पर भड़की सपा

* दिया डीएम को ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



बिजली विभाग की करतूतों के खिलाफ गुरुवार को समाजवादी पार्टी ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। विभाग के अधिकारियों द्वारा कराई जाने वाली अवैध धन उगाही पर अंकुश लगाने की मांग करते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपा।

बिजली चेकिंग, बकाया बिल भुगतान और बिल की गड़बड़ी सुधारवाने के नाम पर विभाग के अधिकारियों पर अवैध वसूली के आरोप लगाते हुए सपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं का हुजूम कलेक्ट्रेट पहुंचा। यहां जिलाध्यक्ष कलीम खां की अगुवाई में नारेबाजी करते हुए डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल से मुलाकात की। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि यहां बिजली विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। लाइनमैन से लेकर मीटर रीडिंग के काम में प्राइवेट कर्मचारी रखे गए। जोकि पहले उपभोक्ताओं को बिजली चोरी का आइडिया देते हैं। फिर उनको कार्रवाई का खौफ दिखाकर अवैध वसूली करते हैं। पैसे न देने पर घरों में घुसकर अभद्रता करते हैं।

इसके अलावा यही निजी कर्मचारी बिजली बिल में जानबूझकर गड़बड़िया करते हैं। जिन्हें सुधारवाने के लिए उपभोक्ता बिजली दफ्तर के चक्कर काट कर परेशान होते हैं। मजबूरी में उन्हें विभाग के दलालों से सम्पर्क करना पड़ता है। उपभोक्ताओं से यही दलाल अवैध वसूली करते हैं। इस तरह की वसूली पर रोक लगाने की मांग की। यहां सपा नेता जयकुमार तिवारी, पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, अरविंद यादव, पीपी सिंह बघेल, हसीब हसन, यश दोहरे समेत कई लोग मौजूद रहे।

सपा नेताओं ने डीएम से मांग की कि बिजली उपभोक्ताओं से बकाया बिलों का भुगतान वित्तीय वर्ष के लास्ट में कराया जाए। दिसम्बर, जनवरी, फरवरी और मार्च महीनों में आलू और मक्का की उपज होती है। फसल की बिक्री करने के बाद किसान बिल भुगतान आसानी से कर सकता है। लिहाजा बकाया भुगतान के नाम पर बिजली उपभोक्ताओं को परेशान न किया जाए। सपाइयों ने मांग करते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों में बकाया बिल भुगतान के लिए वित्तीय वर्ष के अंतिम महीनों में छूट दी जाती थी। जिससे किसानों को भुगतान करने में सुविधा होती थी। लेकिन भाजपा सरकार में छूट जैसी योजनाओं का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा है।

## घर के बाहर भरे बाढ़ के पानी में डूबने से बालक की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बांगरमऊ। भुड्डा गांव में घर के बाहर भरे बाढ़ के पानी में छह साल का बालक डूब गया। परिजन उसे सीएचसी लाए, यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। गंगा नदी में आई बाढ़ से बांगरमऊ तहसील के भुड्डा गांव में अंदर तक पानी भरा है। गांव निवासी संदीप के घर के चारों ओर बाढ़ का पानी भरा है। बुधवार सुबह उसका बेटा साहिल (6) घर में खेलते-खेलते बाहर पहुंच गया। इसी दौरान चबूतरे से पानी भरे गड्ढे में गिर गया। परिजनों की नजर पड़ी तो वह बेहोश मिला।

उसे तत्काल बांगरमऊ सीएचसी लेकर पहुंचे यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत से मां रोली और अन्य परिजन बेहाल हैं। प्रभारी कोतवाल नईम खान ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया गया है, रिपोर्ट नहीं आई है।

## अजगर ने नीलगाय के बच्चे को बनाया निशाना

* ग्रमीणों ने पकड़ा, वन विभाग की टीम ने जंगल मे छोड़ा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिले के एक गांव में भारी-भरकम अजगर देखा गया। ये अजगर झाड़ियों के बीच नीलगाय के बच्चे को निवाला बना रहा था। ग्रामीणों ने जब तक उसे बचाने का प्रयास किया, तब तक नीलगाय के बच्चे की मौत हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने अजगर होने की सूचना वन विभाग को दी।

### अजगर के चंगुल से छुड़ाया गया

मामला ठठिया थाना क्षेत्र के सिसैयनपुरवा गांव का है। जहां गुरुवार दोपहर जानवर चरा रहे गांव वालों को झाड़ियों में से कुछ आवाज सुनाई दी। पास जाकर देखा तो वहां विशाल आकार का एक अजगर दिखाई दिया। जोकि नीलगाय के बच्चे को जकड़ कर निवाला बना रहा था। नीलगाय के बच्चे का आधा शरीर उसने निगल लिया था। ऐसे में ग्रामीण ने शोर मचाया, तो वहां भीड़ लग गई। गांव वालों ने अजगर के चंगुल से नीलगाय के बच्चे को बच्चे को बचाने का प्रयास किया। किसी तरह उसे अजगर के चंगुल से छुड़ाया गया। लेकिन तब तक नीलगाय के बच्चे की मौत हो गई। ग्रामीणों ने अजगर को पकड़ लिया। मामले की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दे दी। गांव वालों का कहना है कि अजगर को यदि दूर किसी जंगल में न पहुंचाया गया, तो यहां वह पालतू जानवरों और बच्चों को निवाला बनाने का प्रयास करेगा। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अजगर को पकड़कर दूर ले जाकर जंगल में छोड़ दिया।



## अनुज प्रताप सिंह एनकाउंटर की होगी मजिस्ट्रेटी जांच

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सुल्तानपुर सराफा कांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह के एनकाउंटर की मजिस्ट्रेटी जांच होगी। डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट को जांच अधिकारी बनाया है। सिटी मजिस्ट्रेट ने एनकाउंटर से जुड़ी किसी भी प्रकार की सूचना देने की आम जनमानस से अपील की है। मालूम हो कि सुल्तानपुर जिले के ठठेरी बाजार में सराफा कारोबारी भरत सोनी की दुकान में 28 अगस्त 2024 को पांच नकाबपोश बदमाशों ने डाका डाला था। लखनऊ एसटीएफ घटना की जांच कर रही है। डकैती में अमेठी जिले के थाना मोहनगंज के गांव जनापुर निवासी अनुज प्रताप सिंह (25) पुत्र धर्मराज भी शामिल था। अपने हिस्से में आए लूटे गए जेवर बेचने के लिए अनुज प्रताप तीन-चार दिन से अपने एक परिचित की मदद से अचलगंज कटरी क्षेत्र में शरण लिए था। मददगार के माध्यम से शुक्लागंज के एक व्यापारी को चांदी के जेवर बेचने की फिराक में था। बात न बनने पर उसने सोमवार को रायबरेली जाने का प्लान बनाया था। मुखबिर से इसका इनपुट मिलने के बाद एसटीएफ ने उसका एनकाउंटर कर दिया था। एनकाउंटर शुरू से ही सवालों के घेरे में रहा था। इसको देखते हुए डीएम गौरांग राठी ने अनुज प्रताप सिंह एनकाउंटर की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दे दिए। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज को जांच सौंपी है। डीएम गौरांग राठी ने बताया कि मजिस्ट्रेटी जांच पूरी होने में करीब 15 दिन का समय लग सकता है।

## ट्रैक्टर पर स्टंट दिखाने वाले पकड़े गए, ट्रैक्टर सीज

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

ट्रैक्टरों से खतरनाक स्टंट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई की है। ट्रैक्टर छुड़ाने के लिए उनके मालिकों को भारी जुर्माना भरना होगा। मामला एक दिन पहले का है, जब मानीमऊ चौकी क्षेत्र में ट्रैक्टर स्टंट देखने के लिए भीड़ जुटी थी। सदर कोतवाली की मानीमऊ चौकी क्षेत्र पहलवानगंज में ट्रैक्टर स्टंट का क्षेत्र में प्रचार किया गया। 1 दिन पहले यहां स्टंट देखने के लिए भीड़ जुटी। स्टंट के दौरान मानीमऊ चौकी पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखते ही स्टंट करने वाले युवक भाग खड़े हुए। हालांकि मानीमऊ चौकी इंचार्ज शेखर सैनी ने पुलिस कर्मियों की मदद से उन्हें दबोच लिया। ट्रैक्टर समेत उनको चौकी पर ले गए।

### पुलिस ने ट्रैक्टर को किया सीज

जहां पूछताछ के बाद ट्रैक्टरों को पुलिस ने सीज कर दिया। चौकी इंचार्ज शेखर सैनी ने बताया कि जिन लोगों को स्टंट करते पकड़ा गया, कानपुर नगर जिले के ककवन थाना क्षेत्र के एमा निवासी अमन, हरदोई जिले के मल्लावां थाना क्षेत्र के पूरनमऊ निवासी सूर्य प्रताप और मल्लावां थाना क्षेत्र के ही बेरिया नजीरपुर निवासी ओम प्रकाश के नाम शामिल हैं।

### स्टंट करने वालों पर नहीं हुई कार्रवाई

जिले के मानीमऊ क्षेत्र में जानलेवा स्टंट करने उनमें वाले युवकों पर पुलिस में कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले को लेकर जब मानीमऊ चौकी इंचार्ज शेखर सैनी से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर सीज किए गए हैं। जिनको भारी जुर्माना भरकर कोर्ट से छुड़ाया जा सकता है। युवकों पर कार्रवाई को लेकर सवाल किया तो उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर को सीज करने की धाराओं में ही युवकों पर कार्रवाई हुई है।

### यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर डालते थे वीडियो

बताया गया कि इनके पास 2 अलग-अलग कम्पनियों के ट्रैक्टर हैं, ये लोग स्टंट के माध्यम से ट्रैक्टरों की ताकत का प्रदर्शन करते हैं। जिसके वीडियो बनाकर यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर अपलोड कर के पैसे कमाते हैं। पुलिस का कहना है कि इस तरह के खतरनाक स्टंट से किसी की जान भी जा सकती है। पहले भी स्टंट के दौरान लोग जान गवां चुके हैं। वाहनों से किसी भी तरह के स्टंट खतरनाक साबित हो सकते हैं।

## 56.22 करोड़ से बनेंगे पांच नए स्पोर्ट्स स्टेडियम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभागियों को आगे लाने के लिए युवा कल्याण विभाग ने पहल की है। इसके लिए नए निर्माण के साथ पुराने बने खेलकूद मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित करने की कवायद के तहत 70.39 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर भेजा है। इसमें चार ग्राम पंचायतों में 56.22 करोड़ रुपये से नये स्टेडियम बनेंगे। शहर में पं. दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम के अलावा जिले में अन्य कहीं भी इस प्रकार का बड़ा खेल मैदान नहीं है। मजबूरी में ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अभ्यास करने के लिए शहर की दौड़ लगानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ मिनी स्टेडियम व खेलकूद मैदान बने हैं लेकिन वह खिलाड़ियों के लिए अपर्याप्त हैं। वहां पर जरूरत के अनुसार उपकरण व अन्य व्यवस्थाएं नहीं हैं। इसको देखते हुए गांव स्तर पर स्टेडियम निर्माण कराने की तैयारी शुरू की गई है। युवा कल्याण विभाग ने इसकी पहल करते हुए छह ब्लाकों की बड़ी पंचायतों में स्टेडियम बनवाने का प्रयास शुरू किया है। इसमें चार ग्राम पंचायतों में नया स्टेडियम बनवाया जाएगा। वहीं दो में पूर्व में बने स्टेडियम को विस्तारीकरण में शामिल करके नया स्वरूप दिया जाएगा। जिला युवा कल्याण अधिकारी शिवराम सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े स्टेडियम की जरूरत है। अभी व्यवस्था न होने से गांव की प्रतिभाएं आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। इसको देखते हुए शासन को चार नए और दो को विस्तार देने का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। उम्मीद है कि जल्द बजट मिल जाएगा। इसके बाद निर्माण शुरू कराया जाएगा।

### यह होंगी व्यवस्थाएं

पिच, रनिंग ट्रैक, बॉस्केटबॉल, वॉलीबॉल, टेनिस बॉल, जिम कक्ष सहित सभी उपकरण।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2024

आगामी त्यौहारों के सीजन में रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्वघोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन भी निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगा :-

**09603/09604 उदयपुर सिटी-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-उदयपुर सिटी विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 14 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09603 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09604 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 01:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | -- |
| 05:50 | – | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | -- | 10:50 |

चलने की तिथिः 09603 उदयपुर सिटी से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 02.10.2024 से 13.11.2024 तक और 09604 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 03.10.2024 से 14.11.2024 तक।
स्थान : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, 3 टियर वाता इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : राणा प्रताप नगर, मावली, चन्देरिया, भीलवाड़ा, मांडल, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, सीकर, नवलगढ़, झुंझुनू, चिड़ावा, सूरजगढ़, लोहारू, सादुलपुर, सिवानी, हिसार, धूरी, लुधियाना, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन।

**04062/04061 आनन्द विहार ट. - बरौनी - आनन्द विहार ट. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 14 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04062 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04061 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 09:00 | आनन्द विहार ट. | 10:10 | -- |
| 06:30 | – | बरौनी | -- | 08:00 |

चलने की तिथिः 04062 आनन्द विहार ट. से प्रत्येक रविवार को दिनांक 06.10.2024 से 17.11.2024 तक और 04061 बरौनी से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 07.10.2024 से 18.11.2024 तक।
स्थान : 3 टियर वाता।
ठहराव : अलीगढ, टुंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर, गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा और हाजीपुर स्टेशन।

**02246/02245 हजरत निजामुद्दीन - पटना जं. - हजरत निजामुद्दीन विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह मे दो दिन) — 32 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 02246 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02245 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:55 | हजरत निजामुद्दीन | 10:50 | -- |
| 16:40 | – | पटना जं. | -- | 18:05 |

चलने की तिथिः 02246 हजरत निजामुद्दीन से प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को दिनांक 07.10.2024 से 27.11.2024 तक और 02245 पटना जं. से प्रत्येक मंगलवार एवं गुरूवार को दिनांक 08.10.2024 से 28.11.2024 तक।
स्थान : प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता।
ठहराव : गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन।

**04526/04525 सरहिंद - सहरसा - अंबाला कैंट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 14 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04526 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04525 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 11:25 | सरहिंद | -- | – |
| 12:15 | 12:20 | अंबाला कैंट | 22:20 | -- |
| 17:00 | – | सहरसा | -- | 19:15 |

चलने की तिथिः 04526 सरहिंद से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 07.10.2024 से 18.11.2024 तक और 04525 सहरसा से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 08.10.2024 से 19.11.2024 तक।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : राजपुरा, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।

**04224/04223 लखनऊ - टाटानगर - लखनऊ विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04224 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04223 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 15:10 | लखनऊ | 04:55 | -- |
| 08:50 | – | टाटानगर | -- | 11:00 |

चलने की तिथिः 04224 लखनऊ से दिनांक 16.10.2024 (बुधवार) को और 04223 टाटानगर से दिनांक 17.10.2024 (गुरूवार) को।
स्थान : शयनयान।
ठहराव : रायबरेली, अमेठी, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, गया और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गोमो स्टेशन।

**04226/04225 लखनऊ - टाटानगर - लखनऊ विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04226 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04225 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 15:40 | लखनऊ | 04:55 | -- |
| 09:10 | – | टाटानगर | -- | 11:00 |

चलने की तिथिः 04226 लखनऊ से दिनांक 20.10.2024 (रविवार) को और 04225 टाटानगर से दिनांक 21.10.2024 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान।
ठहराव : रायबरेली, अमेठी, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, गया और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गोमो स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे — सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## मिलावटी शराब बनाने व बेचने वाले दो को 10-10 साल की कैद

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



मिलावटी शराब बनाने और बेचने के नौ साल पुराने मामले में न्यायालय ने दो दोषियों को न्यायालय ने दस-दस साल कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 30-30 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ख्वाजगीपुर करोवन निवासी जगतपाल सिंह ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर को 23 अगस्त 2015 को शिकायतीपत्र देकर बताया था कि उसके बड़े भाई कृष्णपाल सिंह (60) ने गांव के राजेंद्र से कच्ची शराब लेकर पी थी। बीमार होने पर जिला अस्पताल से कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया जहां, इलाज दौरान मौत हो गई थी। उन्होंने जहरीली शराब को बड़े भाई की मौत की वजह बताई थी। आरोप लगाया था कि राजेंद्र, गंगाघाट कोतवाली के गांव बनी कंजौरा निवासी पूती से यह शराब खरीदकर बेचता था। पुलिस ने शिकायतीपत्र पर राजेंद्र और पूती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया था।

मुकदमे की विवेचना तत्कालीन एसएसआई श्याम नारायण ने की और छह जुलाई 2016 को दोनों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। लंबे समय से मुकदमा जिला एवं अपर सत्र न्यायालय की कोर्ट नंबर प्रथम में विचाराधीन था। बुधवार को मुकदमे की सुनवाई पूरी हुई। दोनों के जहरीली व मिलावटी शराब बेचने का दोष साबित होने पर न्यायाधीश मो. असलम सिद्दकी ने आरोपी राजेंद्र और पूती सजा सुनाई।

# ईंट भट्ठा ठेकेदार के घर से दस लाख नकदी समेत जेवरात चोरी

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



हमीरपुर जिले में ईंट भट्ठा ठेकेदार के घर से दस लाख नकदी समेत जेवरात चोरों ने पार कर दिए। वहीं घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की दिशा मोड़ दी थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जरिया थाना क्षेत्र के कछ्वाकलां गांव निवासी भूपेंद्र राजपूत ने बताया कि वह ईट भट्ठों में मजदूरों को भेजने की ठेकेदारी का काम करते हैं। बताया कि मंगलवार को ईंट भट्ठा मालिक आए थे। जो मजदूरों को पेशगी के रूप में रुपए बांटने के लिए 10 लख रुपए की नकदी दे गए थे। बताया कि गुरुवार रात वह अपनी पत्नी के साथ दूसरे मकान में सोने चले गए थे तभी रात में चोर घर में घुसे और अलमारी का ताला खोलकर उसमें रखे 10 लाख रुपए, सोने की जंजीर, अंगूठी, झुमकी चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह जागने पर जब घर पहुंचे तो अलमारी खुली हुई तथा समान बिखरा देख गृह मलिक के होश उड़ गए। चोरों ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे को डंडे से ऊपर की ओर कर दिया इसके बाद मकान में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची जरिया पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। जरिया इंस्पेक्टर भरत कुमार ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।



## सियार के हमले से छह लोग घायल

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

महोबा। कस्बा बेलाताल और खिरियाकलां गांव में सियार ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। छह लोग घायल हो गए। घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। गांव में टीम ने डेरा जमाया है। इस बीच ग्रामीण रात भर लाठी-डंडे लेकर गश्त करते रहे। कस्बा बेलाताल के मोहल्ला घुसियाना निवासी किसान केसरदास (65) व मूलचंद्र (60) बुधवार की शाम खेत पर थे। ग्रामीणों के अनुसार दोनों पर सियार ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। आसपास मौजूद अन्य किसानों ने सियार को खदेड़ा तो जंगल की ओर भाग गया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में भर्ती कराया। इसी तरह थाना अजनर के खिरियाकलां गांव में भी सियार ने दरवाजे पर खड़ी महिला लाड़कुंवर पर हमला बोलने के बाद जंगली जानवर घर में घुस गया।

# श्रीनगर की डल झील अब नीरस नहीं रही : उपराष्ट्रपति धनखड़

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के बीच कहा कि जब वे 1990 में श्रीनगर के दौरे पर गए थे, तब डल झील बेहद ही नीरस थी, लेकिन अब वो पर्यटकों से भरी हुई है। उन्होंने इस दौरान यह भी कहा कि अनुच्छेद 370 अब इस क्षेत्र पर लागू नहीं है।

### वहां निराशा और हताशा की स्थिति थी: धनखड़

नई दिल्ली में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के 83वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने 1990 में केंद्रीय मंत्री के रूप में श्रीनगर की अपनी यात्रा को याद किया, जब वे डल झील के पास एक होटल में रुके थे। उपराष्ट्रपति ने कहा, कश्मीर में सब कुछ नीरस था। इस दौरान सड़क पर 20 लोग भी नहीं दिख रहे थे।

### 1990 के दशक को उपराष्ट्रपति ने किया याद

उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि 1990 का दशक ऐसा दौर था जब भारत को अपनी वित्तीय साख बनाए रखने के लिए स्विस बैंकों में अपना सोना गिरवी रखना पड़ा था क्योंकि विदेशी मुद्रा भंडार 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक गिर गया था और विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी वित्तीय संस्थाओं ने सलाह के रूप में भारत को निर्देश जारी किए थे। उन्होंने कहा कि 1990 का दशक सत्ता के गलियारों में बिचौलियों का युग था, भ्रष्टाचार व्याप्त था और केवल वंशावली वाले व्यक्ति ही अवसरों तक पहुंच सकते थे। उन्होंने कहा, अब, सत्ता के गलियारे पूरी तरह से साफ हो गए हैं। बिचौलिए गायब हो गए हैं, सभी लेन-देन डिजिटल रूप से होते हैं, बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के, यह वह बदलाव है जिसकी मैंने कभी कल्पना नहीं की थी।

### मेरे सपनों से परे है जम्मू-कश्मीर की स्थिति: धनखड़

उन्होंने कहा कि राज्यसभा को पिछले साल बताया गया था कि दो करोड़ पर्यटक जम्मू-कश्मीर आए थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वर्तमान स्थिति की तुलना 1990 के दशक से करते हुए कहा, आज देश के राज्य की स्थिति मेरे सपनों से परे है। मैंने कभी इसकी कल्पना नहीं की थी, मैंने आज के भारत की कल्पना नहीं की थी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ठोस नतीजों पर ध्यान केंद्रित करें,पारिस्थितिकी तंत्र ऐसा होना चाहिए जहां वैज्ञानिक अपनी क्षमता का पूरा उपयोग कर सकें। अनुसंधान और विकास में योगदान दिखावटी नहीं, बल्कि सार्थक होना चाहिए, शोध सॉफ्ट डिप्लोमेसी और सुरक्षा का अभिन्न अंग है।

# सिद्धारमैया सरकार का बड़ा फैसला, कर्नाटक में सीबीआई को जांच के लिए दी गई सहमति वापस ली



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य की कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक में सीबीआई को जांच के लिए दी गई सहमति वापस ले ली है। राज्य कानून मंत्री एचके पाटिल ने इसकी जानकारी दी। अब केंद्रीय जांच एजेंसी बिना राज्य सरकार की अनुमति के कर्नाटक में प्रवेश नहीं कर सकेगी। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने कहा कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 के तहत कर्नाटक राज्य में आपराधिक मामलों की जांच के लिए सीबीआई को सामान्य सहमति देने वाली अधिसूचना वापस ले ली गई है। ऐसा इसलिए किया गया है, क्योंकि यह स्पष्ट है कि सीबीआई या केंद्र सरकार अपने साधनों का उपयोग करते समय उनका विवेकपूर्ण उपयोग नहीं कर रही है। इसलिए मामले-दर-मामले हम सत्यापन करेंगे और सीबीआई जांच के लिए सहमति देंगे। सामान्य सहमति वापस ले ली गई है। एचके पाटिल ने कहा, हम सीबीआई को जांच के लिए दी गई सहमति वापस ले रहे हैं। हम राज्य में सीबीआई के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। हमने सभी मामलों में सीबीआई का हवाला दिया है। उन्होंने आरोप पत्र दाखिल नहीं किया। कई मामले लंबित पड़े हैं। उन्होंने हमारे द्वारा भेजे गए कई मामलों की जांच करने से भी इनकार कर दिया। ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं। वे पक्षपाती हैं, इसलिए हमने यह फैसला लिया। हमने मुडा घोटाले के कारण यह फैसला नहीं लिया। हमने यह फैसला केवल उन्हें गलत रास्ता अपनाने से बचाने के लिए है। पाटिल ने कहा कि जो मामले राज्य सरकार ने सीबीआई को दिए थे या फिर एजेंसी ने अपने हाथ में लिए थे, उनमें से कई में आरोपपत्र दाखिल नहीं किए गए। उन्होंने आरोप-पत्र दायर करने से इनकार कर दिया, उन्होंने कई खनन मामलों की जांच करने से इनकार कर दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार ने ऐसा भाजपा द्वारा कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम कोष में हेराफेरी मामले की सीबीआई जांच की मांग को ध्यान में रखते हुए किया है, मंत्री ने कहा कि इसका इससे कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि मामला अदालत में है।

### प्रावधान में क्या-क्या?

इस प्रावधान के तहत, डीएसपीई का एक सदस्य यानी सीबीआई संबंधित राज्य सरकार की सहमति के बिना उस राज्य में अपनी शक्तियों और अधिकार क्षेत्र का प्रयोग नहीं कर सकती है।

### विपक्ष लगाता रहा है आरोप

दरअसल, कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल केंद्रीय जांच एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाते रहे हैं। ईडी, सीबीआई या आयकर विभाग सभी पर विपक्षी दलों ने सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि केंद्र की सत्तारूढ़ भाजपा नीत गठबंधन सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उनका दावा है कि इन एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी दलों और उनके नेताओं को फंसाने या परेशान करने के लिए किया जा रहा है।

### इन राज्यों ने ली सहमति वापस

कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि पंजाब, झारखंड, केरल, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मिजोरम, तेलंगाना, मेघालय और तमिलनाडु ने सामान्य सहमति वापस ले ली है।

# नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुल जिलों में सशस्त्र बल अधिनियम बढ़ाया



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

नगालैंड के आठ जिलों, अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों और कई अन्य क्षेत्रों में अतिरिक्त छह महीने के लिए सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, जो सुरक्षा अभियानों की आसानी के लिए क्षेत्रों को अशांत के रूप में चिह्नित करने की अनुमति देता है, को बढ़ा दिया गया है। यह फैसला पूर्वोत्तर के दोनों राज्यों में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद लिया गया है।

### बुधवार की रात गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि केंद्र सरकार ने सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (1958 का 28) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 1 अप्रैल, 2024 से छह महीने की अवधि के लिए नगालैंड के आठ जिलों और पांच अन्य जिलों के 21 पुलिस थानों को %अशांत क्षेत्र% घोषित किया है। बुधवार रात केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से जारी एक अधिसूचना में घोषणा की गई कि केंद्र सरकार ने सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 की धारा 3 के तहत इन क्षेत्रों को अशांत क्षेत्र घोषित किया है। गृह मंत्रालय ने कहा कि नगालैंड में कानून और व्यवस्था की स्थिति की एक और समीक्षा की गई है। बुधवार रात जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जिलों और पुलिस थाना क्षेत्रों को सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 की धारा 3 के तहत 1 अक्टूबर, 2024 से छह महीने की अवधि के लिए फिर से अशांत क्षेत्र घोषित किया गया है, जब तक कि इसे पहले वापस नहीं लिया जाता।

### नगालैंड के इन जिलों में अफस्पा लागू

नगालैंड के जिन जिलों में अफस्पा को फिर से लागू किया गया है, उसमें दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिर, नोकलाक, फेक और पेरेन शामिल हैं। वहीं कोहिमा जिले के खुजामा, कोहिमा उत्तर, कोहिमा दक्षिण, जुबजा और केज़ोचा पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्र; मोकोकचुंग जिले के मंगकोलेम्बा, मोकोकचुंग-ढ्ढ, लोंगथो, तुली, लोंगचेम और अनाकी सी पुलिस स्टेशन और लोंगलेंग जिले के यांगलोक पुलिस स्टेशन को भी अफस्पा के तहत अशांत घोषित किया गया है। इसके अलावा, वोखा जिले के भंडारी, चंपांग और रलान पुलिस स्टेशन; और नागालैंड के जुन्हेबोटो जिले के घाटशी, पुघोबोटो, साटाखा, सुरुहुतो, जुन्हेबोटो और अघुनाटो पुलिस स्टेशन भी अफस्पा के तहत अशांत घोषित किए गए हैं।

### अरुणाचल प्रदेश के इन जिलों में लागू रहेंगे नियम

एक अलग अधिसूचना में, गृह मंत्रालय ने कहा कि अफस्पा के तहत, केंद्र सरकार ने अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों और असम की सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश के नामसाई जिले के नामसाई, महादेवपुर और चौखाम पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को 1 अप्रैल, 2024 से अशांत क्षेत्र घोषित किया है। इसमें कहा गया है कि अरुणाचल प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति की आगे की समीक्षा की गई है।

### 70 प्रतिशत क्षेत्रों में अफस्पा हटा दिया गया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले कहा था कि पूर्वोत्तर राज्यों के 70 प्रतिशत क्षेत्रों में अफस्पा हटा दिया गया है, भले ही यह जम्मू और कश्मीर में लागू है। उन्होंने यह भी कहा था कि केंद्र सरकार जम्मू और कश्मीर में अफस्पा को हटाने पर विचार करेगी। अफस्पा सुरक्षा बलों को बिना वारंट के किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने और बिना वारंट के परिसर में प्रवेश करने या तलाशी लेने के साथ-साथ कुछ अन्य कार्रवाइयों का अधिकार देता है।

# अरुणाचल में बच्चों के यौन उत्पीड़न के लिए शख्स को मौत की सजा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अरुणाचल प्रदेश के युपिया में एक विशेष पॉक्सो अदालत ने 15 लड़कियों समेत 21 बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोप में मौत की सजा सुनाई है। इस मामले में शामिल अन्य दो लोगों को 20 साल की कठोर कारावास की सजा दी गई। मुख्य आरोपी की पहचान युमकेन बागरा के तौर पर की गई है। वह शि-योमी जिले में कारो सरकारी आवासीय विद्यालय में वॉर्डन था, जहां उसने छह से 15 साल की 15 लड़कियों समेत 21 बच्चों के साथ 2019 से 2022 तक यौन उत्पीड़न किया। इस अपराध में शामिल मार्बोम नगोमदिर स्कूल में शिक्षक और सिंगटुन योरपेन स्कूल का पूर्व हेडमास्टर था। भारतीय दंड संहिता की धारा 328 और 506 और पॉक्सो एक्ट की धारा 6, 10 और 12 के तहत बागरा को दोषी ठहराया गया है। यह मामला तब सामने आया जब दो बहनों ने पिछले साल दो नवंबर को अपने माता-पिता से इसकी शिकायत की थी। दो दिन बाद एफआईआर दर्ज कराई गई। बागरा फरार हो गया था, लेकिन पिछले साल नवंबर में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। कोलकाता में बच्ची से दुष्कर्म के मामले में व्यक्ति को मौत की सजा कोलकाता की एक अदालत ने सात वर्षीय लड़की से दुष्कर्म और हत्या मामाले में एक व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई। पिछले साल 26 मार्च को लड़की दक्षिण-पूर्व कोलकाता के तिलजला में अपने घर से लापता हो गई थी। पुलिस ने उसे ढूंढने के लिए जांच शुरू की और पास के एक फ्लैट से लड़की का शव बरामद किया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म का खुलासा होने के बाद पुलिस ने मकान में रहने वाले किराएदार को गिरफ्तार किया। लड़की के शरीर पर धारदार हथियार से वार किया गया था और दुष्कर्म के बाद उसका गला घोंटा गया था।

### त्रिपुरा में लड़की से दुषंकर्म के मामले में शख्स को 20 साल की सजा

उत्तरी त्रिपुरा जिले में एक विशेष पॉक्सो अदालत ने एक 70 वर्षीय व्यक्ति को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दरअसल, उस पर छह साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोप है। आरोपी पर 20,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। पिछले साल धर्मनगर में सकाइबारी क्षेत्र में आरोपी ने जंगल में लड़की का अपहरण करने के बाद उससे दुष्कर्म किया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया था।

# मानहानि केस में राउत बोले, चुनाव से पहले बनाया बलि का बकरा, बाढ़ के हालात पर भाजपा पर बरसे आदित्य



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मानहानि केस में दोषी ठहराए जाने के बाद संजय राउत ने खुद को महाराष्ट्र चुनाव से पहले बलि का बकरा बनाए जाने की बात कही है। उन्होंने इस केस को हाईकोर्ट में चुनौती देने के बात कही है। बता दें कि मुंबई की एक अदालत ने आज भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया की तरफ से संजय राउत के खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत में उनको 15 दिनों के साधारण कारावास की सजा सुनाई। हालांकि बाद में अदालत ने सजा को 30 दिनों के लिए निलंबित कर दिया और उन्हें जमानत दे दी।

### मैंने सिर्फ पूछा है क्या भ्रष्टाचार है: संजय राउत

वहीं मेधा सोमैया की शिकायत पर संजय राउत ने कहा, महाराष्ट्र में आसन्न विधानसभा चुनावों के कारण मुझे बलि का बकरा बनाया गया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि उन्होंने बताया था कि किरीट सोमैया से जुड़े संगठन युवक प्रतिष्ठान के माध्यम से मीरा भयंदर में कुछ काम हुआ था और इसमें अनियमितताएं थीं। संजय राउत ने दावा किया कि यहां तक कि शिवसेना विधायक प्रताप सरनाइक ने भी मामले की जांच की मांग की थी और राज्य विधानसभा में इस पर कुछ चर्चा भी हुई थी।

### संजय राउत ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

पत्रकारों से बात करते हुए संजय राउत ने पूछा कि भ्रष्टाचार और अन्य मुद्दों के खिलाफ आवाज उठाने वाले उनके जैसे लोगों को कैसे न्याय मिलेगा जब प्रधानमंत्री भारत के मुख्य न्यायाधीश के आवास पर मोदक खाने जाते हैं। संजय राउत इस महीने की शुरुआत में गणेश उत्सव के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ के आवास पर जाने का जिक्र कर रहे थे, जिसकी विपक्षी दलों ने आलोचना की थी।

# विरासत बचाने के लिए यात्रा कर रहे तेजस्वी यादव: उपेंद्र कुशवाहा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बिहार में सत्ताधारी एनडीए और विपक्षी महागठबंधन में यात्रा को लेकर जंग छिड़ गई है। दरअसल यह जंग राष्ट्रीय लोक मोर्चा के संस्थापक उपेंद्र कुशवाहा द्वारा बिहार यात्रा की शुरूआत किए जाने के बाद छिड़ी है। अब दोनों ही गठबंधन यात्रा को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप की झड़ी लगा रहे है। दोनों ही यात्रा को लेकर दो कुशवाहा नेताओं में ठन गई है। इसी कड़ी में बिहार यात्रा पर चल रहे राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने यात्रा के दूसरे दिन औरंगाबाद पहुंचने पर महागठबंधन के घटक राजद की आभार यात्रा पर बड़ा हमला बोला। इसके बाद लगे हाथ राजद संसदीय दल के नेता और औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा ने भी उनके वार पर भी पलटवार कर दिया।

### पारिवारिक विरासत बचाने की यात्रा तेजस्वी की आभार यात्रा



उपेंद्र कुशवाहा ने गुरुवार को यहां प्रेसवार्ता में कहा कि तेजस्वी यादव की आभार यात्रा पारिवारिक विरासत बचाने की यात्रा है। उनको जनता से नहीं जनता के वोट से मतलब है और वोट लेने के बाद सिर्फ अपने परिवार से मतलब है। उन्होने कहा कि नब्बे के दशक में जनता ने उन्हें बिहार का खजाना भरने के लिए राज्य की सत्ता दी थी। शुरूआती दिनों में लालू ने ठीक काम किया लेकिन बाद में लालू परिवार पर ध्यान देने लगे। राज्य का खजाना भरने के बजाय अपना खजाना भरने लगे। नतीजा जनता ने उन्हें बेदखल कर दिया और अब पूरा लालू परिवार अभी कोर्ट की यात्रा कर रहा है। कहा कि मगध-शाहाबाद के इलाके में लोकसभा चुनाव में विपरीत परिणाम आने पर भले ही राजद के लोग खुश हो रहे है।

### मगध-शाहाबाद में एनडीए ने एनडीए को हराया

कहा कि मगध-शाहाबाद में हुई एनडीए की हार से राजद को खुश होने की जरूरत नही है। उनको जनता ने नही जिताया है बल्कि एनडीए को एनडीए द्वारा हराए जाने से वें जीते है। उनकी खुशी विधानसभा चुनाव में काफूर होने जा रही है। कुशवाहा ने कहा कि अभी उनकी बिहार यात्रा चल रही है। दो से ढ़ाई माह की इस यात्रा के माध्यम से हमारी रणनीति एनडीए को मजबूत करने की है। एनडीए पूरी एकजुटता और मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव में उतरेगा। हम 2020 से बेहतर स्थिति में होंगे और 2025 में बिहार में फिर से एनडीए की ही सरकार बनेगी। हम इसी की तैयारी में लगे है।

### कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण, तिरुपति विवाद पर जताई चिंता

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता।** अमेरिका में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। न्यूयॉर्क के बाद इस बार कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई। इसके साथ ही मंदिर के बाहर लगे बोर्ड पर हिंदू विरोधी टिप्पणी भी लिखी गई। इस घटना पर कोलकाता इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्सियसनेस (इस्कॉन) के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की उम्मीद जताई। दुनियाभर में हिंदू मंदिरों पर हो रहे हमलों को देखते हुए राधारमण ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, केवल अमेरिका में ही नहीं, दुनियाभर में हिंदू मंदिरों पर हमले हो रहे हैं।

# सदन में बोले अरविंद केजरीवाल, मोदी भगवान नहीं आप को बदनाम करने की साजिश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली विधानसभा में दो दिवसीय सत्र की शुरुआत हो चुकी है। आज सदन की शुरुआत हंगामे के साथ हुई। अभय वर्मा, जितेंद्र महाजन, विजेंद्र गुप्ता, समेत सभी विपक्षी विधायकों को सदन से मार्शल आउट किया गया। नेता प्रतिपक्ष और सभी भाजपा विधायक विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। जिसके कुछ देर बाद भाजपा विधायक सदन में आए।

### सदन में केजरीवाल ने भाजपा और पीएम मोदी को घेरा

दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सदन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे और सिसोदिया को देखकर विपक्ष दुखी है। भाजपा वालों ने राजनीति का स्तर नीचे गिराया। मोदी ताकतवर हो सकते हैं लेकिन भगवान नहीं हो सकते। हमें बदनाम करने की साजिश की जा रही है। दिल्ली की जनता के मन में दो बात हैं। केजरीवाल ईमानदार है और दूसरा केजरीवाल जनता के लिए काम करता है। ये उन दोनों बातों को चोट करना चाहते हैं। ये लोग दिखाना चाहते हैं कि फर्जी केस करके हमें जेल में डाला गया। इन लोगों ने सभी को जेल में डाला। पांच नेताओं को जेल में डाला। हमारी पार्टी अब भी खड़ी है। मैं चैलेंज करता हूं कि अपनी पार्टी के दो लोगों को जेल में डाल तो फिर देखों तुम्हारी पार्टी कहां खड़ी है। सदन में आप विधायक अखिलेश त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली में सीवर जाम की समस्या के पीछे एलजी जिम्मेदार है। सिविल डिफेंस की नौकरी जाने के पीछे भी वहीं जिम्मेदार है। हमारे गृह मंत्री ने आग्रह किया कि इन सिविल डिफेंस के कर्मचारियों को होम गार्ड के तौर पर भर्ती कर दीजिए। लेकिन इन्होंने ऐसा काम नही किया। वहीं, भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि मार्शल को पक्का करने की योजना सरकार ने क्यों नहीं बनाई। मार्शल को भर्ती करते समय उनकी जांच क्यों नहीं की। पीछे कई वीडियो आए जो गलत व्यवहार को दिखाते थे। एलजी ने होम गार्ड की भर्ती के लिए वेकेंसी निकाली है। अगर सरकार उनके पक्ष में है तो प्रस्ताव लेकर आना चाहिए। आप विधायक मदन लाल ने कहा कि दिल्ली में सिविल डिफेंस कर्मी की भर्ती से पहले आधिकारियों ने उनकी जांच की थी। आज तक किसी भी सिविल डिफेंस कर्मी को लेकर कोई शिकायत नहीं मिली। भाजपा के विधायक उनपर सवाल उठा कर उनके चरित्र पर सवाल उठा रहे हैं।

### हमारी कई योजनाओं को बंद किया गया: केजरीवाल

दिल्ली विधानसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि इन्होंने हमारी कई योजनाएं बंद कर दी। दिल्ली की जनता को परेशान किया जा रहा है। भाजपा की दिल्ली ठप करने की कोशिश है। मेरे जेल जाने पर दिल्ली के सभी कामों को रोक दिया गया। केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली में भाजपा 27 साल से वनवास काट रही है। दिल्ली की जनता वोट नहीं कर रही है। जनता को परेशान किया जा रहा है। हमने स्वास्थ्य और स्कूल पर काम किया। आप भी काम करें। जनता देख रही है। वोटिंग वाले दिन जनता बटन दबाकर ताकत दिखाएगी।

### हम दो-ढाई करोड़ लोगों को मिलकर दिल्ली बनानी है: केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने सदन में कहा कि मैं जेल में गया तो सारे काम बंद करा दिए गए। दिल्ली की सड़कों का रिपेयरिंग का काम बंद किया गया। बस मार्शल भी हटा दिए। महिलाओं को सुरक्षा नहीं मिल रही है, बुजुर्गों की पेंशन बंद कर दी। तीर्थ यात्रा को बंद कर दिया गया। लेकिन अब केजरीवाल आ गया है। हम सारे काम कराएंगे। आप भी तीर्थ यात्रा करके आए और शांत रहें। मैं अंत में यही कहना चाहता हूं कि हमारी दिल्ली बहुत खुबसूरत है। हमारी दिल्ली वाले दिल वाले हैं। हम दो ढाई करोड़ लोगों को मिलकर दिल्ली बनानी है। कोई जाति नहीं कोई पार्टी नहीं। काम रोक सही नहीं है। चुनाव के वक्त चुनाव लड़ेंगे और उसके बाद मिलकर काम करेंगे।

### कोरोना काल में इन्हीं मार्शलों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा की

आप विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली के बस मार्शलों को अरविंद केजरीवाल ने डीटीसी बसों में माताओं-बहनों की सुरक्षा के लिए तैनात किया। उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया भी। इसके बाद, कोरोना काल में इन्हीं मार्शलों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा की। लेकिन साल 2023 में भाजपा के एलजी द्वारा पहले बस मार्शलों का वेतन रोका गया, और फिर एक झटके में उपराज्यपाल ने हजारों बस मार्शलों को नौकरी से निकाल दिया। नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के 10 हजार बस मार्शल की भर्ती के दौरान उनके सपने को तोड़ा गया। मैं प्रस्ताव पेश कर रहा हूं। जिन्हें लगाया गया था। उन सभी को फिर से वापस लाएगा जाए। मार्शल को पता लगना चाहिए की किस ने उन्हें हटाया है। हमारे पांच बार के विधायक ने एक महिला के दर्द को रखा तो आप उस पर राजनीति करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 11 अक्तूबर 2023 को पत्र लिखा कि सभी सिविल डिफेंस कर्मी की सेवा अक्टूबर के बाद से खत्म होगी। आप सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के 10 हजार मार्शल की हालत काफी खराब हैं। कुछ ने आत्महत्या करने की कोशिश की। बस में अक्सर देखा गया है की लड़कियों के साथ गलत व्यवहार होता है। इसी कारण इन्हें बस में मार्शल के तौर पर लगाया है। अधिकारियों ने इस योजना को बनाया। एलजी ने इस स्कीम में कमी तलाशने की जिम्मेदारी तय की गई। अधिकारी ने इनकी फाइल पर लिखा कि इनकी जरूरत नहीं है। इस पर मंत्री ने आपत्ति जाहिर की। बाद में इनका वेतन रोक दिया गया। जनवरी से वेतन नहीं मिला। फरवरी में इस पर सवाल उठाया और वेतन देने को कहा गया। केजरीवाल ने कहा कि इन्हें फिर से बहाल किया जाए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)